नई दिल्ली
शनिवार 11 जुलाई 2026
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष, द्वादशी वर्ष : 30, अंक : 83
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 37
न्यून. 29

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

## 26 जून को वायुसेना के दो सी-17 विमानों को भेजकर हुई थी अभियान की शुरुआत

## सफलतापूर्वक संपन्न हुआ वेनेजुएला में चलाया गया भारत का 'अमिस्ताद' अभियान



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पिछले महीने वेनेजुएला में आए विनाशकारी भूकंप के बाद तत्काल आधार पर सहायता प्रदान करने के लिए भारत द्वारा शुरू किया गया मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) अभियान 'अमिस्ताद' समाप्त हो गया है। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को इसकी आधिकारिक रूप से घोषणा करते हुए बताया कि वेनेजुएला से 10 जुलाई को भारतीय राहत दल के नई दिल्ली लौटने के बाद अमिस्ताद अभियान अब सफलता के साथ पूरी तरह से ▶▶ शेष पेज 5 पर

### मदद में प्रमुख रहा भारत का ये सिद्धांत

*भारत सरकार ने अमिस्ताद अभियान के दौरान भारतीय दल को दी गई सहायता और सहयोग के लिए वेनेजुएला की सरकार की सराहना की है। यह अभियान भारत और वेनेजुएला के बीच मौजूद मजबूत दोस्ती और सद्भावना का प्रतीक है। इसके अलावा यह नई दिल्ली द्वारा अपने तमाम भागीदार देशों को मुश्किल वक्त में हर संभव सहायता प्रदान करने को लेकर बनी हुई प्रतिबद्धता को भी प्रदर्शित करता है। जिसके पीछे भारत के वसुधैव कुटुंबकम (द वर्ल्ड इज वन फैमिली) की सोच और सिद्धांत प्रमुख रूप से शामिल रहा है।*

## अमेरिका-ईरान युद्ध के बीच ओमान के विदेश मंत्री से हुई जयशंकर से मुलाकात

# सहयोग से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों, खाड़ी में शांति-स्थिरता सुनिश्चित करने के प्रयासों पर हुई चर्चा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अपनी छह देशों की विदेश यात्रा के तहत विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने शुक्रवार को ओमान की यात्रा की है। मस्कट में उनकी अपने समकक्ष और विदेश मंत्री सय्यद बदर बिन हमद अल बुसैदी के साथ एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक हुई। जिसमें दोनों शीर्ष मंत्रियों ने भारत और ओमान की रणनीतिक साझेदारी से जुड़े हुए हर पहलू की गहनता के साथ समीक्षा की। इसके अलावा साझा हितों से संबंधित क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मामलों पर भी चर्चा की



गई है। गौरतलब है कि विदेश मंत्री की यह विदेश यात्रा बीते 5 जुलाई से शुरू हुई थी और इसका समापन 15 जुलाई को होगा। जिसके तहत अब तक उन्होंने खाड़ी क्षेत्र के चार देशों कतर, बहरीन, कुवैत और ओमान की यात्रा की है। ओमान से वह न्यूयॉर्क जाएंगे। जहां भारत की वर्ष 2028-29 की यूएनएससी की अस्थायी सदस्यता के लिए एक अभियान को डॉ. जयशंकर लांच करेंगे। फिर उनकी ब्रुसेल्स रवानगी हो जाएगी। जो उनकी इस विदेश यात्रा का अंतिम पड़ाव होगा। ब्रुसेल्स में वह ▶▶ शेष पेज 5 पर

### खाड़ी में शांति-स्थिरता पर रहा जोर

वहीं, जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट के जरिए ओमान के विदेश मंत्री के साथ हुई मुलाकात को लेकर प्रसन्नता जताई। साथ ही कहा कि हमने दोनों देशों के सहयोग में शामिल विभिन्न क्षेत्रों जैसे रक्षा, समुद्री, साइबर, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), व्यापार, निवेश, कनेक्टिविटी और प्रौद्योगिकी को लेकर विचार-विमर्श किया। खाड़ी क्षेत्र में शांति, स्थिरता को बनाए रखने को लेकर भी हमने विचार साझा किए हैं। मेरी यह बैठक और इसमें हुई चर्चा एक प्रकार से भारत-ओमान की रणनीतिक साझेदारी के विश्वास और मजबूती को भी प्रतिबिंबित करती है।

### भारतीयों ने साझेदारी में दिया योगदान

*एक्स पर एक अन्य पोस्ट में जयशंकर ने बताया कि आज सुबह ओमान में भारतीय समुदाय के सदस्यों के साथ एक अच्छी बातचीत हुई। जिसमें दोनों देशों के संबंधों को सशक्त बनाने में उनकी उत्साहपूर्ण भूमिका साफ-साफ दिखाई देती है। मैंने स्थानीय समाज से इतर दोनों देशों की साझेदारी को सशक्त बनाने के लिए किए गए उनके प्रयासों की भी सराहना की है।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### चेक बाउंस में राजपाल को 3 महीने की जेल



**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने चेक बाउंस के मामले में बॉलीवुड अभिनेता राजपाल यादव को तीन महीने की कारावास की सजा सुनाई है। न्यायमूर्ति स्वर्णा कांता शर्मा की अदालत ने याचिका पर फैसला दिया। बकाया राशि चुकाने के अवसर दिए गए लेकिन उन्होंने भुगतान नहीं किया।

### टिकट बुकिंग के दौरान अब कैप्चा होगा खत्म



**नई दिल्ली।** आईआरसीटीसी की नई वेबसाइट का 'बीटा' वर्जन लॉन्च करने जा रहा है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि नई वेबसाइट तैयार है और इसे रेलवे के नए पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम के साथ जोड़ा जा रहा है, जिससे टिकट बुकिंग पहले से ज्यादा तेज, आसान और तकनीकी दिक्कतों से मुक्त हो जाएगी।

## चार दशकों में किसी भारतीय पीएम का न्यूजीलैंड का यह पहला दौरा

व्यापार, निवेश और रक्षा क्षेत्रों में हुए संबंधों की व्यापक समीक्षा करेंगे

# पीएम मोदी पहुंचे ऑकलैंड, एयरपोर्ट पर पीएम लक्सन ने किया स्वागत

*पीएम मोदी ने मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर के साथ ही भारत और न्यूजीलैंड ने द्विपक्षीय व्यापार और वाणिज्यिक संबंधों को मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई है। उन्होंने कहा कि हमारे द्विपक्षीय संबंधों में भारतीय प्रवासी समुदाय का महत्वपूर्ण योगदान रहा है*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी अपने तीन देशों के दौरे के आखिरी चरण के लिए शुक्रवार को ऑकलैंड पहुंचे। पीएम मोदी के यहां पहुंचने पर न्यूजीलैंड के पीएम क्रिस्टोफ़र लक्सन ने उन्हें गले लगाकर उनका स्वागत किया। इस दौरान न्यूजीलैंड में भारत की उच्चायुक्त मुआनपुई सैयावी समेत कई अधिकारी मौजूद थे। पीएम मोदी ने 'एक्स' पर इसकी जानकारी देते हुए कहा कि एयरपोर्ट पर स्वागत के लिए पीएम लक्सन का आभारी हूं। पीएम मोदी ने इस दौरे को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि चार दशकों में किसी पीएम का न्यूजीलैंड का यह पहला दौरा है। मैं पीएम लक्सन के साथ बातचीत करने और भारत-न्यूजीलैंड दोस्ती के सभी पहलुओं पर चर्चा करने के लिए उत्सुक हूं। बता दें, दोनों नेता व्यापार, निवेश, रक्षा और अन्य अहम क्षेत्रों में दोनों देशों के संबंधों की व्यापक ▶▶ शेष पेज 5 पर

**भारतीय समुदाय से मिले पीएम मोदी**



पीएम मोदी का स्वागत करते न्यूजीलैंड के पीएम लक्सन

### आर्थिक और व्यापारिक संबंध मजबूत होंगे

पीएम मोदी ने कहा कि मेरी यह यात्रा मार्च 2025 में पीएम लक्सन की भारत यात्रा के बाद हमारे द्विपक्षीय संबंधों में आई मजबूती को और आगे बढ़ाएगी। इस यात्रा के दौरान, मैं पीएम लक्सन के साथ आर्थिक, व्यापारिक और वाणिज्यिक संबंधों को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा करूंगा। मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर के साथ ही भारत और न्यूजीलैंड ने द्विपक्षीय व्यापार और वाणिज्यिक संबंधों को मजबूत करने की ▶▶ शेष पेज 5 पर

### भारत आर्थिक महाशक्तिः ट्वायफोर्ड



न्यूजीलैंड के सांसद फिल ट्वायफोर्ड ने कहा कि भारत एशिया में एक राजनीतिक और आर्थिक महाशक्ति के तौर पर उभरा है और न्यूजीलैंड को भारत के साथ ▶▶ शेष पेज 5 पर

### दोनों देशों की अर्थव्यवस्था बढ़ेगीः मैक्ले



न्यूजीलैंड व्यापार और निवेश मंत्री टॉड मैक्ले ने कहा कि भारत-न्यूजीलैंड एफटीए दोनों देशों को आर्थिक साझेदारी को गहरा करने के लिए एक मजबूत मंच देता है। इस समझौते के बाद भारत के साझेदार के रूप में न्यूजीलैंड अर्थव्यवस्था के विकास में मदद करेगा। खेती, इनोवेशन और ▶▶ शेष पेज 5 पर

### 12 दिसंबर को चेन्नई में होगा बिग बैश लीग का पहला मैच



*शुक्रवार को ऑस्ट्रेलियाई पीएम एंथनी अल्बानीज ने घोषणा की कि 2026-27 बिग बैश लीग सीजन भारत में शुरू होगा। चेन्नई का एमए चिदंबरम स्टेडियम दिसंबर में शुरुआती मैच की मेजबानी करेगा। यह घोषणा पीएम मोदी के साथ एक संयुक्त बयान में की गई। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बाद में पुष्टि की कि मेलबर्न रेनेगेड्स 12 दिसंबर को ऐतिहासिक सीजन के पहले मैच में पर्थ स्कॉचर्स का सामना करेगा। यह मैच ऑस्ट्रेलिया के बाहर खेला जाने वाला पहला बिग बैश लीग मैच होगा। पीएम मोदी ने कहा कि भारत 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी करेगा। देश 2036 ओलंपिक के लिए भी अपनी दावेदारी पेश कर रहा है।*

### स्टीव वॉ और लीसा से मिले पीएम



*एमसीजी दौरे के दौरान पीएम ने पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान स्टीव वॉ को लगभग दो दशक पुरानी एक तस्वीर भेंट* ▶▶ शेष पेज 5 पर

## नरोत्तम को लगा तगड़ा झटका, अब संगठन में जिम्मेदारी दिए जाने के कयास

# दतिया उपचुनाव में डॉ. नरोत्तम मिश्रा की जगह आशुतोष तिवारी को उम्मीदवार बनाया



आशुतोष तिवारी | डॉ. नरोत्तम मिश्रा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने मध्यप्रदेश के दतिया उपचुनाव में डॉ. नरोत्तम मिश्रा की जगह आशुतोष तिवारी को उम्मीदवार बनाकर स्थानीय समीकरणों पर भरोसा जताया है। दतिया उपचुनाव में भाजपा ने पूर्व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा की जगह आशुतोष तिवारी को उम्मीदवार बनाया है। ऐसे में यह सवाल उठ रहा है कि हाल ही में जनता से माफी मांगकर राजनीतिक वापसी की कोशिश करने वाले नरोत्तम मिश्रा को पार्टी ने टिकट क्यों नहीं दिया। शिवराज सरकार में सबसे प्रभावशाली मंत्रियों में शामिल रहे डॉ. नरोत्तम मिश्रा का टिकट कटना प्रदेश भाजपा की राजनीति में बड़ा घटनाक्रम माना जा रहा है। खास बात यह है कि मिश्रा ने उपचुनाव के लिए खुद को प्रत्याशी मान रहे थे और इससे पहले उन्हें राज्यसभा भेजे जाने की भी चर्चाएं चली थीं। इसके बावजूद पार्टी ने नए चेहरे पर भरोसा जताया। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि भाजपा केवल दतिया ही नहीं, बल्कि कई क्षेत्रों में पुराने चेहरों की जगह नए नेतृत्व को आगे बढ़ाने की रणनीति पर काम कर रही है। ऐसे में आशुतोष तिवारी को मौका देना इसी रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। इससे पार्टी लंबे समय से एक ही चेहरे पर निर्भर रहने की बजाय नए नेतृत्व को स्थापित करने का संदेश देना चाहती है। नरोत्तम मिश्रा 2008, 2013 और 2018 में लगातार चुनाव जीतकर मंत्री बने, लेकिन 2023 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के राजेंद्र भारती से हार गए। माना जा रहा है कि इस हार के बाद पार्टी ने स्थानीय नेतृत्व और चुनावी रणनीति की नए सिरे से समीक्षा की।

## राम मंदिर के चढ़ावे और भूमि घोटाले के आरोपों पर कांग्रेस का हल्ला बोल, विभिन्न राज्यों में 8 पीसी, 50 की तैयारी



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में कथित चढ़ावा गबन और भूमि खरीद-निर्माण में अनियमितताओं के मुद्दे पर कांग्रेस ने केंद्र सरकार और भाजपा-आरएसएस के खिलाफ अपना हमला और तेज कर दिया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि यह ₹खतरनाक मिलीभगत₹ का संकेत है। जयराम रमेश ने कहा कि अयोध्या के भगवान श्रीराम मंदिर में भाजपा-आरएसएस से जुड़े लोगों ने श्रद्धालुओं के चढ़ावे की कथित चोरी तथा जमीन खरीद और निर्माण कार्यों में घोटाले जैसा ₹अक्षम्य महापाप₹ किया है। उन्होंने कहा कि देश प्रधानमंत्री से जवाब चाहता है, लेकिन वह इस पूरे विवाद पर मौन हैं।

**देशभर में 50 से अधिक प्रेस कॉन्फ्रेंस का ऐलान :** कांग्रेस ने इस मुद्दे को राष्ट्रीय स्तर पर उठाने का फैसला किया है। जयराम रमेश के अनुसार, इसी अभियान के तहत शुक्रवार को कांग्रेस नेताओं ने देश के विभिन्न हिस्सों में आठ पत्रकार वार्ताएं कीं। पार्टी ने घोषणा की है कि 12 जुलाई तक देशभर में 50 से अधिक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर भाजपा और आरएसएस से जवाबदेही की मांग की जाएगी।

### कांग्रेस के आरोप

*कांग्रेस का आरोप है कि मंदिर में चढ़ावे के कथित गबन के अलावा भूमि खरीद और निर्माण कार्यों में भी गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। पार्टी का कहना है कि छोटे कर्मचारियों पर कार्रवाई कर बड़े जिम्मेदार लोगों को बचाने की कोशिश की जा रही है। कांग्रेस ने यह भी मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच हो तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।*

### भाजपा और ट्रस्ट का पक्ष

*उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में कहा कि जांच में जिन लोगों के खिलाफ साक्ष्य मिले हैं, उनके विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है और कुछ व्यक्तियों के कृत्य के आधार पर पूरे ट्रस्ट या अयोध्या की छवि धूमिल करना उचित नहीं है। वहीं, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पूर्व महासचिव चंपत राय ने एक खुला पत्र जारी कर कहा कि वह वर्तमान में ₹मौन व्रत₹ पर हैं और विशेष जांच दल की जांच पूरी होने के बाद सभी आरोपों का विस्तृत जवाब देंगे। इस मामले में अभी तक 8 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। चंपत राय, अनिल मिश्रा और गोविंद गिरी की गिरफ्तारी की मांग से सोशल मीडिया अटा पड़ा है।*

## बतौर सेनाप्रमुख की गई यह उनकी पहली यात्रा थी, जिसमें उन्होंने सभी मामलों को गहनता से समझा

# सेनाप्रमुख जनरल सेठ ने किया उत्तरी कमांड का दौरा, परखी सेना की युद्धक तैयारियां

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

तेजी से बदलते घरेलू-वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य के बीच सेनाप्रमुख जनरल धीरज सेठ ने जम्मू-कश्मीर स्थित उत्तरी कमांड का व्यापक स्तर पर दौरा कर सेना की रणनीतिक तैयारियों की व्यापक आधार पर समीक्षा की है। इसके अलावा सैन्य कर्मियों को हर परिस्थिति में तैयार रहने का निर्देश दिया। पिछले महीने 30 जून को सेनाप्रमुख के रूप में कार्यभार



संभालने के बाद यह उनकी पहली यात्रा रही। जो 7 से 9 जुलाई तक चली। सेना ने शुक्रवार को बताया कि यात्रा में जनरल सेठ ने नियंत्रण रेखा (एलओसी) और उत्तरी कमांड के भीतरी क्षेत्रों में तैनात सैन्य संरचनाओं की मौजूदा सुरक्षा स्थिति, ▶▶ शेष पेज 5 पर

## सुप्रीम कोर्ट में एक शख्स ने किया भारी हंगामा

# जजों के सामने फेंके कागज सीजेआई को कहे 'अपशब्द'



**कोर्ट ने खारिज की याचिका दिखाई सहानुभूति**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को उस समय भारी हंगामा हुआ, जब खुद अपना केस लड़ रहे एक याचिकाकर्ता, प्रबल प्रताप ने कोर्टरूम में जजों के सामने कागज हवा में फेंक दिए और अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया। यह घटना सुबह करीब 11 बजे जस्टिस के.वी. विश्वनाथन और जस्टिस आलोक अराधे की बेंच के सामने हुई।

याचिकाकर्ता ने जजों को न्यायिक सेवक संबोधित करते हुए आक्रामक लहजे में कहा कि मिस्टर न्यायिक सेवक, मैं आपको आदेश देता हूं कि आप लखनऊ के ▶▶ शेष पेज 5 पर

## जन सुराज की तरफ से प्रशांत किशोर के ताल ठोंकने से रोचक हुआ चुनावी मुकाबला

# भाजपा ने बांकीपुर में बदला उम्मीदवार, अभिषेक की जगह नीरज सिन्हा को मैदान में उतारा



**नामांकन दाखिल करने के बाद अभिषेक सिन्हा उर्फ बंटी ने पारिवारिक कारणों का हवाला देते हुए चुनाव नहीं लड़ने का लिया फैसला**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली


बिहार की बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा ने अभिषेक सिन्हा उर्फ अभिषेक बंटी की जगह नीरज कुमार सिन्हा को उम्मीदवार बनाया है। अभिषेक बंटी के नामांकन वापस लेने के बाद भाजपा नीरज को मैदान में उतारा है। भाजपा के दो बार मंडल अध्यक्ष रहे नीरज कुमार जो वर्तमान में भाजुमो के जिला उपाध्यक्ष है। मीठापुर के पोस्टल पार्क एरिया के रहने वाले है। बांकीपुर सीट पर उपचुनाव भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन के विधानसभा सीट से इस्तीफा देने के बाद हो रहा है। तेजी से सामने आए घटनाक्रम में भाजपा के केन्द्रीय चुनाव समिति ▶▶ शेष पेज 5 पर

## चढ़ावा प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के लिए ट्रस्ट का बड़ा फैसला

# राम मंदिर में पहली बार सीईओ पद, 2500 कर्मचारियों की होगी उन पर जिम्मेदारी, 22 जुलाई को होगी घोषणा

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने राम मंदिर के प्रशासनिक ढांचे में एक बड़ा बदलाव करने का निर्णय लिया है। मंदिर के संचालन को अधिक पेशेवर, पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के लिए पहली बार मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) का पद सृजित किया जा रहा है। आगामी 22 जुलाई को होने वाली बैठक में नए सीईओ के नाम की घोषणा की जा सकती है, जिसके चयन के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन पहले ही किया जा चुका है। नवनियुक्त सीईओ को मंदिर के प्रशासन और वित्तीय प्रबंधन को लेकर व्यापक अधिकार सौंपे जाएंगे।



**तीन सदस्यीय समिति करेगी सीईओ का चयन**

### सीईओ को ये मिलेंगी जिम्मेदारी

1. **चढ़ावा और वित्तीय प्रबंधन**
   वित्तीय विशेषज्ञों और चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) की मदद से एक आधुनिक अकाउंटिंग सिस्टम लागू किया जाएगा।
2. **2500 कर्मचारियों की निगरानी**
   परिसर की सुरक्षा, सफाई और दर्शन व्यवस्था में तैनात करीब 2500 कर्मचारियों की ड्यूटी, उनके बीच समन्वय और प्रशासनिक कार्यों की कमान सीधे सीईओ के हाथों में होगी। ▶▶ शेष पेज 5 पर

### 23 कर्मचारियों का सामूहिक इस्तीफा

**नई दिल्ली।** राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में आगामी 13 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट में अहम सुनवाई होगी। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच तीन अलग-अलग याचिकाओं पर सुनवाई करेगी, जिनमें मामले की जांच सीबीआई को सौंपने या एसआईटी गठन की मांग की गई है। साथ ही, मंदिर दान प्रबंधन की समीक्षा के लिए एक एक्सपर्ट कमेटी बनाने की भी अपील की गई है। दूसरी तरफ, अयोध्या में मंदिर का चढ़ावा गिनने वाले 23 बैंक कर्मचारियों ने गुरुवार को एक साथ इस्तीफा दे दिया। कर्मचारियों का आरोप है कि चोरी की घटना के बाद से दान में छोटे नोटों (10-20 रुपए) की संख्या बढ़ गई है, जिससे गिनती में वक्त ज्यादा लग रहा है। पहले जहां 500 रुपए के नोटों की 70-80 गड्डियां बनती थीं, वहीं अब बमुश्किल 15 गड्डियां बन पा रही हैं। इसके अलावा, दो शिफ्ट के काम को अब सुबह 9 से शाम 6 बजे की सिंगल शिफ्ट में बदल दिया गया है, जिससे समान वेतन में काम के घंटे बढ़ गए हैं। इस इस्तीफे के बाद अब बैंक के पास केवल 13 गणना कर्मी ही बचे हैं।

## खबर संक्षेप

### यातायात पुलिस ने इस साल 48.4 लाख चालान किए जारी

नई दिल्ली। दिल्ली यातायात पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने के लिए इस साल अब तक 48 लाख से अधिक चालान जारी किए हैं और लापरवाही से वाहन चलाने के मामले में 2,100 से अधिक प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष अब तक विभिन्न यातायात उल्लंघनों के लिए अब तक 48.42 लाख चालान जारी किए गए हैं, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के 47.52 लाख से अधिक है। दिल्ली यातायात पुलिस के एक बयान में कहा गया है कि इनमें से 17.21 लाख चालान 'रेड-लाइट वॉयलेशन डिटेक्शन' (आरएलवीडी) और 'ओवर स्पीड वॉयलेशन डिटेक्शन' (ओएसवीडी) प्रणाली के जरिए जारी किए गए। बयान में कहा गया है कि यातायात प्रबंधन में नागरिकों की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए तीन अप्रैल को शुरू की गई परियोजना 'संगम' के तहत अब तक हितधारक के साथ 309 बैठकें आयोजित की गई हैं और 514 सुझाव प्राप्त हुए हैं। इनमें से 368 को क्रियान्वित किया जा चुका है, जबकि शेष को संबंधित एजेंसियों को भेजा गया है। यातायात पुलिस के अनुसार सड़क सुरक्षा प्रकोष्ठ वर्ष के पहले छह महीनों में जागरूकता अभियानों के माध्यम से 2.84 लाख से अधिक स्कूली छात्रों और 15.44 लाख से अधिक लोगों तक पहुंचा। मानसून से पहले, दिल्ली यातायात पुलिस ने नगर निकाय एजेंसियों के साथ जलभराव के प्रति संवेदनशील 169 स्थानों का विवरण साझा किया और आपातकालीन प्रतिक्रिया के लिए मोटर पंप और पेड़ काटने वाली मशीनों से लैस छह आपदा प्रबंधन वाहनों को तैनात किया। बयान में कहा गया है कि जनवरी से जून के बीच, यातायात ड्यूटी करते समय यातायात पुलिस के 14 कर्मी घायल हुये जबकि एक की मौत हो गई।

### अलीपुर में दो गोदामों में लगी आग

**नई दिल्ली।** अलीपुर स्थित ठेके वाली गली में शुक्रवार देर रात दो गोदामों में भीषण आग लग गई। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की आठ गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में कोई व्यक्ति घायल नहीं हुआ और न ही किसी के हताहत होने की सूचना है। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। गोदामों के टिन शेड के भीतर बड़ी मात्रा में रखे कार्डबोर्ड और फॉइल पेपर के रोल्स ने आग को तेजी से फैलने में मदद की, जिससे देखते ही देखते दोनों गोदाम आग की चपेट में आ गए।

### चोर से आधा किलो चांदी और सोने के गहने बरामद

**नई दिल्ली।** पुलिस ने रोहिणी के विजय विहार इलाके में एक घर में चोरी करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से भारी मात्रा में सोने-चांदी के जेवर बरामद किए गये हैं। आरोपी का नाम 21 वर्षीय शत्रुघ्न बताया गया है। वह बुध विहार का रहने वाला है। इसके पास से 539 ग्राम चांदी के आभूषण, 18.5 ग्राम सोने के गहने और 9500 रूपये की नकदी बरामद की गई है। पुलिस को इस चोरी के बाबत छह जुलाई को सूचना मिली थी। इसके बाद विजय विहार थाने में सेंधमारी का मामला दर्ज किया गया था। आठ जुलाई को गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर आरोपी को पकड़ा गया। इसकी गिरफ्तारी से चार मामलों को सुलझाने का दावा पुलिस ने किया है।

### सोशल मीडिया पर हथियार लहराने वाला दबोचा

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी जिला पुलिस ने सोशल मीडिया पर देसी कट्टा लहराते हुए वीडियो अपलोड करने के आरोप में 18 वर्षीय युवक को गोकलपुरी इलाके से गिरफ्तार किया है। संजय कॉलोनी से पकड़े गये आरोपी का नाम मनीष उर्फ कंगला (18) बताया गया है। पुलिस के अनुसार वह पेट्रोलिंग कर रही थी। सत्यापन के लिए उसे रोकने की कोशिश की, तो वह अपने घर में घुस गया। पुलिस ने कहा कि पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वीडियो में हथियार असली थे और उसने उन्हें अपने घर में छुपाया है। उसके खुलासे के आधार पर पुलिस ने घर की तलाशी ली और दो देसी कट्टे बरामद किए। इस संबंध में गोकलपुरी थाने में केस दर्ज किया गया है। मनीष पहले फर्श बाजार थाने में दर्ज एक मामले में भी शामिल रह चुका है।

### असली माता पिता समेत 10 पकड़े, चार और बच्चे बरामद

# बाल तस्करों की गिरफ्तारी का सिलसिला जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



■ बरामद बच्चों की संख्या हुई नौ

सेंट्रल जिला पुलिस द्वारा अंतरराज्यीय बाल तस्करी गिरोह से जुड़े लोगों की गिरफ्तारी का सिलसिला जारी है। असली माता-पिता समेत 10 और आरोपी गिरफ्तार किये गये हैं। इनकी निशानदेही पर चार और बच्चों को बचाया गया। बरामद बच्चों की संख्या अब नौ हो चुकी है। पुलिस ने बताया कि चारों बच्चे दिल्ली, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में अलग अलग जगहों से बरामद किये गये। अवैध बाल तस्करी के लेनदेन से जुड़े कई लाख रुपये के मनी ट्रेल का पता चला है।

पुलिस के अनुसार इस मामले में गिरफ्तारी का सिलसिला 5 जून से शुरू हुआ था। एक खास सूचना पर कार्रवाई करते हुए सेंट्रल जिले की एंटी नारकोटिक्स सेल ने पहाड़गंज इलाके में आरके आश्रम मेट्रो स्टेशन के पास से नकली ग्राहक बनकर जाल बिछाया था। उस दौरान तीन आरोपियों दो महिलाएं और ललित नामक शख्स को पकड़ा गया था। आरोपी पुलिस द्वारा तैयार किए गए नकली ग्राहकों को एक नवजात शिशु बेचने की कोशिश कर रहे थे। ऑपरेशन के दौरान लगभग 4-5 दिन के एक नवजात लड़के को सुरक्षित बचाया गया और नकली ग्राहकों द्वारा टोकन मनी के तौर पर दिए गए 20 हजार रुपये बरामद किए गए। इसके बाद पहाड़गंज पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता और संवेदनशीलता को देखते हुए जांच आगे बढ़ी और केस में दस और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें तस्करी किए गए बच्चों के असली माता-पिता भी शामिल थे। आरोपियों से लगातार पूछताछ और बड़े पैमाने पर तकनीकी जांच से पता चला कि वे बच्चों की तस्करी करने वाले एक बड़े संगठित अंतर-राज्यीय गिरोह का हिस्सा थे। यह गिरोह अलग-अलग जगहों से बच्चों को लाता था और उन्हें भारी रकम लेकर उन जोड़ों को गैर-कानूनी तरीके से बेचता था जिनकी अपनी कोई संतान नहीं थी।

# नकली दवा बनाने वाले अंतरराज्यीय रैकेट का सरगना किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



■ दवा बनाने और सप्लाई से जुड़े नौ मिलावटखोर पहले पकड़े जा चुके

क्राइम ब्रांच के साइबर सेल ने नकली दवाएं बनाने और उनकी सप्लाई करने वाले अंतरराज्यीय रैकेट के सरगना को गिरफ्तार किया है। आरोपी मैन्युफैक्चरिंग यूनिट का भंडाफोड़ किए जाने के बाद से कई महीनों से फरार चल रहा था। इस मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपियों की कुल संख्या अब 10 हो गई है। गिरफ्तार किये गये सरगना का नाम मुजफ्फरनगर निवासी मोहम्मद अकदस सिद्दीकी (28) बताया गया है। आरोपी जामिया मिलिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी से बीबीए कर चुका है।

डीसीपी आदित्य गौतम के अनुसार 1 अप्रैल को क्राइम ब्रांच द्वारा की गई छापेमारी के बाद आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए फरार हो गया था। जांच के दौरान उसके खिलाफ गैर जमानती वारंट हासिल किए गए थे। जांच टीम द्वारा लगातार तकनीकी निगरानी में जुटी थी। इससे पहले गिरफ्तार किये गये लोगों में निखिल अरोड़ा, शिवम त्यागी, मयंक अग्रवाल, मोहित कुमार शर्मा, तरुण कुमार हांडा, शाहरुख, राहुल, हर्ष स्वामी और निरंजन मिश्रा शामिल थे। पुलिस का कहना है कि जांच से पता चला है कि आरोपी नकली दवाएं बनाने की एक हाईटेक यूनिट चलाते थे। वे नकली पैकेजिंग मटीरियल, जाली लेबल, नकली ट्रेडमार्क, नकली डाई, पंच सेट और असली उत्पादों जैसे दिखने वाले प्रिंटिंग मटीरियल का इस्तेमाल करके जानी मानी फार्मास्युटिकल कंपनियों की नकली दवाएं बना रहे थे। आरोपियों ने कई जाने-माने फार्मास्युटिकल ब्रांडों की नकली दवाएं गैर कानूनी तरीके से बनाई। जांच में यह भी पता चला कि आरोपी इन नकली दवाओं को बहुत कम लागत में बनाते थे और उन्हें असली ब्रांडेड उत्पाद बताकर बेचते थे। नकली दवाएं थोक और खुदरा विक्रेताओं को असली दवाओं की मौजूदा बाजार कीमत से लगभग 60 प्रतिशत कम कीमत पर सप्लाई की जाती थी। कीमत तय करने की इस आक्रामक रणनीति की वजह से आरोपी अपने गैर कानूनी डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क को तेजी से बढ़ा पाए और नकली दवाओं के निर्माण और अलग अलग राज्यों में सप्लाई करके भारी मुनाफा कमाया। जाने मानी फार्मास्युटिकल कंपनियों को भारी आर्थिक नुकसान पहुंचाने के अलावा, आरोपियों ने गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए इस्तेमाल होने वाली नकली दवाएं बाजार में उतारकर लोगों की सेहत को गंभीर खतरे में डाला। बाजार में ऐसी नकली दवाओं की मौजूदगी से अनजान मरीजों के लिए गंभीर खतरा पैदा हो गया था, क्योंकि इन उत्पादों में कानून के तहत तय क्वालिटी, असर, सुरक्षा और चिकित्सीय मानक नहीं थे।

## आईवीपी के विलय से वार्ड समिति चुनावों में मजबूत हुई भाजपा सिटी सदर पहाड़गंज जोन में जीत की शतरंज लगी बिछाने

सत्यप्रकाश ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम में वार्ड समितियों के चुनाव व स्थायी समिति के सदस्यों के चुनाव की प्रक्रिया 10 जुलाई शुक्रवार से शुरू हो गई है। इस बार इन चुनावों में भाजपा का पहले की तुलना में पलड़ा और भारी हो सकता है, क्योंकि नामांकन से ठीक पहले अध्यक्ष मुकेश गोयल सहित पूरी इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी (आईवीपी) का विलय भाजपा में हो गया है। आईवीपी के भाजपा में जाने का नुकसान आम आदमी पार्टी को होता दिखाई दे रहा है। भाजपा आईवीपी के सहारे सिटी सदर पहाड़गंज जोन में भी अब जीत की शतरंज बिछाने लगी है। सिटी सदर पहाड़गंज जोन को फतेह करने के लिए पूर्व में आईवीपी पार्टी के अध्यक्ष मुकेश गोयल अहम भूमिका निभा सकते है। इस विलय और भाजपा की जीत के बदले पहले ही आईवीपी ने सर्शत भाजपा में विलय कर रोहिणी जोन में अध्यक्ष, नरेला जोन में उपाध्यक्ष और सेंट्रल जोन में स्थायी समिति सदस्य के तौर पर महत्वपूर्ण पद पक्के किए है। सिटी सदर पहाड़गंज जोन में अध्यक्ष पद के लिए भाजपा ने उषा शर्मा को आगे करते हुए नामांकन कराया है। वहीं आम आदमी पार्टी ने किरण बाला को यहां उम्मीदवार बनाया है। जबकि उपाध्यक्ष पद पर शमीम बानो ने नामांकन दाखिल किया है। बता दें कि इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी के अध्यक्ष कभी कांग्रेस के कद्दावर नेताओं में माने जाते थे। लेकिन पूर्व मंत्री व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मंगत राम सिंघल से गोयल के 36 के आंकड़े के चलते दोनों के बीच खाई बढ़ती चली गई। बाद में मुकेश गोयल ने कांग्रेस छोड़कर आम आदमी पार्टी ज्वाइन कर ली। लेकिन आप से पटरी नहीं बैठने के चलते 2025 में गोयल ने आप पार्टी से रिश्ता तोड़ा और अपना अलग दल इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी (आईवीपी) का गठन कर लिया। अब गोयल ने आज गुरूवार को आईवीपी का विलय भाजपा में कर लिया। फिलहाल विलय से पहले आईवीपी के गठन के समय गोयल के साथ 16 पार्षद थे। विलय के बाद यह 16 पार्षद विभिन्न जोन चुनावों व स्थायी समिति के सदस्यों के चुनाव में भाजपा का साथ देंगे या नहीं कहा नहीं जा सकता। क्योंकि निगम में दल बदल कानून लागू नहीं होता। फिर भी भाजपा को उम्मीद है कि आईवीपी के विलय के बाद सिटी सदर पहाड़गंज जोन पर जीत की पताका फहराई जा सकती है। आईवीपी के विलय के बाद निगम में भाजपा के पार्षदों की संख्या बढ़कर 139 हो गई है।

# एमसीडी की तरफ से गाड़ी हटाने के नाम पर चल रहा फर्जी रैकेट पकड़ा, दो अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



मध्य जिले की पहाड़गंज पुलिस ने एक ऐसे रैकेट का खुलासा किया है जो खुद को एमसीडी से बताकर उम्र पूरी कर चुकी गाड़ियों की चोरी करते थे। इस सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके नाम अदनान सैफी और अकरम है। पुलिस ने तीन वाहन चोरी के मामले सुलझाने का दावा किया है। एक आरोपी 'एंड-ऑफ-लाइफ' (ईएलवी) हैंडलर के रूप में कार्य कर चुका है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों ने एमसीडी अधिकारी बनकर फर्जी रिमूवल ऑर्डर का इस्तेमाल करते हुए ईएलवी टू व्हीलर चुराए थे। अदनान ने 14 अन्य गाड़ियों की चोरी में अपनी भूमिका कबूली है। डीसीपी रोहित राजबीर सिंह के अनुसार 20 जून को पहाड़गंज पुलिस स्टेशन में एक टू व्हीलर चोरी होने की सूचना मिली थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसकी 15 साल पुरानी स्कूटी को पहाड़गंज के संगतरासन चौकी इलाके से हटा दिया गया था और मौके पर एमसीडी, करोल बाग जोन द्वारा मेसर्स जय हिंद स्क्रेपर्स के पक्ष में जारी किया गया एक कथित रिमूवल ऑर्डर चिपकाया गया था। एमसीडी से जांच करने पर पुष्टि हुई कि ऐसा कोई रिमूवल नहीं किया गया था, जिससे पता चला कि रिमूवल ऑर्डर फर्जी था। इसके बाद मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज देखने पर पता चला कि दो लोग स्कूटी ले जा रहे थे। एक आरोपी स्कूटी चला रहा था और एक दूसरी स्कूटी को धक्का देकर ले जा रहा था। जांच पड़ताल में पता चला कि यह स्कूटी भी प्रेम नगर इलाके से चोरी हुई थी, जिसकी ई एफआईआर 2 जुलाई को प्रेम नगर थाने में दर्ज थी। रोहिणी जोन एमसीडी के अधिकारियों और अधिकृत ईएलवी एजेंसी गो ग्रीन ईएलवी हैंडलर्स के साथ आगे की जांच से यह साफ हुआ कि न तो शिकायतकर्ता की गाड़ी और न ही दूसरी स्कूटी को कानूनी तरीके से हटाया गया था। अधिकृत एजेंसी के दिल्ली स्थित प्रतिनिधि ने सीसीटीवी फुटेज में दिख रहे एक संदिग्ध की पहचान अदनान सैफी के तौर पर की, जो एजेंसी का पूर्व कर्मचारी था। इसके बाद 3 जुलाई को गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए अदनान सैफी को रोहिणी से पकड़ा गया। उसके पास से चोरी की स्कूटी बरामद की गई। लगातार पूछताछ के दौरान सैफी ने बताया कि उसने पहले गो ग्रीन ईएलवी हैंडलर्स के साथ दिहाड़ी कर्मचारी के तौर पर काम किया था। यह एजेंसी 'एंड-ऑफ-लाइफ व्हीकल्स' को हटाने का काम करती है। नौकरी से निकाले जाने के बाद उसने ईएलवी हटाने की प्रक्रिया की अपनी जानकारी का गलत इस्तेमाल किया। उसने एमसीडी अधिकारी बनकर और नकली रिमूवल ऑर्डर का इस्तेमाल करके दिल्ली के अलग-अलग हिस्सों से ईएलवी, खासकर दोपहिया वाहन, चोरी किए। उसने कबूल किया कि शिकायतकर्ता की स्कूटी चोरी करने के लिए लेबर चौक से एक मजदूर को काम पर रखा था ताकि गाड़ी हटाने में मदद मिल सके। उसने बताया कि न तो उसे मजदूर की पहचान पता थी और न ही उसके बारे में कोई और जानकारी थी। लगातार पूछताछ के दौरान, उसने दिल्ली के अलग-अलग इलाकों से 14 और 'एंड-ऑफ-लाइफ' गाड़ियों की चोरी में अपनी भूमिका के बारे में बताया, जिसकी पुष्टि अभी की जा रही है। अदनान ने यह भी बताया कि उसने पहाड़गंज पुलिस स्टेशन के इलाके से मोटरसाइकिल भी चुराई थी और उसे कबाड़ी अकरम को बेच दिया था। इसके बाद मायापुरी और उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में छापेमारी की गई। लगातार तकनीकी निगरानी और खुफिया जानकारी के आधार पर अकरम को 6 जुलाई को मायापुरी इलाके से पकड़ा। गिरफ्तारी के समय चोरी की गाड़ियों के अलग किए गए पुर्जे, नकली रिमूवल ऑर्डर और नकली रिमूवल ऑर्डर की एक खाली बुकलेट बरामद की गई है। जांच में यह भी पता चला कि अकरम जानबूझकर चोरी की गाड़ियां लेता था और शक से बचने के लिए नकली रिमूवल ऑर्डर का इस्तेमाल करके उन्हें जल्दी से अलग-अलग पुर्जों में बदलवा देता था। इस रैकेट में शामिल अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।


### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा **82 Cr.P.C.** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **शानू पुत्रः** जाहिद अली पता : C-91, गली नंबर 1, चाँद बाग, मूंगा नगर, भजनपुरा, दिल्ली, ने **FIR No: 190/2019, U/s: 379/411/34 IPC, थानाः हरी नगर, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **शानू,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **शानू,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No: 190/2019, U/s: 379/411/34 IPC, थानाः हरी नगर, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त, **शानू,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **19.08.2026** को या इससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
मोक्षा बैंस
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी—11
पश्चिमी जिला, कमरा नंबर 31,
तीस हजारी कोर्ट, नई दिल्ली

DP/9438/WD/2026
(Court Matter)



### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **चांद बाबू उर्फ बच्चा, पुत्रः बीरबल, निवासीः 308/9/39, ओल्ड चंद्रावल, सिविल लाइंस, उत्तरी दिल्ली** ने **FIR No.: 394/2025, U/s: 309(4)/309(6)/317(2)/3(5) भारतीय न्याय संहिता 2023 पुलिस थाना तिमारपुर, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **चांद बाबू उर्फ बच्चा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **चांद बाबू उर्फ बच्चा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना तिमारपुर, दिल्ली** के अभियुक्त **चांद बाबू उर्फ बच्चा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 05.09.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री करणबीर सिंह
जेएमएफसी—02, (केंद्रीय), कमरा नंबर 26,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/8788/N/2026


## निगमायुक्त ने सीबीजी प्लांट की प्रगति की समीक्षा की, वेस्ट जोन में अपशिष्ट प्रबंधन का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम के आयुक्त संजीव खिरवार ने शुक्रवार को नजफगढ़ क्षेत्र अंतर्गत गोयला डेयरी सीबीजी प्लांट की व्यापक समीक्षा की। वहीं बाद में वेस्ट जोन में प्रमुख ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (एसडब्ल्यूएम) सुविधाओं का निरीक्षण कर परियोजनाओं के क्रियान्वयन एवं अवसंरचना उन्नयन का भी जायजा लिया। निगमायुक्त के दौरे के समय नजफगढ़ क्षेत्र के उपायुक्त शाश्वत सौरभ, मुख्य अभियंता पी.सी. मीणा तथा एमसीडी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी आदि उपस्थित थे। इस मौके पर कार्यान्वयन एजेंसी को निर्देश दिए कि सभी लंबित सिविल, मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रिकल कार्यों को पर्याप्त संसाधनों की तैनाती के साथ शीघ्र पूरा किया जाए। परियोजना की प्रगति में बाधा उत्पन्न करने वाले सभी मुद्दों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि परियोजना निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण हो सके। आयुक्त ने सख्त निर्देश दिए कि परियोजना को हर हाल में 17 सितंबर, 2026 तक पूर्ण कर चालू किया जाए। यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि पशुओं का गोबर आसपास के नालों में न बहने पाए तथा गोबर के समुचित संग्रहण, परिवहन एवं प्रसंस्करण की प्रभावी व्यवस्था बनाए रखी जाए, जिससे पर्यावरण संरक्षण एवं जनस्वास्थ्य सुनिश्चित हो सके। निरीक्षण की शुरुआत पंखा रोड स्थित फिक्स्ड कम्पेक्टर ट्रांसफर स्टेशन (एफसीटीएस) पर जेएस एनवायरो सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा विकसित एवं पुनर्निर्मित किया है। आयुक्त ने उन्नत अवसंरचना, परियोजना की ब्रांडिंग तथा परिचालन संबंधी तैयारियों का अवलोकन किया। इस अवसर पर सुविधा केंद्र पर तैनात उन्नत वाहन बेड़े जिसमें कंटेनर कैरियर, हुक लोडर, सड़क झाड़ू से एकत्रित अपशिष्ट के परिवहन हेतु आरसी वाहन, ऑटो टिप्पर तथा ई-रिक्शा शामिल हैं, का प्रदर्शन किया गया। आयुक्त ने परिसर में किए गए हरित विकास, लैंडस्केपिंग एवं वृक्षारोपण की भी सराहना की। इसके पश्चात उन्होंने बीओटी फिक्स्ड कम्पेक्टर ट्रांसफर स्टेशन (एफसीटीएस) का निरीक्षण किया, जहां इसी प्रकार की उन्नत अवसंरचना, परियोजना ब्रांडिंग तथा परिचालन व्यवस्था की समीक्षा की गई। बाद में आयुक्त ने राजौरी गार्डन स्थित निर्माण एवं विध्वंस (सी एंड डी) अपशिष्ट संग्रहण स्थल का दौरा कर जेई स्टोर में लगाए गए वाटर स्प्रिंकलर तथा धूल नियंत्रण संबंधी अन्य उपायों का निरीक्षण किया। उन्होंने धूल उत्सर्जन को नियंत्रित करने एवं पर्यावरणीय मानकों के अनुपालन के लिए की गई व्यवस्था की समीक्षा की। इन उपायों के प्रभावी क्रियान्वयन, नियमित रखरखाव एवं सतत निगरानी सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

## 3 करोड़ 81 लाख की ऋण धोखाधड़ी के आरोप में एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने एक गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) के स्वर्ण मूल्यांकनकर्ता को गिरफ्तार किया है। इसने अन्य लोगों के साथ मिलकर जाली दस्तावेजों और नकली सोने के आभूषणों के आधार पर 3.81 करोड़ रुपये से अधिक की ऋण धोखाधड़ी की थी। आरोपी की पहचान पंकज कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने इसे सात जुलाई को गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार इस पर जाली दस्तावेजों के जरिए फर्जी स्वर्ण ऋण संबंधी 683 खाते बनाने का भी आरोप है। ईओडब्ल्यू के मुताबिक, यह मामला तब सामने आया जब कंपनी के आंतरिक ऑडिट में सोना गिरवी रखकर दिए गए कुल कर्ज के ब्यौरे में अनियमितताएं पाई गई। ईओडब्ल्यू के बयान में कहा गया है, ऑडिट में पाया गया कि लगभग 14.11 लाख रुपये कीमत के गिरवी रखे गए सोने के आभूषणों के नौ पैकेट गायब थे। ऑडिट में पता चला कि जाली केवाईसी दस्तावेजों, नकली ग्राहक पहचान और कृत्रिम सोने के आभूषणों का उपयोग करके 2022 से 2025 के बीच 683 नकली स्वर्ण ऋण खाते बनाए गए थे। इन खातों के आधार पर लगभग 3.81 करोड़ रुपये की राशि के ऋण धोखाधड़ी से वितरित किए गए। इस सिलसिले में अगस्त 2025 में ईओडब्ल्यू थाने में एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पुलिस ने कहा कि कुमार ने अन्य आरोपियों के साथ साजिश रचकर ऋणों को मंजूरी दिलाने के लिए नकली या कृत्रिम सोने के आभूषणों को असली के रूप में प्रमाणित किया। फर्जी ऋण खाते बनाने के लिए जाली पहचान दस्तावेजों और फर्जी ऋण रिकॉर्ड का कथित तौर पर इस्तेमाल किया गया था। आंतरिक ऑडिट के दौरान पकड़े जाने से बचने के लिए, आरोपी और उसके सहयोगियों ने फर्जी ऋण खातों में कथित तौर पर ब्याज जमा करना जारी रखा। दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातक कुमार 2014 से कंपनी के साथ काम कर रहा था और गिरवी रखे गए सोने के आभूषणों का मूल्यांकन करने, ग्राहक दस्तावेजों का सत्यापन करने और स्वर्ण ऋण आवेदनों की जांच करने के लिए जिम्मेदार था। पुलिस ने कहा कि इस साजिश में अन्य लोगों की संलिप्तता और अपराध की आय का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है।

## संस्कृत के संरक्षण का प्रत्येक प्रयास भारत के भविष्य में एक निवेश के समान : विजेंद्र

■ दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष ने संस्कृत महाकाव्य 'मंगल महर्षि चरितम्' का किया विमोचन

**नई दिल्ली।** संस्कृत केवल एक प्राचीन भाषा नहीं है, बल्कि यह भारत की सभ्यतागत चेतना और सांस्कृतिक पहचान की जीवंत आधारशिला है। संस्कृत के संरक्षण और संवर्धन का प्रत्येक प्रयास हमारे राष्ट्र के भविष्य में किया गया एक निवेश है। यह विचार दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने शुक्रवार को दिल्ली विधानसभा परिसर में संस्कृत महाकाव्य 'मंगल महर्षि चरितम्' के विमोचन अवसर पर व्यक्त किए। इस अवसर पर संस्कृत के विद्वान, विशिष्ट अतिथि, दिल्ली विधानसभा के अधिकारीगण तथा साहित्य जगत से जुड़े अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस महाकाव्य का संपादन संस्कृत एवं हिंदी के प्रख्यात विद्वान परशुराम शर्मा ने किया है। कार्यक्रम का आयोजन विधानसभा ब्यूरो के तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गुप्ता ने संस्कृत की शाश्वत प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संस्कृत विश्व की सर्वाधिक वैज्ञानिक एवं सुव्यवस्थित भाषाओं में से एक है।


### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प करनाल | करनाल जिले में करनाल निर्वाचन क्षेत्र में कि.मी. 0.00 से 0.380 तक पुण्डराक से बुधनपुर रोड (रोड आईडी 7373) (ओडीआर) पर बर्म (आरएचएस) पर सीसीबी और 80 मिमी आईपीबी को पुनः बिछाना जमा डब्ल्यूबीएम सहित मजबूतीकरण (कार्य कार्यक्रम 2026-27 के तहत) + 1 कार्य। | 07.07.2026 13.07.2026 | 34.98 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9876009311 pwd-eepd-karnal@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | जिला हिसार में नारनौंद में 50 बिस्तर से 100 बिस्तर तक हस्पताल का निर्माण (ई.आई. आंतरिक का प्रावधान बकाया कार्य केवल)। | 08.07.2026 13.07.2026 | 48.46 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0166-2225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, चरखी दादरी | बाढ़ का पानी निकालने के लिए एलडब्ल्यूएस (एम) उपमण्डल सं. 2, चरखी दादरी के अधिकार-क्षेत्र के तहत स्टोर में सामग्री की आवश्यकता के सम्बन्ध में। | बंद होने की तिथि 15.07.2026 | 5.03 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01250-220058 xenlwsmech@gmail.com |
| 4 | सिविल सर्जन कैथल | औषधियां और कंज्यूमेबल्स। | 13.07.2026 27.07.2026 | ईएमडी 1 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7988672699 drugstorektl@gmail.com |
| 5 | सिविल सर्जन नारनौल | एनयूएचएम नारनौल के तहत शहरी झुग्गी बस्तियों के लिए माइकिंग सहित ई-रिक्शा को किराये पर लेने के लिए ई-निविदा। | 13.07.2026 30.07.2026 | ईएमडी 24000 | https://etenders.hry.nic.in | 9466991604 dpm.mhn@gmail.com |
| 6 | पंचायती राज भिवानी | गांव पिंजोखेड़ा ब्लॉक तोशाम में गऊशाला में शैड का निर्माण (डीएमएफ)। | 07.07.2026 13.07.2026 | 8.69 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच–11/2027/120/47080/I/88/7 दि. 10.07.26

# एक अगस्त से पिंक कार्ड होगा लागू, महिलाओं के लिए 31 जुलाई तक चलेगा पेपर आधारित पिंक टिकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) ने घोषणा की है कि आने वाले एक अगस्त 2026 से महिलाओं को बसों में फ्री यात्रा केवल पिंक कार्ड से ही होगी। यानी 31 जुलाई 2026 तक ही महिलाएं पेपर आधारित पिंक टिकट से फ्री यात्रा का लाभ उठा सकती हैं। डीटीसी के डिप्टी चीफ जनरल मैनेजर अमन देव छिकारा ने बताया कि महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा की सुविधा आगे भी जारी रहेगी, लेकिन इसके संचालन के तरीके में बदलाव किया जा रहा है। सरकारी आदेश के तहत नियमों को दो चरणों में स्पष्ट किया गया है, इस महीने के अंत तक यानी 31 जुलाई 2026 तक वर्तमान व्यवस्था लागू रहेगी। सभी बसों के कंडक्टर पहले की तरह ही योग्य महिला यात्रियों को कागजी पिंक टिकट जारी करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने यह साफ कर दिया है कि 1 अगस्त 2026 से यदि कोई महिला यात्री बिना पिंक सहेली स्मार्ट कार्ड के यात्रा करती है, तो उसे मुफ्त टिकट नहीं दिया जाएगा।




### आईजीएल, शिक्षा निदेशालय और एहसास एनजीओ के बीच त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हुए हस्ताक्षर

# 75 सीएम श्री स्कूलों में स्थापित किए जाएंगे आधुनिक रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टमः रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




'कैच द रेन' पहल के अंतर्गत दिल्ली के 75 सीएम श्री स्कूलों में आधुनिक रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित किए जाएंगे। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को हुए एक त्रिपक्षीय समझौते के बाद यह जानकारी साझा की। बता दें कि मुख्यमंत्री की उपस्थिति में शुक्रवार को 'कैच द रेन' पहल के अंतर्गत दिल्ली सचिवालय में इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल), शिक्षा निदेशालय और एहसास एनजीओ के बीच एक महत्वपूर्ण त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

उन्होंने बताया कि यह परियोजना आईजीएल की सीएसआर पहल के अंतर्गत संचालित की जाएगी, जिसके माध्यम से स्कूल परिसरों में मौजूदा रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का ऑडिट, उनका पुनरुद्धार और नए रूफटॉप रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित किए जाएंगे। इसके साथ ही विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए जल संरक्षण एवं पर्यावरणीय जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'कैच द रेन' विजन को दिल्ली में प्रभावी रूप से लागू करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है और इसी सोच के साथ सरकार ने स्कूलों से इसकी शुरुआत करने का निर्णय लिया है। वहीं, शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के निर्देश पर सीएम श्री विद्यालयों को सामान्य विद्यालयों से अलग और विशिष्ट बनाने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। इस परियोजना की अवधि 12 माह निर्धारित की गई है और इसकी प्रगति की निगरानी जियो-टैग्ड तस्वीरों, उपयोग प्रमाणपत्रों और नियमित मूल्यांकन के माध्यम से की जाएगी।

### सालाना दो लाख लीटर भूजल रिचार्ज होने का अनुमान

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि इस परियोजना के माध्यम से प्रत्येक विद्यालय में प्रतिवर्ष लगभग दो लाख लीटर भूजल पुनर्भरण होने का अनुमान है, जिससे राजधानी में जल संरक्षण और भूजल स्तर को मजबूत करने में सहायता मिलेगी। दिल्ली सरकार के इस पायलट मॉडल के परिणामों के आधार पर रेन वॉटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था को राजधानी के अन्य सरकारी विद्यालयों और दिल्ली नगर निगम के स्कूलों तक चरणबद्ध तरीके से विस्तारित करना है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने विश्वास व्यक्त किया कि यह पहल दिल्ली को जल संरक्षण और पर्यावरणीय स्थिरता के क्षेत्र में नई दिशा देगी तथा आने वाले वर्षों में राजधानी को अधिक हरित, सस्टेनेबल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### 'कैच द रेन' अभियान एनईपी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा : सूद

शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि सीएम श्री स्कूल केवल डिजिटल रूप से सक्षम विद्यालय नहीं होंगे, बल्कि यहां विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप आधुनिक पाठ्यक्रम, 'साइंस ऑफ लिविंग' और सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) से संबंधित विषयों की भी व्यापक जानकारी दी जाएगी। 'कैच द रेन' अभियान इसी व्यापक दृष्टिकोण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह पहल विद्यार्थियों में जल संरक्षण और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के साथ-साथ उन्हें सतत जीवनशैली अपनाने के लिए भी प्रेरित करेगी। सरकार ने इस शैक्षणिक वर्ष की शुरुआत में ही राजधानी के सभी एक हजार सरकारी विद्यालयों को 'जीरो वेस्ट कैंपस' बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

### वांगचुक की भूख हड़ताल जारी

# दीपके ने की यूपीएससी अभ्यर्थियों से मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) का धरना 21वें दिन शुक्रवार को भी जारी रहा, जबकि सोनम वांगचुक की भूख हड़ताल भी 13वें दिन भी जारी रही। भूख हड़ताल के चलते वांगचुक का वजन व स्वास्थ्य लगातार गिर रहा है, लेकिन उन्होंने पिछे हटने से मना कर दिया है। वहीं सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने गुरुवार देर रात दिल्ली स्थित मुखर्जी नगर पहुंच यूपीएससी व एससीसी अभ्यर्थियों से मुलाकात की थी।

इस दौरान छात्रों ने प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़ी अपनी परेशानियां, भविष्य को लेकर चिंता और रोजगार व्यवस्था से जुड़े कई मुद्दे खुलकर सामने रखे। दीपके ने कहा कि सभी अभ्यर्थियों के संघर्ष, उम्मीदों और बिना किसी लाग-लपेट के सामने आई वास्तविकताओं ने यह साफ कर दिया है कि परीक्षा प्रणाली में सुधार अब टाला नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि देश के लाखों युवा अपने भविष्य के लिए वर्षों तक मेहनत करते हैं। इसलिए उन्हें निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध भर्ती प्रक्रिया मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा प्रणाली में सुधार केवल छात्रों की मांग नहीं, बल्कि देश के भविष्य से जुड़ा मुद्दा है। अगर योग्य युवाओं को समय पर अवसर नहीं मिलेंगे तो इसका असर पूरे रोजगार तंत्र पर पड़ेगा। जंतर-मंतर पर प्रदर्शनकारी अपनी मांगों को लेकर धरना स्थल पर डटे हुए हैं और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए परीक्षा प्रणाली में सुधार की मांग उठा रहे हैं।

## एलजी ने की चर्चा सत्र की अध्यक्षता, डीडीए बनाएगा द्वारका को प्रमुख आर्थिक और व्यावसायिक केंद्र

**नई दिल्ली।** उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने द्वारका क्षेत्र को एक प्रमुख आर्थिक और व्यावसायिक केंद्र के रूप में मजबूत करने के लिए शुक्रवार को उद्योग जगत के साथ बातचीत सत्र की अध्यक्षता की। द्वारका को एक प्रमुख आर्थिक और व्यावसायिक केंद्र के रूप में और अधिक विकसित करने की जिम्मेदारी निभाएगा। डीडीए के अनुसार एलजी ने सत्र को संबोधित करते हुए साफ कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के विकसित भारत विकसित दिल्ली के अनुसार विकास कार्य किए जा रहे है। यह योजना भी पीएम मोदी का विजन है जिसे पूरा करना है। उन्होंने कहा कि द्वारका में एक स्वच्छ, प्रदूषण-मुक्त और श्रम-केंद्रित औद्योगिक इकोसिस्टम होना चाहिए, जो स्थानीय कार्यबल के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार पैदा करे। एलजी ने दिल्ली के दीर्घकालिक आर्थिक विकास के लिए शहरी पुनर्विकास, बुनियादी ढांचे के अपग्रेडेशन और योजना सुधारों को महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर उद्योग जगत की तरफ से एलजी को द्वारका के निवेश इकोसिस्टम को मजबूत करने और ईज़ ऑफ़ डूइंग बिज़नेस को बेहतर से बेहतर बनाने के उपाय सुझाए गए। एलजी ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि द्वारका का औद्योगिक विकास स्वच्छ, स्थायी और प्रदूषण-मुक्त हो, और ऐसी इंडस्ट्रीज़ से बचा जाए, जो इस उप-नगर (सब-सिटी) की पर्यावरण गुणवत्ता को नुकसान पहुंचा सकती हैं।

# 'स्वच्छ हवा, स्वस्थ दिल्ली' के लिए सरकार और वर्ल्ड बैंक ने मिलाया हाथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

'स्वच्छ हवा, स्वस्थ दिल्ली' केवल प्रदूषण नियंत्रण कार्यक्रम नहीं, बल्कि बेहतर स्वास्थय और टिकाऊ भविष्य में निवेश है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को 'स्वच्छ हवा, स्वस्थ दिल्ली' (दिल्ली क्लीन एयर प्रोग्राम) के अंतर्गत आयोजित ओरिएंटेशन वर्कशॉप में मुख्य अतिथि के रूप में भागीदारी के बाद यह बात कही। उन्होंने कहा कि वायु प्रदूषण जैसी जटिल चुनौती से निपटने के लिए दिल्ली सरकार एक व्यापक, वैज्ञानिक और दीर्घकालिक रणनीति पर काम कर रही है। वायु गुणवत्ता में सुधार किसी एक विभाग का काम नहीं है बल्कि सभी विभागों की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर वर्ल्ड बैंक द्वारा परियोजना की तैयारी के लिए वित्तीय ग्रांट सुविधा की औपचारिक पुष्टि दिल्ली सरकार को सौंपी गई।

वर्ल्ड बैंक के सहयोग से 8,300 करोड़ रुपये की लागत से सात वर्षीय महत्वाकांक्षी परियोजना शुरू होगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि पर्यावरण विभाग की यह महत्वाकांक्षी सात वर्षीय परियोजना (सितंबर 2026 से अगस्त 2033) वर्ल्ड बैंक और अन्य बहुपक्षीय संस्थाओं के सहयोग से लागू की जाएगी। इसका उद्देश्य राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) के लक्ष्यों को गति देना है। वर्कशॉप में दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, आशीष सूद, सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा, भारत सरकार के आर्थिक विभाग के प्रतिनिधि, वर्ल्ड बैंक के कंट्री हेड पॉल प्रोसी और वर्ल्ड बैंक के अन्य प्रतिनिधि सहित सभी संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



■ रेखा गुप्ता ने ओरिएंटेशन वर्कशॉप का किया शुभारंभ

### पर्यावरण संरक्षण को रखा है प्राथमिकता में : सिरसा

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के दूरदर्शी नेतृत्व में दिल्ली सरकार ने पर्यावरण संरक्षण को अपनी प्राथमिकता में रखा है। वर्ष 2026-27 के ग्रीन बजट के तहत एक लाख करोड़ रुपये से अधिक के कुल बजट का लगभग 21 प्रतिशत हिस्सा स्वच्छ हवा, हरित दिल्ली और स्वच्छ यमुना के लिए समर्पित किया गया है। यह केवल वित्तीय आवंटन राजधानी के प्रत्येक नागरिक को बेहतर और स्वस्थ जीवन उपलब्ध कराने की सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

# वार्ड चुनाव व स्थायी समिति सदस्यों के लिए भाजपा-आप ने कराए नामांकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम में 15 जुलाई को होने वाले वार्ड समितियों के चुनाव व स्थायी समिति के सदस्यों के लिए नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन भाजपा व आप पार्टी ने अपने पार्षदों के नामांकन कराए। नामांकन के साथ ही निगम में सत्ता पावर की लड़ाई शुरू हो गई है।

सिटी सदर पहाड़गंज जोन में अध्यक्ष पद के लिए भाजपा ने उषा शर्मा को तो आप पार्टी ने किरण बाला को यहां उम्मीदवार बनाया है, जबकि उपाध्यक्ष पद पर शमीम बानो का नामांकन हुआ है। इसी तरह से सिविल लाइन जोन में भाजपा के गुलाब सिंह और आप की टिम्सी शर्मा चुनावी मैदान में है। करोलबाग जोन में भाजपा का वजूद न होने के चलते यहां आप ने अध्यक्ष पद पर अल्का धींगरा, उपाध्यक्ष पद पर कविता चौहान और स्थायी समिति सदस्य के तौर पर राजन अरोड़ा का नामांकन कराया गया है।

ग्रामीण क्षेत्र नरेला में भाजपा की जनता देवी अध्यक्ष, आईवीपी से शामिल दिनेश भारद्वाज उपाध्यक्ष और पवन कुमार ने स्थायी समिति सदस्य के लिए नामांकन किया है। जबकि आप के अनिल कुमार को अध्यक्ष, नेहा को उपाध्यक्ष और स्थायी समिति सदस्य के लिए रितु मुकेश कुमार का नामांकन कराया है। वेस्ट जोन में भाजपा के हरीश ओबरॉय, आप के दीपक वोहरा के बीच अध्यक्ष पद पर टक्कर होगी। वहीं उपाध्यक्ष पद पर भाजपा के सुनील कुमार चड्ढा तो आप के डिंपल अहूजा चुनावी मैदान में है। इसी तरह से सेंट्रल जोन में अध्यक्ष पद पर भाजपा ने नीतू तो आप ने राकेश लोहिया का नामांकन कराया है।

यहां से आईवीपी के हेमचंद गोयल स्थायी समिति सदस्य बनेंगे। केशवपुरम जोन में पलड़ा भाजपा के पक्ष में इसलिए यहां पार्टी नेअध्यक्ष पद पर विनीत वोहरा, उपाध्यक्ष के लिए मीनू गोयल और स्थायी समिति सदस्य के लिए सुशील कुमार का नामांकन कराया गया है। जबकि आप पार्टी ने किसी को नहीं उतारा। वहीं रोहिणी में भाजपा ने अध्यक्ष पद पर आईवीपी से भाजपा में आए सुमन अनिल राणा को अध्यक्ष पद के लिए उतारा है, वहीं आप ने पुष्पा का नामांकन कराया है।

उपाध्यक्ष पद पर भाजपा ने समिता तो आप ने रमेश चंद का नामांकन दाखिल कराया है। शाहदरा नॉर्थ जोन में अध्यक्ष पद पर भाजपा के पंकज लूथरा और आप के प्रियंका सक्सेना के बीच मुकाबला है। यहां उपाध्यक्ष पद पर भाजपा के बृजेश सिंह और आप के रोशन लाल मैदान में है। शाहदरा साउथ जोन में भाजपा के यशपाल सिंह और आप के विजय कुमार ने नामांकन किया है जबकि उपाध्यक्ष पद पर राजू सचदेवा और ज्योति रानी का नामांकन दाखिल हुआ है। यहां स्थायी समिति सदस्य के लिए भाजपा की मुनेश और आप की बिना चुनावी मैदान में है। साउथ जोन में आप की राजबाला टोकस, भाजपा के धर्मवीर के बीच अध्यक्ष पद पर चुनाव होंगे। वही उपाध्यक्ष पद पर गीता और ममता यादव के बीच कड़ी टक्कर होगी। वहीं नजफगढ़ जोन अध्यक्ष पद पर भाजपा के जय वीर राणा और आप के सिम्मी यादव को प्रत्याशी बनाया गया है। वहीं उपाध्यक्ष पद पर भाजपा की सुमन राठी और आप की आरती यादव के अलावा स्थायी समिति सदस्य के लिए भाजपा की शशि यादव व सुदेश कुमार चुनावी मैदान में है।

# दिल्ली सरकार ने किए प्रवक्ता नियुक्त

### मुख्यमंत्री ने तीन विधायकों को सौंपी गई जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने विधायक अभय कुमार वर्मा को दिल्ली सरकार का मुख्य प्रवक्ता तथा विधायक अनिल कुमार शर्मा और हरीश खुराना को सरकार का प्रवक्ता नियुक्त किया है। ये नियुक्तियां तुरंत प्रभाव से लागू हो गई है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि सरकार ने पारदर्शी, जवाबदेह और जनकेंद्रित शासन के संकल्प को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इस व्यवस्था के माध्यम से सरकार के नीतिगत निर्णयों, विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की आधिकारिक एवं तथ्यपरक जानकारी समयबद्ध तरीके से नागरिकों और मीडिया तक पहुंचाई जा सकेगी। रेखा गुप्ता ने कहा कि मुख्य प्रवक्ता और प्रवक्ताओं की नियुक्ति से सरकार एवं नागरिकों के बीच संवाद और अधिक सशक्त होगा तथा शासन से संबंधित प्रामाणिक, पारदर्शी और समयबद्ध जानकारी जनसामान्य तक सुव्यवस्थित रूप से पहुंच सकेगी। मुख्य प्रवक्ता और प्रवक्ता के रूप में नियुक्त जनप्रतिनिधि विभिन्न समसामयिक विषयों पर दिल्ली सरकार का अधिकृत पक्ष प्रस्तुत करेंगे। वे सरकार के महत्वपूर्ण निर्णयों, नीतिगत पहलों तथा जनहित से जुड़े मुद्दों पर आधिकारिक जानकारी साझा करेंगे, मीडिया के साथ प्रभावी संवाद स्थापित करेंगे तथा आवश्यकता पड़ने पर सरकार की ओर से तथ्यों और निर्णयों का स्पष्टीकरण भी देंगे। इसके साथ ही वे विभिन्न विभागों से प्राप्त अधिकृत सूचनाओं के आधार पर सरकार का दृष्टिकोण जनता तक पहुंचाने का दायित्व निभाएंगे।

### आईवीपी के सभी 16 पार्षद भाजपा में हुए शामिल

# दिल्ली में इन्द्रप्रस्थ विकास पार्टी का भाजपा में हुआ विलय

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




भाजपा पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की अनुमति से शुक्रवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता में दिल्ली भाजपा अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा एवं मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मुकेश गोयल सहित सभी 16 पार्षदों की उपस्थिति में इन्द्रप्रस्थ विकास पार्टी (आईवीपी) के भारतीय जनता पार्टी में विलय की घोषणा की।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि दिल्ली के महापौर प्रवेश वाही, निगम में नेता सदन जयभगवान यादव, दिल्ली भाजपा के महामंत्री विष्णु मित्तल की उपस्थिति में आईवीपी पार्षद भाजपा में शामिल हुए। मल्होत्रा ने बताया कि 17 मई 2025 को आम आदमी पार्टी से अलग होकर 16 निगम पार्षदों ने मुकेश गोयल के नेतृत्व में आईवीपी का गठन किया गया था और गुरूवार शाम मुकेश गोयल ने इन्द्रप्रस्थ विकास पार्टी के भारतीय जनता पार्टी में विलय करने का निवेदन दिल्ली भाजपा अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा एवं मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के समक्ष रखा। आईवीपी के सभी 16 पार्षद भाजपा में शामिल होने के बाद दिल्ली नगर निगम में भाजपा के पार्षदों की संख्या 139 हो गई है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि दिल्ली के इतिहास में पहली बार हुआ है जब कोई भी निगम पार्षद चाहे किसी भी पार्टी का हो, रेखा गुप्ता सरकार ने उसे एक करोड़ रुपये का फंड दिया है और आज उसी का नतीजा है कि दिल्ली ने बड़े खुशहाल तरीके से इस बार के मानसून का स्वागत किया है। मल्होत्रा ने कहा कि इन्द्रप्रस्थ विकास पार्टी के 16 पार्षदों की अपने वार्ड की जनता को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में रेखा गुप्ता सरकार के चौमुखी विकास से जोड़ने की इच्छा से प्रेरित है और उन्होंने शामिल हुए सभी पार्षदों और इनसे जुड़े कार्यकर्ताओं का भाजपा परिवार में स्वागत किया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यही वह समय है जब दिल्ली को सुधारा जा सकता है क्योंकि केन्द्र में भाजपा की मोदी सरकार ने दिल्ली को सुधारने का प्रयास पहले भी किया लेकिन पहले की सरकारों में काम करने की लालसा नहीं थी और आज जब भाजपा परिवार लगातार बड़ा होता जा रहा है दिल्ली का विकास और तेजी से होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम मोदी ने साफ कहा है कि सत्ता सुख भोगने का माध्यम नहीं है सेवा का माध्यम है इसलिए हम वर्षों से उपेक्षित दिल्ली की जनता के आशाओं को पूरा करने का काम करेंगे।

मुकेश गोयल ने कहा कि दिल्ली में नगर निगम में 2023 में जब आम आदमी पार्टी की सरकार बनी तो मुझे नेता सदन बनाया गया था लेकिन वह कार्यकाल हम लोगों के लिए काला दिन की तरह था क्योंकि कोई भी विकास का काम नहीं हुआ केवल बयानबाजी होती थी। उन्होंने कहा कि सड़क और जमीन पर कोई काम नहीं हुआ, किसी एक पार्षद को निगम पार्षद का वार्षिक बजट नहीं मिला लेकिन जब रेखा गुप्ता सरकार बनी तो धीरे धीरे आम आदमी पार्टी में भी खलबली मची।

### आईवीपी के ये पार्षद हुए शामिल

प्रदेश भाजपा के अनुसार, 16 पार्षद - वार्ड 15 से मुकेश गोयल, वार्ड 181 से हेमचंद गोयल, वार्ड 196 से देवेन्द्र कुमार, वार्ड 72 से उषा शर्मा, वार्ड 2 से दिनेश कुमार भारद्वाज, वार्ड 22 से सुमन अनिल राणा, वार्ड 33 से मनीषा जसवीर कराला, वार्ड 43 से बाबी, वार्ड 88 से रूनाक्षी शर्मा, वार्ड 99 से राजेश लाडी, वार्ड 107 से साहिब कुमार, वार्ड 108 से राखी यादव, वार्ड 148 से कमल भारद्वाज, वार्ड 149 से लीना कुमार, वार्ड 153 से हिमानी जैन और वार्ड 109 से अशोक पांडेय शुक्रवार को भाजपा में शामिल हुए हैं।

### बारिश के बाद पनपने लगे मच्छर

# भाजपा विपक्षी पार्टी को तोड़ने में लगी : यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में हुई जोरदार बारिश के बाद जलभराव और सड़ते कचरे की वजह से मच्छर पनपने लगे हैं, जिससे डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियां लोगों को परेशान कर रही हैं। लेकिन ट्रिपल इंजन वाली भाजपा सरकार इस ओर ध्यान देने के बजाय एमसीडी में अपनी संख्या बढ़ाने के लिए विपक्षी पार्टी को तोड़ने में लगी हुई है। यह बात शुक्रवार को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कही। उन्होंने कहा कि बुधवार और गुरुवार हुई राजधानी के कई हिस्सों में जोरदार बारिश से जलभराव और बाढ़ जैसे हालात पैदा हुए, जिससे लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया। अब जनता डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों के संकट का सामना कर रही है। बारिश के बाद सड़कों के गड्ढों, निर्माण कार्य के कारण हुए गड्ढों और कॉलोनियों में बिना उठाए हुए सड़ते कचरे में मच्छर पनपने लगे हैं। इस बाबत भाजपा शासित दिल्ली नगर निगम को कई जगहों पर जमा गंदगी और पानी को हटाने के लिए बड़े पैमाने पर सफाई अभियान चलाना चाहिए था, लेकिन बीजेपी अपनी ही 'बी-टीम' यानी आम आदमी पार्टी (आप) को तोड़ने में लगी रही। शुक्रवार को आप के निगम पार्षदों का एक अलग हुआ गुट, 'इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी' (आईवीपी), आधिकारिक तौर पर बीजेपी में शामिल हो गया।

यादव ने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी ने सत्ता में आने पर नागरिक बुनियादी ढांचे और जन-सुविधाओं को बेहतर बनाने के कई वादे किए थे।

**खबर संक्षेप**

## चोरी का 5 किलोग्राम कॉपर बरामद किया



**फरीदाबाद।** थाना एनआईटी क्षेत्र के अंतर्गत स्थित एक औद्योगिक इकाई की छत से एसी की कॉपर पाइप चोरी करने के मामले में अपराध शाखा सेक्टर-16 की टीम ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 5 किलो 300 ग्राम कॉपर बरामद किया है। पहचान सुमित निवासी गांधी कॉलोनी फरीदाबाद के रूप में हुई है। जिसको माननीय अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि वह एसी रिपेयरिंग का कार्य करता है। 7 जुलाई 2026 को वह उक्त कंपनी में एसी की मरम्मत करने गया था। उसकी नजर कंपनी की छत पर रखी एसी की कॉपर पाइपों पर पड़ी और उसने मौका पाकर उन्हें चोरी कर लिया था। अंकित बंसल एचआर विभाग एम्परियल आटो ने अपने शिकायत में उनकी कंपनी की छत पर एसी की कॉपर पाइपें रखी हुई थीं।

## दुष्कर्म के मामले में 20 साल का सश्रम कारावास



**गाजियाबाद।** न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) कोर्ट सं.- 02 ने शुक्रवार को नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले युवक को 20 साल का सश्रम कारावास व 50 हजार रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक सतीश शर्मा ने बताया कि रामशंकर यादव निवासी शालीमार गार्डन एक्सटेन्शन-1 रोज पार्क 154 एफएफ-1 थाना साहिबाबाद ने एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म किया था। 11 नवम्बर 2018 को जिसकी रिपोर्ट साहिबाबाद थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामला न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश कोर्ट सं.- 02 में विचाराधीन था। अदालत ने आरोपी को 20 साल का सश्रम कारावास व 50 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

**मुख्यमंत्री उड़न दस्ता ने नहरपार क्षेत्र का किया औचक निरीक्षण**

# अवैध रूप से चलाई जा रही जींस की फैक्ट्री पर की कार्रवाई प्रदूषण विभाग ने थे थमाया नोटिस, क्लोजर रिपोर्ट दी जाएगी

> कपड़े की रंगाई व धुलाई में उपयोग किए जाने वाले कैमिकल आदि को उपयोग करने के बाद निकलने वाले गंदे पानी को खुले में छोड़ दिया जाता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



मुख्यमंत्री उड़न दस्ता फरीदाबाद की टीम को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि नहरपार क्षेत्र के गांव डूंगरपुर के रकबा में अवैध रूप से फैक्ट्री चलाई जा रही है जहां पर जींस के कपड़े की रंगाई व धुलाई में उपयोग किए जाने वाले कैमिकल आदि को उपयोग करने के बाद निकलने वाले गंदे पानी को खुले में छोड़ दिया जाता है। जिससे प्रदूषण को बढ़ावा मिल रहा है। इस सूचना के सम्बंध में मुख्यमंत्री उड़न दस्ता फरीदाबाद द्वारा व्योम शर्मा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड फरीदाबाद की टीम के साथ गांव डूंगरपुर की राजस्व सम्पदा में साई कंपनी से यमुना पल की तरफ जाने वाले रास्ते पर जींस रंगाई की चल रही वर्कशॉप का औचक निरीक्षण किया गया।

इस वर्कशॉप को भूपेन्द्र निवासी मीठापुर द्वारा बिना किसी वैध अनुमति के चलाया जा रहा था। यहां पर रंगाई व धुलाई का काम किया जाता मिला। इस कार्य मे उपयोग किये जाने केमिकल आदि के निकलने वाले वेस्ट को खुले में छोड़ना पाया गया, जिससे जल प्रदूषण किया जा रहा था। प्रदूषण विभाग की टीम द्वारा वैध दस्तावेज पेश करने बारे कहा लेकिन वह कोई दस्तावेज पेश नही कर सके। निरीक्षण के दौरान जींस रंगाई की वर्कशॉप पूरी तरह से अवैध चलती पाई जाने पर प्रदूषण विभाग द्वारा स्पॉट इंस्पेक्शन तैयार की व बताया कि वर्कशॉप संचालक को कारण बताओ नोटिस देकर क्लोजर रिपोर्ट तैयार की जाएगी।

**आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं ने विरोध सभा का आयोजन किया गया**

# फरीदाबाद में विभिन्न मांगों के समर्थन में आंगनवाड़ी वर्करों ने काला दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के द्वारा आज अपनी मांगों के समर्थन में सरकार की टालमटोल की नीति के विरोध में काला दिवस मनाया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिले की विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों की सैकड़ो आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं सेक्टर-12 के पार्क में एकत्रित हुई। यहां पर विरोध सभा का आयोजन किया गया। इस सभा की अध्यक्षता जिला प्रधान मालवती ने की। जबकि संचालन जिला सचिव देवेंद्री शर्मा कर रही थी। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष नवल सिंह, पूर्व कर्मचारी नेता धर्मवीर वैष्णव और सीटू के जिला सचिव वीरेंद्र सिंह डंगवाल तथा सीटू जिला कमेटी सदस्य कमलेश भी उपस्थित रही। सभी वक्ताओं ने सरकार पर आंगनवाड़ी वर्करो और हेल्परों की उपेक्षा करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि आईसीडीएस जिसे अब सक्षम आंगनबाड़ी और पोषण दो का नाम दिया गया है। इसको दो अक्टूबर 2025 को 50 साल पूरे हों गए हैं। फिर भी यह अभी भी सिर्फ एक स्कीम ही बनी हुई है। और इसे स्कूली शिक्षा की तरह एक स्थाई कार्यक्रम का दर्जा नहीं मिला है। इस सरकार ने 2022 से आंगनबाड़ी वर्करों और हेल्परों को ग्रेच्यूटी देने के सुप्रीम कोर्ट के आदेश को लागू करने से इनकार कर दिया है। अब डिजिटलाइजेशन के नाम पर और फेस रिक्रिएशन सिस्टम लागू करके सरकार ने बड़ी संख्या में गरीब हकदारों को आंगनबाड़ी सेवाओं से बाहर कर दिया है। इसके अलावा लेबर कोड्स के नाम पर इस सरकार ने 8 घंटे काम, न्यूनतम वेतन, पेंशन और सामाजिक सुरक्षा के साथ-साथ यूनियन बनाने संघर्ष और हड़ताल करने के अधिकार को भी छीन लिया है।

### सरकार ने हमारी मांगों पर अभी तक कोई जवाब नहीं दिया

लेबर कोड्स में आंगनबाड़ी वर्करों समेत स्कीम वर्करों को वर्कर का दर्जा तक नहीं दिया गया है। यह काफी चिंता की बात है कि न्यायालय के निर्देश और आपके वायदे के बावजूद आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सहायिकाओं को आईसीडीएस से जुड़े कार्यों के अलावा दूसरे कार्यों जैसी बीएलओ की ड्यूटी एसआईआर और जनगणना के काम में लगाया जा रहा है। इससे आंगनबाड़ी के कामकाज पर बहुत विपरीत असर पड़ रहा है, देश भर की लगभग सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने 12 अप्रैल 12 फरवरी 2026 को हुई अखिल भारतीय आम हड़ताल में हिस्सा लिया था। लेकिन सरकार ने अभी तक हमारी किसी भी मांग पर कोई जवाब नहीं दिया है। ऐसे हालात में देश की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकायें आज काला दिवस मना रही है। आंगनबाड़ी कर्मी प्रदर्शन करते हुए लघु सचिवालय के सामने पहुंची।

**एक और मीडिएटर को सूरत गुजरात से किया काबू**

## ट्रेडिंग इनवेस्टमेंट के नाम पर 91.50 लाख रुपए की साइबर ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



ट्रेडिंग में निवेश कर अधिक मुनाफा दिलाने का झांसा देकर 91,50,000 रुपए की साइबर ठगी करने के मामले में साइबर थाना एनआईटी की टीम ने कार्रवाई करते हुए 9 जुलाई को एक अन्य आरोपी को सुरत से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान गोती हितेश भाई प्रवीन भाई निवासी सूरत गुजरात के रूप में हुई है। जिसको अदालत में पेश कर 6 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि एनआईटी निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी में शिकायत में बताया कि फेसबुक के माध्यम से उसकी एक व्यक्ति से बातचीत शुरू हुई, बाद में व्हाट्सएप पर जारी रही। ठगों ने उसे ट्रेडिंग में निवेश कर भारी मुनाफा कमाने का लालच दिया तथा उसका एक ट्रेडिंग अकाउंट खुलवाया। ठगों के झांसे में आकर शिकायतकर्ता ने अक्टूबर 2025 से जनवरी 2026 के बीच विभिन्न बैंक खातों में 91,50,000 रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद न तो उसे कोई लाभ मिला और न ही उसकी निवेश की गई राशि वापस मिली। शिकायत पर साइबर थाना एनआईटी में मामला दर्ज किया गया था। जांच में सामने आया कि आरोपी की साइबर ठगी के लिये खाता उपलब्ध करवाने वाले मीडिएटर की भूमिका थी।

## अवैध शराब तस्करी के अलग-अलग मामलों में 2 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

पुलिस की विभिन्न टीमों ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से देशी एवं अंग्रेजी शराब बरामद की है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि सेक्टर-16 की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए रशीद खान, निवासी आशियाना अपार्टमेंट सेक्टर-56 फरीदाबाद, हाल निवासी प्रेम नगर झुग्गी, मस्जिद के पास, बाईपास रोड सेक्टर-17 फरीदाबाद को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 250 पव्वे देशी शराब तथा 24 अध्धे अंग्रेजी शराब बरामद किए गए। इसी प्रकार पुलिस चौकी ग्रीन फील्ड की टीम ने कार्रवाई करते हुए रिंकू बैसला, निवासी गांव मेवला महाराजपुर फरीदाबाद को गिरफ्तार किया। कब्जे में लेकर आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामले दर्ज कर नियमानुसार कार्रवाई की गई है।

**जुआ अधिनियम के अंतर्गत फरीदाबाद पुलिस की कार्रवाई**

## अलग-अलग मामलों में 2 गिरफ्तार, 6350 रुपए बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

अपराध शाखा सेक्टर-56 एवं पुलिस चौकी टाउन-3 की टीमों ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर जुआ की 6350 रुपए की राशि बरामद की है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि अपराध शाखा सेक्टर.56 की टीम को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि एक व्यक्ति को 3 नबंर पुलिया पार्क, डबुआ मंडी के पास सट्टा खाई कर रहे हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए टीम ने मौके पर रेड कर मोहित निवासी एसजीएम नगर फरीदाबाद को सट्टा खाई करते हुए गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से जुआ से संबंधित 5200 रुपए बरामद किए गए। वहीं एक अन्य मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस चौकी टाउन-3 की टीम ने असलम वासी राहुल कॉलोनी फरीदाबाद को राहुल कॉलोनी के पास सट्टा खाई करते हुए गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 1150 रुपए की जुआ राशि बरामद की गई। आरोपियों के विरुद्ध संबंधित थाना में जुआ अधिनियम के तहत मामले दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

**ससुर ने पत्नी को भेजने से मना करने पर दिया ख़ौफ़नाक वारदात को अंजाम**

## नशे में धुत भाजपा नेता ने ससुर को चाकू से हमला कर उतारा मौत के घाट, आरोपी फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद



यहां मोदीनगर में शराब के नशे में धुत भारतीय जनता पार्टी के नेता ने अपने ससुर की चाकू से ताबड़ तोड़ हमला कर नृशंस हत्या कर कर दी और पैदल ही फरार हो गया। घटना गुरूवार की देर रात को उस समय हुई जब भाजपा नेता अपनी पत्नी को लेने के लिए फफराना रोड पर गया था। इस दौरान भाजपा नेता के हमले में उसकी पत्नी भी घायल हो गयी। पुलिस ने मृतक के के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए हैं।

डीसीपी ग्रामीण एसएन तिवारी ने बताया कि मृतक का नाम अनार सिंह है। जो मोदीनगर के फफराना रोड के रहने वाले थे। वह मोदी रबर फैक्ट्री से रिटायर्ड कर्मचारी थे। अनार सिंह की तीन बेटियां हैं। जिनमें से एक बेटी मोनिका की शादी बुलंदशहर के शिकारपुर निवासी संदीप चौधरी के साथ हुई है। वह अभी वर्तमान में मोदीनगर के ब्रह्मपुरी इलाके में रहता है।वह भाजपा का नेता है। मृतक अनार सिंह के बेटे ने बताया कि उसके जीजा संदीप चौधरी और बहन मोनिका ने 15 साल पहले लव मैरिज की थी। दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। जिसके बाद बहन मायके चली आई थी। गुरुवार रात जीजा संदीप चौधरी गुस्से में उनके घर पहुंचे । संदीप शराब के नशे में धुत्त थे। संदीप चौधरी अपनी पत्नी मोनिका को मनाने की कोशिश की लेकिन । उसने साथ चलने से इंकार कर दिया। वह गुस्से में आकर झगड़ा करने लगा। इस पर ससुर ने उसको डांटते हुए घर से निकल जाने को कहा। इस पर संदीप चौधरी ने कमर से चाकू निकालकर अनार सिंह के पेट में ताबड़तोड़ वार कर दिया। उन्हें गंभीर दशा में अस्पताल ले जाया गया।जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। एसएन तिवारी का कहना है कि जल्दी ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की**

## गड्ढे में डूबने से मासूम की मौत माता-पिता रात भर तलाशते रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद



गाजियाबाद स्थित लोनी के थाना अंकुर विहार क्षेत्र के अंतर्गत मिल्क गांव के पास झुग्गियों में रहने वाले एक सात वर्षीय मासूम बच्चे की पानी से भरे गहरे गड्ढे में डूबने से मौत हो गई। बच्चा गुरुवार की शाम से लापता था, जिसका शव शुक्रवार दोपहर गड्ढे के पानी के ऊपर उतराता हुआ मिला। इस घटना के बाद से पीड़ित परिवार व पूरे इलाके में शोक छाया हुआ है। एसीपी अंकुर विहार, अमरदीप मौर्य ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि 9 जून की रात करीब 11:30 बजे मिल्क गांव की झुग्गियों में रहने वाले सतीश नामक व्यक्ति ने थाने आकर पुलिस को सूचना दी। सतीश ने बताया कि उनका सात वर्षीय बेटा पोलू शाम करीब 7:00 बजे झुग्गियों के पास ही खेल रहा था, लेकिन अचानक वह कहीं लापता हो गया। काफी खोजबीन के बाद भी जब उसका कुछ पता नहीं चला, तो परिजनों ने घबराकर पुलिस से मदद की गुहार लगाई। मामले की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय पुलिस तुरंत हरकत में आई और मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। पुलिस टीम ने आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले ताकि बच्चे के मूवमेंट का पता लगाया जा सके। किसी भी फुटेज में बच्चे का कहीं आना-जाना या बाहर जाना दिखाई नहीं दिया।

**खाते में 7.20 लाख रुपए हुए थे ट्रांसफर**

## डिजिटल अरेस्ट का भय दिखाकर वसूले थे 81 लाख रुपए, दूसरी लेयर का खाताधारक पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने डिजिटल अरेस्ट का भय दिखाकर 81,00,000 रुपये वसुलने के मामले में कार्रवाई करते हुए दूसरी लेयर के एक खाताधारक को 9 जुलाई को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान राजेश निवासी गांव बांस मूण्डधीस्या दौसा राजस्थान के रूप में हुई है। जिसको अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने अब तक इस मामले में 13 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस प्रवक्ता अनुसार जांच में सामने आया कि आरोपी राजेश घटनाक्रम में दूसरी लेयर का खाताधारक था। उसने अपना बैंक खाता खुलवाकर साइबर ठगों को उपलब्ध करा रखा था। जिसके बैंक खाते में ठगी की 7,20,000 रुपये की राशि ट्रांसफर की गई थी। जांच में यह भी सामने आया है कि प्रथम लेयर में दो बैंक खातों में 30 लाख रुपये और 51 लाख रुपये ट्रांसफर किये गये थे। 51 लाख रुपए वाले प्रथम लेयर के खाते में से आरोपी के खाते में 7.20 लाख आये थे। बता दें कि 21 अक्टूबर 2025 को सेक्टर-7 फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 14 से 18 अक्टूबर 2025 के बीच उसके पास कथित डिपार्टमेंट ऑफ टेलीकम्युनिकेशन डीसीपी बेंगलुरु एवं सीबीआई मुंबई के अधिकारी बनकर वीडियो एवं ऑडियो कॉल की गईं। आरोपियों ने शिकायतकर्ता को डिजिटल अरेस्ट कर भयभीत किया और बताया कि उसका नाम मनी लॉन्ड्रिंग एवं ह्यूमन ट्रैफिकिंग जैसे गंभीर मामलों में आया है। केस से नाम हटाने का झांसा देकर आरोपियों ने उससे विभिन्न बैंक खातों में 81,00,000 रुपये ट्रांसफर करवा लिये।

**व्यवसायियों को लगातार रंगदारी की धमकियां मिल रही थीं**

**बदमाशों और पुलिस के बीच हुई गोलीबारी**

## रंगदारी की साजिश पर गुरुग्राम पुलिस का बड़ा प्रहार: मुठभेड़ में चार शूटर ढेर, एक घायल, अस्पताल में भर्ती

धर्मेंद्र कौशिक ▶▶ गुरुग्राम





गुरुग्राम पुलिस ने रंगदारी और हत्या की साजिश को नाकाम करते हुए कारोबारी के घर फायरिंग कर रहे चार शूटरों को मुठभेड़ में ढेर कर दिया। जबकि एक बदमाश घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल भर्ती कराया गया है। वीरवार रात सुशांत लोक फेज-2 में बदमाशों और पुलिस के बीच हुई भीषण मुठभेड़ में बदमाशों की गोलीबारी में एएसआई सुनील कुमार, सिपाही मंजीत सिंह और सिपाही शमशेर सिंह भी घायल हुए हैं। सभी घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

एसीपी क्राइम नवीन शर्मा ने बताया कि विदेश में बैठे एक कुख्यात गैंगस्टर की ओर से व्यवसायियों को लगातार रंगदारी की धमकियां मिल रही थीं। इसी इनपुट के आधार पर क्राइम ब्रांच की टीमें कई दिनों से संभावित ठिकानों पर निगरानी कर रही थीं। वीरवार रात करीब 9:50 बजे काले रंग की स्कॉर्पियो में सवार पांच शूटर कारोबारी विशाल बेरी के घर पहुंचे और मकान के साथ-साथ आसपास के घरों पर अंधाधुंध गोलियां बरसानी शुरू कर दीं। वारदात के दौरान एक आरोपी मोबाइल फोन से पूरी घटना की वीडियो रिकॉर्डिंग भी कर रहा था। पहले से तैनात पुलिस टीमों ने तत्काल पूरे इलाके की घेराबंदी कर बदमाशों को आत्मसमर्पण की चेतावनी दी, लेकिन उन्होंने पुलिस पर ही ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। जवाब में पुलिस ने आत्मरक्षा, आमजन की सुरक्षा और आरोपियों को काबू करने के लिए नियंत्रित जवाबी कार्रवाई की। करीब चली भीषण गोलीबारी में पांचों बदमाश घायल हो गए।

### सभी आरोपियों को अस्पताल पहुंचाया



सभी आरोपियों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने दीपा उर्फ संदीप (फतेहाबाद), आर्यन (रोहतक), नितिन (रोहतक) और अंकित (रोहतक) को मृत घोषित कर दिया। शिवम (मेवात) का गंभीर हालत में उपचार चल रहा है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दीपा उर्फ संदीप के खिलाफ आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट समेत संगीन धाराओं में 14 मुकदमे दर्ज हैं, जबकि नितिन पर हत्या के प्रयास और अवैध हथियार रखने के दो मामले दर्ज हैं। अन्य आरोपियों का आपराधिक रिकॉर्ड भी खंगाला जा रहा है। घटनास्थल से पुलिस ने पांच आधुनिक पिस्टल, 50 से अधिक खाली कारतूस, बड़ी संख्या में जिंदा कारतूस और वारदात में प्रयुक्त स्कॉर्पियो बरामद की है।

**महिला के साथ पहुंचा, शादी को लेकर हुआ विवाद**

## होटल में युवक ने लगाया फंदा गंभीर हालत में दिल्ली रेफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

एनआईटी-5 क्षेत्र स्थित एक होटल में शुक्रवार को उस समय हडक़ंप मच गया, जब एक युवक ने होटल के कमरे के अंदर कथित रूप से फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। युवक एक विवाहित महिला के साथ होटल में पहुंचा था। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया, जिसके बाद युवक ने यह कदम उठाया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे दिल्ली रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार युवक की पहचान 22 वर्षीय मुरारी के रूप में हुई है। वह मूल रुप से बिहार का निवासी है और वर्तमान में दिल्ली के लक्ष्मी नगर में रहता है। होटल में उसके साथ मौजूद महिला बल्लभगढ़ के सेक्टर.3 की रहने वाली है। महिला ने बताया कि वह भी मूल रूप से बिहार की रहने वाली है, शादीशुदा है और उसका एक बच्चा भी है। दोनों पिछले करीब ढाई साल से एक-दूसरे को जानते हैं और दोनों निजी कंपनियों में नौकरी करते हैं। महिला के अनुसार युवक काफी समय से उस पर शादी करने का दबाव बना रहा था। इसी विषय पर बातचीत करने के लिए दोनों होटल में मिले थे। बातचीत के दौरान दोनों के बीच विवाद हो गया। महिला का कहना है कि विवाद के बाद युवक ने चुन्नी से फांसी लगाने की कोशिश की। उसने युवक को रोकने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं माना। फंदा युवक के गले में फंस गया, लेकिन वजन अधिक होने के कारण चुन्नी निकाल गई और युवक नीचे जमीन पर गिर पड़ा। गिरने से उसे चोट भी आई। घटना के बाद घबराई महिला ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही एनआईटी थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने युवक को तुरंत सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया। युवक की हालत गंभीर होने के कारण उसे बेहतर इलाज के लिए दिल्ली के अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने युवक के परिजनों को भी घटना की सूचना दे दी है।

एनआईटी थाना के एएसआई महेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस को होटल के अंदर एक युवक द्वारा फांसी लगाने की सूचना मिली थी। टीम मौके पर पहुंची तो युवक कमरे के अंदर जमीन पर घायल अवस्था में पड़ा मिला। उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से डॉक्टरों ने गंभीर हालत को देखते हुए दिल्ली रेफर कर दिया।

## खबर संक्षेप

### 10 वर्षीय छात्रा मृत मिली, 2 शिक्षक अरेस्ट

**बेतिया।** बिहार के पश्चिम चंपारण जिले में एक निजी स्कूल के छात्रावास में 10 वर्षीय छात्रा



संदिग्ध परिस्थितियों में मृत मिली। लौकरिया थाना प्रभारी रमन कुमार ने कहा कि शुक्रवार सुबह सूचना मिली कि हरनाटांड़ बाजार स्थित एक निजी विद्यालय-सह-छात्रावास में छात्रा अपने कमरे में मृत पाई गई। उन्होंने बताया कि छात्रा के शरीर पर आंख के पास चोट के निशान थे।

### 42 पंचायत सहायकों के खिलाफ कार्रवाई शुरू

**गोंडा।** ग्राम पंचायत सचिवालयों में तैनात पंचायत सहायकों की लापरवाही पर प्रशासन ने सख्त




रुख अपनाकर पिछले तीन माह से ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज न करने वाले छह विकास खंडों के 42 पंचायत सहायकों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी गई है। शासन स्तर पर समीक्षा के बाद डीपीआरओ ने संबंधित खंड विकास अधिकारियों को कार्रवाई कर संविदा समाप्ति की संस्तुति भेजने के निर्देश दिए हैं।

### धनबाद में गरजा बुलडोजर, ढहा दिए गए 7 घर

**धनबाद।** धनबाद जिले में प्रशासन ने कार्रवाई की है। यहां जिला परिषद ने अपनी जमीन को



अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए कार्रवाई की। डीडीसी सन्नी राज के निर्देश पर भुईंफोड़ मंदिर के समीप जिला परिषद की भूमि पर बने सात कच्चे मकानों को बुलडोजर से हटाया गया। इस दौरान प्रशासन और जिला परिषद के अफसरों की मौजूदगी में क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए थे।

## चढ़ावा चोरी मामला सुबह 9 से शाम 6 बजे तक होगी गिनती

# अब सिर्फ एक शिफ्ट में होगी राम मंदिर के चढ़ावे की गिनती नए शेड्यूल के साथ ट्रायल शुरू, 20 कर्मियों ने काम छोड़ा

राम मंदिर में चढ़ावे की गणना के लिए नई समय सारिणी लागू की गई है, जिसमें दो पालियों की जगह अब एक ही शिफ्ट में सुबह 9 से शाम 6 बजे तक गिनती होगी। इस बदलाव के कारण कुछ गणनाकर्मियों ने काम छोड़ दिया है

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

राम मंदिर में चढ़ावे में आ रही धनराशि की गणना के लिए नई समय सारिणी तैयार की गई है। बीते दिनों ट्रस्ट कोषाध्यक्ष गोविंददेव गिरि व बैंक अधिकारियों के बीच बैठक में दो पालियों की गणना प्रक्रिया को एक शिफ्ट में कराये जाने को लेकर सहमति बनी थी, जिसका ट्रायल भी बैंक ने शुरू कर दिया है। अब सुबह नौ से शाम छह बजे तक गणना हो रही है।



समय सारिणी के बदलाव के कारण पूर्व की तुलना में बैंक को कम कर्मचारियों की आवश्यकता है। बैंक सूत्रों ने बताया कि इस समय नित्य 12 से 14 कर्मचारी लगाए जाते हैं। जब बैंक प्रबंधन ने गणनाकर्ता आउटसोर्स कर्मचारियों को इस बारे में बताया, तो इसमें से कई को नई व्यवस्था नहीं भायी। 20 ने स्वतः कार्य छोड़ दिया। एक गणना कर्मी ने भी बताया कि पहले दो शिफ्ट में ये कार्य होता था, तो वह एक शिफ्ट में गणना करते थे और दूसरी शिफ्ट में दूसरा कार्य, जिससे अतिरिक्त आय हो जाती थी। पर सुबह नौ से छह बजे तक की गणना प्रक्रिया होने से दूसरा कार्य बाधित हो रहा है। आय भी प्रभावित हो रही है। अब कार्य के घंटे भी बढ़ गए।

### छह घंटे करनी पड़ती थी गणना

पहले एक पाली में छह घंटे गणना करनी होती थी, जो अब नौ घंटे हो गई। गणना का यह नया स्वरूप उपयुक्त नहीं लगा। चढ़ावे की गणना पहले सुबह आठ बजे से दो बजे तक और दूसरी पाली में दोपहर दो बजे से रात आठ बजे तक होती थी। बैंक के एक अधिकारी ने त्यागपत्र की बात को अफवाह करार दिया। कहा कि जिसे समय सारिणी अच्छी लगी वे हैं। कहा, इस ट्रायल में कम लोगों की जरूरत भी है। हम बैंक अवधि में चढ़ावे की गणना कराना चाहते हैं। बताया कि इस समय नित्य 12 से 14 कर्मचारी ही लगे हैं। दो पालियों वाली गणना में कुल 40 कर्मचारी लगते थे।

### 18-20 लाख रुपए रोज आ रहा चढ़ावा

बैंक प्रबंधन की मानें तो दानपात्रों के चढ़ावे में भी कोई विशेष परिवर्तन नहीं आया। पहले यह धनराशि 18 - 20 लाख रुपये के बीच होती थी। आज भी चढ़ावा नित्य इसी रेंज में है, जो बैंक में गणना के बाद जमा हो रहा है। निगरानी को और सख्त किया गया है। जहां कैमरे नहीं थे, वहां कैमरे भी लगाए गए हैं।

## मुख्यमंत्री ने बीकापुर में 432 करोड़ विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण, बोले-

# हनुमानगढ़ी की सीढ़ियों पर नमाज पढ़वाने वाले क्या जामा मस्जिद में हनुमान चालीसा करा पाएंगे

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सपा वाले वक्फ के नाम पर जिस श्रृंग्वेरपुर में कब्जा करा रहे थे, वहां भाजपा सरकार ने भगवान राम व निषादराज के मिलन की भव्य प्रतिमा व स्मारक का निर्माण कराया गया है...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अयोध्या/बस्ती

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आस्था का दिखावा करने वाले दलों पर रामनगरी में कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि इन लोगों ने हनुमानगढ़ी में नमाज पढ़वाई थी, लेकिन क्या सपा, कांग्रेस या अन्य सरकारें जामा मस्जिद में हनुमान चालीसा का पाठ करवा पाएंगी। यदि नहीं करा पाएंगी तो हनुमानगढ़ी की सीढ़ियों पर नमाज पढ़वाने का पाप क्यों कराया गया था? आस्था का दिखावा कर रहे लोगों ने यह पाप किया था, जबकि भाजपा ने अयोध्या को सनातन धर्म की सांस्कृतिक राजधानी के रूप में स्थापित किया। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को बीकापुर विधानसभा क्षेत्र में 432 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 217 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/ शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने यहां पूर्व मंत्री मुन्ना सिंह चौहान की प्रतिमा का अनावरण भी किया और लोकार्पण व शिलान्यास वाली तमाम योजनाओं का जिक्र कर इनका श्रेय जनता व जनप्रतिनिधियों को दिया।

**मुख्यमंत्री ने पूर्व मंत्री मुन्ना सिंह चौहान की प्रतिमा का भी किया अनावरण**




### बस्ती को 500 करोड़ से अधिक की 70 विकास परियोजनाओं की सौगात

सीएम योगी ने बस्ती में 500 करोड़ से अधिक लागत की 70 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने अपनी सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख किया और पूर्ववर्ती सरकार पर कानून-व्यवस्था, शिक्षा, विकास और आस्था के मुद्दों को लेकर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि पिछले सवा नौ वर्षों में प्रदेश में दंगे और बड़े उपद्रव नहीं हुए तथा महिलाओं, व्यापारियों और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की गई है। मुख्यमंत्री ने विकसित बस्ती की अवधारणा पर जोर देते हुए मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, कृषि सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, मखौड़ा धाम आदि विकास कार्यों का उल्लेख किया।

### मां ज्वाला के नाम पर होगी खिरौनी-सुचित्तागंज नगर पंचायत

सीएम ने कहा कि बीकापुर विधायक की मांग पर नगर पंचायत मां ज्वाला देवी के नाम पर होगी। सपा का असली चरित्र सभी ने देखा होगा, जब इनके नमूने चेयरमैन ने भदरसा में गुस्ताखी की थी। भदरसा नगर पंचायत अब भरतनगर भरतकुंड होगा। भरत जैसा भाई मिलना मुश्किल है, लेकिन अयोध्या में राम, लक्ष्मण, भरत व शत्रुघ्न जैसे भाई हुए। चारों दिशाओं में अयोध्या की पहचान आज भी मौजूद है।

### सपा-कांग्रेस कुछ नहीं कर सकीं तो अयोध्या के विरोध में जुटीं

सीएम ने सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा व कांग्रेस वाले कुछ नहीं कर पाए, इसलिए अयोध्या का विरोध कर रहे हैं। डबल इंजन सरकार ने निषादराज के नाम पर रैनबसेरा और मां शबरी के नाम पर भोजनालय बनवाकर समरसता फैलाई। हरिद्वार में हरि की पैड़ी की तरह ही अयोध्या में राम की पैड़ी दिख रही है।

## सम्राट चौधरी के घर एनडीए की बैठक

# सिर्फ पटना नहीं, हर ब्लॉक में तालमेल चाहिए: संजय

एजेंसी ▶▶ पटना



बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के पटना के एक अणे मार्ग स्थित आवास पर एनडीए की अहम बैठक आयोजित की गई है। इस बैठक में शामिल होने से पहले जनता दल यूनाइटेड के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने कहा कि सभी घटक दलों के बीच सिर्फ पटना ही नहीं बल्कि हर जिला और ब्लॉक तक तालमेल होना चाहिए। इसी उद्देश्य से यह बैठक आयोजित की गई है। इस बैठक में बिहार एनडीए के सभी पांचों घटक दल भाजपा, जदयू, लोजपा (रामविलास), हम एवं रालोमो के जिलाध्यक्ष, वरीय नेता शामिल हुए हैं। संजय झा ने गुरुवार को पटना में मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि इस बैठक का उद्देश्य केवल रणनीति बनाना नहीं है। बल्कि जिला और ब्लॉक स्तर तक बेहतर समन्वय स्थापित कर बिहार के विकास कार्यों को अधिक प्रभावी बनाना है। उन्होंने कहा कि अब समन्वय सिर्फ पटना तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि हर जिले और ब्लॉक स्तर तक संगठन और सरकार के बीच बेहतर तालमेल होना जरूरी है।

# कांवड़ यात्रा मार्ग पर मांस-मछली की दुकानें रहेंगी बंद

एजेंसी ▶▶ लखीमपुर खीरी



सावन मे कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए तहसील सभागार में विधायक लोकेंद्र की अध्यक्षता में सभी विभागों के अधिकारियों की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में एसडीएम, क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार सिंह, तीनों थानों के प्रभारी निरीक्षक, नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी जगदेव प्रसाद मौर्य, पीडब्ल्यूडी, आबकारी, फायर ब्रिगेड समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## पेज एक का शेष

### सहयोग से जुड़े विभिन्न...

भारत-ईयू के मध्य व्यापार वार्ता में शामिल होंगे और बेल्जियम के शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व से भी उनकी मुलाकात होगी।

**खाड़ी क्षेत्र में रहते 1 करोड़ भारतीय :** बीते दिनों होर्मुज जलडमरूमध्य और उसके आस-पास के इलाकों में भारतीय सवार मालवाहक जहाजों पर बढ़ते अमेरिका के मिसाइल हमलों के बीच भारत-ओमान के विदेश मंत्रियों की यह अहम बैठक हुई है। हमलों में देश के कई नागरिकों की मौत भी हो चुकी है। वर्तमान समय में भी होर्मुज सहित समूचे पश्चिम-एशिया क्षेत्र में परिस्थितियां चिंताजनक बनी हुई हैं। ईरान के सर्वोच्च धार्मिक नेता अयातुल्ला खामेनेई के अंतिम संस्कार कार्यक्रम के दौरान एक बार फिर से अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध भड़क गया है। जिससे दुनियाभर में तनाव फैला हुआ है। खाड़ी क्षेत्र में जारी यह युद्ध भारत के लिए भी चिंता का सबब बना हुआ है। क्योंकि वहां पर हमारे कुल करीब 1 करोड़ लोग रहते हैं।

**नाविकों की मदद के लिए की सराहना :** विदेश मंत्रालय के मुताबिक, ओमान के विदेश मंत्री हमद अल बुसैदी के साथ हुई बैठक में डॉ.जयशंकर ने भारत सरकार की तरफ से हालिया क्षेत्रीय घटनाक्रमों के दौरान भारतीय नाविकों की सहायता करने के लिए ओमान सरकार को भेजे गए सराहना संदेश से भी उन्हें अवगत कराया है। यात्रा में विदेश मंत्री की ओमान में रह रहे प्रवासी भारतीयों से भी मुलाकात हुई है। जिसमें उन्होंने बहुआयामी भारत-ओमान मित्रता को और अधिक मजबूत बनाने के लिए दिए गए प्रवासियों के योगदान की सराहना की है।

### सफलतापूर्वक संपन्न...

खत्म हो गया है। जिसके लिए वेनेजुएला की वर्तमान में कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने प्राकृतिक आपदा के दौरान समय पर की गई भारत की मदद, सहयोग और सद्भावना के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताया है।

**फील्ड अस्पताल से पहुंचाई मदद :** 26 जून को भारत ने इस अभियान की शुरुआत वायुसेना के 2 सी-17 ग्लोबमास्टर-तीन विमानों को वेनेजुएला के लिए रवाना कर की थी। भारतीय सेना के 60 पैरा फील्ड अस्पताल का 41 सदस्यीय चिकित्सा दल भी दक्षिण अमेरिकी देश भेजा गया था। जिसमें सर्जन, एनेस्थेसियोलॉजिस्ट, हड्डी रोग सर्जन, डेंटल व अन्य फिजिशियन, पैरामेडिकल और सपोर्ट स्टाफ शामिल थे। विमानों के साथ 2 भीष्म क्यूब भी वेनेजुएला भेजी गई थीं। इन्हें स्टेट ऑफ द आर्ट मॉड्यूलर-पोर्टेबल मोबाइल मिनी अस्पताल के लिए डिजाइन किया गया है। सैन्य परिवहन विमानों के जरिए भारत ने अभियान के दौरान मदद पहुंचाने के लिए 6 टन जरूरी दवाओं, मेडिकल उपकरणों और 30 टन राहत सामग्री (आपातकालीन राहत सामग्री, टेंट, सोलर लैंप, वाटर प्यूरीफायर व जेनरेटर सेट) की खेप वेनेजुएला को प्रदान की।

**फील्ड अस्पताल में हुई 20 बड़ी सर्जरी :** भारत ने अपने अमिस्ताद अभियान को वेनेजुएला की सरकार, स्थानीय एजेंसियों के साथ निकट समन्वय स्थापित कर संचालित किया। यह उनका ही सहयोग था, जिसकी मदद से सेना ने बड़ी तेजी के साथ भूकंप प्रभावित इलाके में अपना फील्ड अस्पताल खड़ा किया और फिर तेजी के साथ मरीजों का उपचार कार्य शुरू किया। अस्पताल में भूकंप से प्रभावित सैकड़ों लोगों को तुरंत आधार पर जरूरी चिकित्सा सहायता प्रदान की गई। 26 जून से भारत पहुंचने से पहले फील्ड अस्पताल में सेना के डॉक्टरों ने 8 हजार से अधिक मेडिकल प्रोसिजर और प्रयोगशाला जांच की। जिसमें 20 बड़ी सर्जरी भी शामिल हैं।

### पीएम मोदी पहुंचे...

समीक्षा करेंगे। पिछले दो वर्षों में भारत और न्यूजीलैंड के बीच व्यापार और रक्षा सहयोग में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। पीएम मोदी का एयरपोर्ट पर भारतीय समुदाय के लोगों ने स्वागत किया।

### आर्थिक और व्यापारिक...

प्रतिबद्धता जताई है। उन्होंने कहा कि हमारे द्विपक्षीय संबंधों में भारतीय प्रवासी समुदाय का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

### भारत आर्थिक महाशक्ति...

गहरी साझेदारी से फायदा होगा। अब हम एक बहुपक्षीय अंतरराष्ट्रीय माहौल में रहते हैं। अब सिर्फ एक सुपरपावर नहीं है; कई हैं। भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौता इस मामले में बहुत सही समय पर हुआ है।

### दोनों देशों की...

एग्री-टेक्नोलॉजी में न्यूजीलैंड की विशेषज्ञता भारत के विकास में, खासकर खेती की उत्पादकता और ग्रामीण आय बढ़ाने में, अहम योगदान दे सकती है।

### स्टीव वॉ और लीसा ...

की। यह तस्वीर उस समय की थी जब नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे और उनकी स्टीव वॉ से मुलाकात हुई थी। पूर्व महिला कप्तान लीसा स्थालेकर के आग्रह पर पीएम मोदी ने बैट पर अपने हस्ताक्षर दिए।

### सेनाप्रमुख जनरल सेठ...

परिचालन तैयारियों और मारक क्षमता की समीक्षा की है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर के उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के साथ शिष्टाचार भेंट की। जिसमें हुई वार्ता में केंद्रशासित प्रदेश की सुरक्षा, स्थिरता और समन्वय जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। उत्तरी कमांड में चिनार कोर, कश्मीर घाटी, व्हाइट नाइट कोर तथा जम्मू क्षेत्र के अग्रिम इलाके शामिल हैं।

**अमरनाथ यात्रा की व्यवस्थाओं को जांचा :** सेना के मुताबिक, जनरल सेठ ने चिनार कोर में सेना की परिचालन तैनाती, आतंकवाद रोधी अभियानों, अलग-अलग एजेंसियों के बीच समन्वय, सुरक्षा चुनौतियों में आ रहे बदलाव के साथ-साथ वर्तमान में चल रही अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की है। प्रौद्योगिकी के समावेशन, क्षमता संवर्धन और तमाम तरह के सैन्य अभियानों के लिए एकीकृत युद्धक तैयारी से जुड़ी हुई पहलों का अवलोकन किया।

**कुपवाड़ा, उड़ी में सैनिकों संग किया संवाद :** चिनार कोर के बाद सेनाप्रमुख ने कुपवाड़ा, उड़ी और मानसबल में मौजूद सैन्य संरचनाओं का जायजा लिया। जिसमें उन्हें सुरक्षा स्थिति, आतंकवाद रोधी ग्रिड, निगरानी तंत्र, क्षेत्रीय नवाचारों-परिचालन तैयारियों के बारे में अवगत कराया गया। अधिकारियों, जवानों, सैनिकों तथा केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) कर्मियों से बातचीत में जनरल धीरज सेठ ने जटिल परिस्थितियों में शांति-स्थिरता को बनाए रखने से जुड़े पेशेवर कौशल, परिचालन उत्कृष्टता, पेशेवर दक्षता, समर्पण तथा प्रतिबद्धता की सराहना की है।

**एलओसी के इलाकों पर भी गए :** व्हाइट नाइट कोर मुख्यालय में पुंछ, राजौरी और सुंदरबनी में एलओसी के अग्रिम क्षेत्रों में सुरक्षा स्थिति, आतंकवाद रोधी ग्रिड, सैन्य संरचनाओं की एकीकृत युद्धक तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने देश के प्रथम ग्रामों में जन केंद्रित पहलों के जरिए स्थानीय समुदायों को मजबूत बनाने के लिए सैन्य संरचनाओं के प्रयासों का आकलन किया, राष्ट्र प्रथम की भावना, विकसित भारत 2047 के संकल्प से प्रेरित होकर हमेशा रणनीतिक रूप से परिचालन के लिए तैयार, चुस्त-उत्कृष्टता की दिशा में निरंतर प्रयासरत रहने का आह्वान किया।

### कोर्टरूम में जजों...

एएसपी के खिलाफ साइबर अपराध का सिंडिकेट चलाने के लिए एफआईआर दर्ज करने का आदेश दें। इस पर जब जस्टिस विश्वनाथन ने हैरानी जताई, तो आरोपी ने मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) को अपशब्द कहे और कागज बिखेर दिए। सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत उसे हिरासत में ले लिया। याचिकाकर्ता ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी थी, जिसने लखनऊ मजिस्ट्रेट के आदेश को सही ठहराते हुए उसकी एफआईआर दर्ज करने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी थी। मजिस्ट्रेट ने उसकी अर्जी को एफआईआर के बजाय 'निजी शिकायत' मानने का निर्देश दिया था।

**दंडात्मक कार्रवाई नहीं की:** अदालत का फैसला इस गंभीर व्यवधान के बावजूद, बेंच ने याचिकाकर्ता के खिलाफ कोई दंडात्मक या अवमानना की कार्रवाई नहीं की। मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए जस्टिस विश्वनाथन ने कहा कि वह बहुत परेशान है। यह सब निराशा की वजह से है। हमारे मन में उसके लिए सिर्फ सहानुभूति है। अदालत ने मामले के गुण-दोष को देखते हुए हाई कोर्ट के आदेश में दखल से इनकार किया और उसकी स्पेशल लीव पिटिशन को खारिज कर दिया।

### भाजपा ने बांकीपुर...

ने नीरज को प्रत्याशी बनाने की मुहर लगा दी है। इसके उपरांत भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह ने नीरज को प्रत्याशी बनाने का पत्र जारी कर दिया है। अभिषेक बंटी ने पारिवारिक कारणों का हवाला देते हुए चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया था। उन्होंने अपना नामांकन वापस लेने की जानकारी पार्टी नेतृत्व को दे दी थी। अब चुनावी मुकाबले में भाजपा की रणनीति नए सिरे से आकार लेती दिख रही है। बांकीपुर उपचुनाव को लेकर सियासी सरगर्मी भी बढ़ गई है। बांकीपुर सीट इस बार बिहार की सबसे चर्चित सीटों में शामिल हो गई है। एक तरफ जन सुराज से खुद प्रशांत किशोर पहली बार चुनावी मैदान में हैं। दूसरी ओर भाजपा इस सीट को अपने कब्जे में बनाए रखने की कोशिश में जुटी है। ऐसे में उम्मीदवार बदलने के फैसले को रणनीतिक कदम माना जा रहा है।

### सीईओ को ये ...

3. भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्थाः भीड़ के प्रभावी प्रबंधन के लिए सीईओ जिला प्रशासन और पुलिस के साथ मिलकर काम करेंगे।

4. प्रशासनिक समन्वयः सीईओ ट्रस्ट बोर्ड, उसके अध्यक्ष, राज्य सरकार और स्थानीय प्रशासन के बीच एक मजबूत कड़ी के रूप में काम करेंगे ताकि सभी निर्णयों को जमीन पर तेजी से लागू किया जा सके।

5. निर्माण और रखरखावः मंदिर परिसर में चल रहे शेष निर्माण कार्यों, भवनों के रख-रखाव और सीसीटीवी नेटवर्क की निगरानी का जिम्मा भी उन्हीं का होगा।

## 250 युवाओं को बनाया बंधक 20 आरोपी को किया गिरफ्तार



एजेंसी ▶▶ वाराणसी

उत्तर प्रदेश के वाराणसी में पुलिस ने नौकरी दिलाने के नाम पर बेरोजगार युवाओं से करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले एक बड़े फर्जी मल्टी-लेवल मार्केटिंग और पिरामिड चेन नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। रोहनिया थाना क्षेत्र में कॉरपोरेट ऑफिस की आड़ में चल रहे इस नेटवर्क पर छापेमारी कर पुलिस ने 250 युवक-युवतियों को मुक्त कराया, जिन्हें मानसिक दबाव में रखकर नेटवर्क से नए लोगों को जोड़ने के लिए मजबूर किया जा रहा था। मामले में पुलिस ने 20 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि शुरुआती जांच में गिरोह के बैंक खातों में एक वर्ष के भीतर करीब 4 करोड़ रुपये का लेनदेन सामने आया है।

## छात्रावासों की कमियां जल्द दूर करें

# राज्यपाल ने विवि में गुणवत्ता व दूरदर्शी निर्माण पर दिया जोर




हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं राज्य विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर का आठवां दीक्षांत समारोह आयोजित हुआ। इस अवसर पर 1,071 विद्यार्थियों को उपाधियां और 47 मेधावी छात्रों को पदक प्रदान किए गए। साथ ही उन्नाव के 300 आंगनबाड़ी केंद्रों को किट वितरित की गई तथा 600 बालिकाओं का एचपीवी टीकाकरण कराया गया।

### राज्यपाल ने दिए एक महीने में कमियां दूर करने के निर्देश

राज्यपाल ने विश्वविद्यालय परिसर और छात्रावासों में चिन्हित कमियों को एक से दो माह में दूर करने, सुरक्षा एवं मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने भवन निर्माण में उपयोगकर्ताओं की जरूरतों और भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर डिजाइन तैयार करने की सीख दी।

## साहित्य वही, जो सीधे हृदय तक पहुंचे

# संस्कृति और आध्यात्म से जोड़ने का माध्यम बनेगा 'संत विवेक'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने कहा कि साहित्य का वास्तविक उद्देश्य केवल शब्दों का सृजन नहीं, बल्कि मनुष्य के हृदय तक पहुंचकर उसे संवेदनशील और संस्कारित बनाना है। उन्होंने यह विचार 'श्री कृष्ण प्रताप विद्या विन्दु लोकहित न्यास' एवं 'श्री शिव सिंह सरोज स्मारक समिति' के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित समारोह के अवसर पर व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन धर्म, संस्कृति, समाज, संस्कार और सेवा की भावना को सशक्त करते हैं तथा नई पीढ़ी को भारतीय चिंतन और मूल्यों से जोड़ने का कार्य करते हैं। कुंवर मानवेंद्र ने कहा कि 'संत विवेक-2026' का विशेषांक भक्ति काव्य, भारतीय आध्यात्मिक चिंतन और सांस्कृतिक विरासत का समृद्ध दस्तावेज है। उन्होंने डॉ. विद्या विन्दु के संपादकीय की सराहना करते हुए कहा कि इसमें भारतीय संस्कृति, भक्ति और पारिवारिक मूल्यों का गहन एवं प्रेरणादायी चित्रण है। उन्होंने कहा कि माता-पिता के प्रति श्रद्धा ही ईश्वर भक्ति का प्रथम सोपान है और यही भारतीय संस्कृति का मूल संदेश है।

KAMAL INSTITUTE OF HIGHER EDUCATION AND ADVANCE TECHNOLOGY
(Approved by AICTE and Affiliated to G.G.S.I.P. University, New Delhi.)
K-1 Extension, Mohan Garden, N.Delhi - 59
ADMISSION NOTICE
FOR MANAGEMENT QUOTA ACADEMIC SESSION-2026-27
Applications are now being accepted in both online and offline modes for the following courses:
BBA,BCA,B.COM(H)Ist & IInd Shift
B.Ed.
Prospective students can download the admission form from our website
URL: https://www.kamalinstitute.ac.in/pages/mq-admissions.html#form
or collect them in person from the Institute Reception between 10:00 AM and 3:00 PM.
Eligibility & Reservations will be followed as per Statutory Policy of GNCT of Delhi / GGSIPU
Start date of issue of form: 11/07/2026
Last date of issue of form: 30/07/2026
Last date of form submission: 31/07/2026
For further Details, Pls.Contact us at:
info@kamalinstitute.com
kamalinstitutehighereducation@gmail.com
8851735219, 8929000856
www.kamalinstitute.ac.in



## म्यूजिकल लव स्टोरी में नजर आएंगे आदित्य, मिलाप करेंगे निर्देशन

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर आदित्य रॉय कपूर जल्द ही डायरेक्टर मिलाप जावेरी की एक नई फिल्म में नजर आने वाले हैं। यह एक्शन और बेहतरीन गानों से भरपूर एक अनोखी म्यूजिकल लव स्टोरी होगी। फिल्म निर्माता भूषण कुमार और आदित्य रॉय कपूर एक बार फिर साथ आ रहे हैं। इससे पहले दोनों आशिकी 2 और मलंग जैसी हिट फिल्मों में साथ काम कर चुके हैं। अब दोनों साथ में एक म्यूजिकल लव स्टोरी लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन मिलाप जावेरी करेंगे। मिलाप जावेरी और आदित्य रॉय कपूर एक म्यूजिकल लव स्टोरी लेकर आ रहे हैं। मिलाप जावेरी ने कहा कि आदित्य में प्यार और दर्द को पर्दे पर दिखाने का एक अनोखा टैलेंट है। इस फिल्म में उनका किरदार काफी गहरा और दमदार होगा, जिसे दर्शक बेहद पसंद करेंगे।

लाइफ Style

# अंजलि

## बिना ऑडिशन धमाल 4 में हुई एंट्री

एजेंसी ⏭ मुंबई

पहले मैंने टेलीविजन पर काम किया था, इसलिए जो लोग टीवी देखते थे, वे मुझे जानते थे। फिल्म इंडस्ट्री के बहुत ज्यादा लोग मुझे नहीं जानते थे। फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी ने मेरे लिए यह बदल दिया। इंडस्ट्री के लोग मुझे पहचानने लगे। अब किसी को दोबारा परिचय नहीं देना पड़ता है। यह कहना है अभिनेत्री अंजलि आनंद का।

अंजलि आनंद शुक्रवार को रिलीज हुई फिल्म 'धमाल 4' में कामेडी करती दिख रही हैं। धमाल 4 से जुड़ने को लेकर वह कहती है कि मुझे लगता है कि यह फिल्म मेरे हिस्से में आनी ही थी। जब मेरी डायरेक्टर इंद्र कुमार से मुलाकात हुई, तो हमने करीब ढाई घंटे तक फिल्म की बात ही नहीं की। हम उनकी पुरानी फिल्मों के बारे में बातें करते रहे। फिर उन्होंने बस इतना कहा कि बेटा, मुझे तुम्हारा आडिशन लेने की जरूरत नहीं है। तुम इस फिल्म का हिस्सा हो। मुझे लगता है कि उन्होंने फिल्मों के प्रति मेरा प्यार देखा। उन्होंने मेरा दूसरा कोई काम भी नहीं देखा था, लेकिन शुरू से ही मुझ पर भरोसा किया। अंजलि कहती हैं कि बचपन से धमाल, भागम भाग, भूल भुलैया, गोलमाल से लेकर फिर हेरा फेरी तक मैंने सारी कॉमेडी फिल्में देखी हैं। ये मेरे दोस्तों की भी पसंदीदा फिल्में हैं। उनके डायलॉग आज भी हम सबको जुबानी याद हैं। मैं तो बस उस पल का इंतजार कर रही थी, जब मुझे भी अपना हुनर दिखाने का मौका मिलेगा और मैं यह साबित कर पाऊंगी कि मैंने इन सभी फिल्मों से बहुत कुछ सीखा है। अंजलि ने आगे कहा, 'अब उनके साथ परफार्म करने को मिल रहा है। सच कहूं तो मेरा अंदर का बच्चा बहुत खुश था। रितेश देशमुख से जब मैं पहली बार से मिली, तो मैंने उनसे कहा कि आपने जो फिल्म हे बेबी में शावर वाले सीन में गाना गाया था, उसे मैं आज तक नहीं भूल पाई हूं।




## हॉलीवुड मसाला




## ड्यून 3 में खतरनाक हुई जंग...

लॉस एंजिल्स। ड्यून 3 का आखिरकार ट्रेलर रिलीज हो चुका है, जो इस साइंस-फिक्शन सीरीज का आखिरी चैप्टर है। ट्रेलर में शानदार विजुअल्स और इमोशनल ड्रामा की झलक देखने को मिलती है। टिमोथी चालमेट एक बार फिर पॉल एट्राइड्स के रोल में नजर आ रहे हैं। लेकिन इस बार पॉल के सामने सबसे बड़ी चुनौती उसके नाम पर हो रही जंग के खतरनाक नतीजे हैं। ट्रेलर में वह अपनी ताकत और फैसलों के बोझ से जूझता दिख रहा है। जेंडाया भी ट्रेलर में नजर आती हैं। लेकिन, इस बार पॉल और चानी के रिश्ते में दरार साफ दिखती है। 'ड्यून पार्ट 2' के बाद दोनों के बीच दूरियां बढ़ गई हैं।




## 9 साल छोटी गर्लफ्रेंड संग ब्रैड का रिश्ता कनफर्म

**नई दिल्ली।** एंजेलिना जोली से अलग होने के बाद ब्रैड पिट फिर से प्यार में पड़ चुके हैं। वह खुद से 9 साल छोटी ज्वेलरी डिजाइनर को डेट कर रहे हैं, जिनके साथ उनकी रोमांटिक फोटोज सामने आई है। दरअसल, हॉलीवुड के सुपरस्टार ब्रैड पिट इन दिनों फेमस ज्वेलरी डिजाइनर इनेस डी रेमन को डेट कर रहे हैं। दोनों करीब दो साल से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं, लेकिन हाल ही में उन्होंने अपना रिश्ता इंस्टाग्राम पर ऑफिशियल किया है। सोशल मीडिया पर ब्रैड पिट और इनेस डी रेमन की लेटेस्ट फोटोज आग लगा रही हैं। ये तस्वीरें टेलर स्विफ्ट और ट्रैविस केल्स की शादी के फंक्शन की हैं। इनेस ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर ब्रैड पिट संग अपनी फोटोज को रीशेयर किया है जिसे सेलिब्रिटी हेयरस्टाइलिस्ट लौरी जानोलेटी ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया। हेयरस्टाइलिस्ट ने दोनों की तस्वीरें शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'न्यूयॉर्क के एक खास पल के लिए मेरे फेवरेट लवर्स इनेस और ब्रैड पिट।'




## मुखबिरः द स्टोरी ऑफ स्पाई का धुरंधर से तुलना


**नई दिल्ली।** सच्ची घटना पर आधारित एक और नई फिल्म 'मुखबिरः द स्टोरी ऑफ स्पाई' का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। इसे देख यूजर्स 'धुरंधर' से तुलना कर रहे हैं। जिस तरह हमजा ने पाकिस्तान में घुसकर धज्जियां उड़ाई थीं, उसी तरह इस बार हरफन बुखारी है। कई सच्ची घटनाओं पर आधारित 'धुरंधर' के बाद अब एक और जासूसी फिल्म आ रही है, जिसमें 'धुरंधर' जैसा ही दमखम देखने को मिलने वाला है। इस फिल्म का नाम है 'मुखबिरः द स्टोरी ऑफ ए स्पाई' और फिल्म की कास्ट भी काफी दमदार है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है, जो चर्चा में है। मालूम हो कि पहले 'मुखबिर' एक वेब सीरीज के तौर पर रिलीज की गई थी, पर अब फिल्म बनाकर रिलीज की जा रही है। जिस तरह 'धुरंधर' में मौत की सजा पाए जसकीरत सिंह रंगी को एक भारतीय जासूस बनाकर पाकिस्तान हमजा अली मजारी के नाम से भेजा जाता है।




## द पैराडाइज से राघव का नया पोस्टर जारी

**मुंबई।** फिल्म 'द पैराडाइज' में राघव जुयाल अहम भूमिका में नजर आएंगे। उनके किरदार का नाम विक्रम मालिक है। इस फिल्म में अभिनेता का नेगेटिव रोल है। शुक्रवार को राघव के जन्मदिन के मौके पर मेकर्स ने फिल्म से उनका पोस्टर रिलीज किया है। इसके साथ शुभकामनाएं दी हैं। राघव जुयाल ने आज इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट साझा किया है। इसी के साथ 'द पैराडाइज' से राघव के किरदार की झलक दिखाई है। सामने आए पोस्टर में राघव जुयाल मुंह में सिगरेट दबाए धुआं के छल्ले बना रहे हैं। काला चश्मा लगा रखा है और तीखे तेवर के साथ देख रहे हैं। उनका यह लुक किसी खूंखार डॉन जैसा है। किल और बैड्स ऑफ बॉलीवुड में राघव जुयाल पहले ही अपनी अदाकारी से दर्शकों का दिल जीत चुके हैं। अब वे तेलुगु फिल्म में अपने अभिनय का जलवा दिखाएंगे। इसके लिए उन्होंने ट्रांसफॉर्मेशन किया है और अपने लुक पर काफी काम किया है।

## टीवी मसाला




## रक्तांचल 3 में बदला और वर्चस्व का खूंखार खेल, आमने-सामने विजय-वसीम

**नई दिल्ली।** पूर्वांचल में माफिया की असल कहानी पर बनी वेब सीरीज 'रक्तांचल' के तीसरे सीजन का ट्रेलर रिलीज हो गया है। विजय सिंह और वसीम खान एक बार फिर आमने सामने हैं। इस बार बात सिर्फ बदले की नहीं है, बल्कि राजनीति के बदलते समीकरण और धोखेबाजी की भी है। रितम श्रीवास्तव के डायरेक्शन में बनी यह सीरीज 16 जुलाई से स्ट्रीम होगी। कहानी सिद्धार्थ मिश्रा ने लिखी है। समय ने बहुत कुछ छीना है हमसे, अब क्रोध भी नहीं है, सिर्फ एक आग है... ''रक्तांचल' सीजन 3' का ट्रेलर शुक्रवार को रिलीज हो गया है और पहले ही कुछ सेकेंड में विजय सिंह के किरदार का यह डायलॉग टोन सेट कर देता है। सच्ची घटनाओं पर आधारित इस वेब सीरीज का करीब दो मिनट का यह ट्रेलर हमें पूर्वांचल के उस खूंखार इलाके में वापस ले जाता है, जहां विजय सिंह और वसीम खान की पुरानी दुश्मनी, दबी हुई नफरत और सत्ता के नए खेल एक बार फिर भड़कने को तैयार हैं। कहानी पूर्वी उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल इलाके के दो मशहूर माफिया की 1980 के दशक की असल घटनाओं से प्रेरित है। सीरीज में क्रांति प्रकाश झा और निकितिन धीर लीड रोल में हैं। जब 2020 में इसका पहला सीजन और फिर 2022 में दूसरा सीजन रिलीज हुआ था, तब इस सीरीज की हिंसक और राजनीतिक दुनिया ने दर्शकों का ध्यान खींचा था। अब तीसरे सीजन में बात वर्चस्व से आगे बढ़कर बदले की है।

### हिना और रुबिना का नया टॉक शो हुआ ट्रोल

**नई दिल्ली।** टीवी के चर्चित सितारे भी अक्सर विवादों का हिस्सा बनते हैं। हाल ही में टीवी सेलेब्स से जुड़ी कुछ कंट्रोवर्सीज पर रुबिना दिलैक और हिना खान ने अपने नए टॉक शो में बात की। यह बातचीत फैंस और सोशल मीडिया यूजर्स को नहीं पसंद आई। इस वजह से दोनों एक्ट्रेसेस को ट्रोल भी किया गया है। रुबिना दिलैक ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर अपने नए शो 'पीओवी' का एक वीडियो शेयर किया। इसमें रुबिना के पति और एक्टर अभिनव शुक्ला भी नजर आए। साथ ही हिना खान और उनके पति रॉकी भी मौजूद दिखे। यह चारों शिल्पा शिंदे और आकांक्षा चमोला जैसी टीवी एक्ट्रेसेस की पिछली कंट्रोवर्सी पर चर्चा कर रही थीं। दोनों को लेकर अपने विचार जाहिर कर रही थीं। जब फैंस ने हिना खान और रुबिना के टॉक शो का वीडियो देखा तो उन्होंने खरी-खोटी सुना दी। दरअसल, यह दोनों ही टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेसेस हैं, दोनों की अच्छी-खासी फैन फॉलोइंग है। इन्हें इस तरह से दूसरों एक्टर्स की कंट्रोवर्सी पर बात करते देख, फैंस को अच्छा नहीं लगा। कई सोशल मीडिया यूजर्स ने इन्हें खूब ट्रोल किया।



## सिलक्यारा टनल हादसे पर बनेगी फिल्म, कबीर होंगे निर्देशक



**मुंबई।** आमिर खान प्रोडक्शंस, माइंड ब्लोइंग फिल्म्स और कबीर खान फिल्म्स ने नई फिल्म 'सिलक्यारा 41' का ऐलान किया है। अपकमिंग फिल्म भारत के उत्तराखंड में मौजूद सिलक्यारा टनल में हुए अद्भुत बचाव अभियान पर आधारित होगी। इस अभियान में विक्टोरिया (ऑस्ट्रेलिया) के स्थानीय हीरो और दुनिया भर में मशहूर टनलिंग एक्सपर्ट अर्नोल्ड डिक्स ने शानदार काम किया था। इस फिल्म को अवॉर्ड जीतने वाले भारतीय फिल्ममेकर कबीर खान डायरेक्ट करेंगे। इसे मशहूर ऑस्ट्रेलियाई स्क्रीनराइटर एंड्रयू एनास्टासियोस (द वॉटर डिवाइनर) ने लिखा है। यह फिल्म भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच एक रोमांचक साझेदारी को दिखाएगी। फिल्म के बारे में बात मेकर्स ने बताया 'हमें माइंड ब्लोइंग फिल्म्स और आमिर खान प्रोडक्शंस के बीच इस अहम सहयोग की घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है। सिलक्यारा टनल बचाव अभियान की कहानी ने मुझे गहराई से प्रभावित किया है। यह नामुमकिन हालात में हिम्मत, मजबूती, सूझ-बूझ और इंसानियत की कहानी है। हमें इस ऐतिहासिक दिन पर इसकी घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। भारत और ऑस्ट्रेलिया अपने आपसी रिश्तों में एक नया अध्याय शुरू कर रहे हैं।' ऐसे समय में जब दोनों देशों के नेता और प्रतिनिधिमंडल रिश्तों को मजबूत करने और आपसी सहयोग के नए दौर की शुरुआत करने के लिए मिल रहे हैं।

## राजेश ने माचिस से शुरू किया कॅरियर परिणीता फिल्म से मिली शोहरत

**नई दिल्ली।** बॉलीलुड और बंगाली फिल्मों में बेहतरीन अदाकारी के लिए मशहूर अभिनेता राजेश शर्मा इन दिनों चर्चा में हैं। खबर है कि वह हैदराबाद में प्रभास की अपकमिंग फिल्म 'फौजी' की शूटिंग में बिजी थे, तभी उनकी तबीयत बिगड़ गई। उन्हें कोलकाता के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राजेश शर्मा कई दशकों से इंडस्ट्री में हैं। फिल्मों और टीवी शो में काम करने वाले इस स्टार ने कई हिट प्रोजेक्ट्स में काम किया है। उनका जन्म 8 अक्टूबर 1970 को लुधियाना, पंजाब में हुआ था। उन्हें कम उम्र में ही एक्टिंग का शौक हो गया था। इसी वजह से उन्होंने नई दिल्ली के नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा में ट्रेनिंग ली। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत थिएटर से की थी। एक एक्टर के तौर पर उनकी पहली फिल्म 1996 में आई 'माचिस' थी। उन्होंने कई बंगाली फिल्मों में काम किया, जिसके बाद 2003 में 'परिणीता' फिल्म से शोहरत मिली। तब से, उन्होंने कई बड़े बजट की फिल्मों में काम किया है और भारतीय सिनेमा में लगातार सक्रिय रहे हैं। उन्होंने कई फिल्मों में अलग-अलग तरह के किरदार निभा कर अपने फैंस का दिल जीता है।



### कीड़े काटने से बीमार

प्रभास की आने वाली फ़िल्म की शूटिंग के दौरान कथित तौर पर कीड़े के काटने से बीमार पड़े लोकप्रिय बंगाली अभिनेता राजेश शर्मा अब भी डॉक्टरों की निगरानी में हैं। फ़िलहाल वह ख़तरे से बाहर हैं और डॉक्टर उनका इलाज कर रहे हैं।

### इन बड़ी फिल्मों में किया काम

राजेश शर्मा की बेहतरीन फिल्मों में भूल भुलैया 3, पीकू, खोसला का घोसला, द डर्टी पिक्चर, टॉयलेटः एक प्रेम कथा, तनु वेड्स मनु' और कई अन्य शामिल हैं। उन्हें स्पेशल 26 और एम.एस. धोनीः द अनटोल्ड स्टोरी से खासा पहचान मिली। राजेश शर्मा ने साल 2005 में बंगाली अभिनेत्री सुदीप्ता चक्रवर्ती के साथ शादी की थी।

रिलीज होते ही रच दिया था इतिहास, आज भी किया जाता है पसंद

# लाइटर को जलाते हुए बना किशोर कुमार का ब्लॉकबस्टर गाना

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

फिल्मों में जितनी अहम स्टोरी होती है, उतना ही उसके गानें। आज हम आपको किशोर कुमार के एक गाने के बारे में बताते हैं। इस गाने को किशोर कुमार की आवाज, आर डी बर्मन के म्यूजिक और आनंद बख्शी के लिरिक्स ने सुपरहिट बना दिया था। इतना ही नहीं आप हैरान हो जाएंगे कि इस गाने का सिगरेट जलाते हुए लाइटर से जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा है।

### लाइटर जलाने से जुड़ा गाने को लेकर किस्सा

इस गाने को लेकर विशाल ददलानी ने बताया था। उन्होंने एक रिएलिटी शो के दौरान कहा था कि पंचम दा सारी रात काम करके उन्होंने गाना बनाया था। जब धुन बनकर तैयार हो गई तो उन्होंने फिर इसे आनंद बख्शी को दिया ताकि वो इसके लिरिक्स लिख सकें। उस समय अब बारिश का मौसम था। आनंद बख्शी रात में घर जा रहे थे और रास्ते में वह सिगरेट जलाने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन बारिश की वजह से उनका लाइटर जल नहीं रहा था और बार-बार वो बुझ रहा था। तभी उनके दिमाग में एक लाइन आई कि चिंगारी कोई भड़के तो सावन उसे बुझाए। बस इसी के बाद उन्होंने गानों की शुरुआत की।



### कौनसा था वो गाना

*हम जिस गाने की बात कर रहे हैं वो है चिंगारी कोई भड़के। यह गाना फिल्म अमर प्रेम का है जिसमें राजेश खन्ना, शर्मिला टैगौर, विनोद मेहरा अहम किरदार में थे। अब आपको बताते हैं इस गाने से जुड़ा दिलचस्प किस्सा।*

### बख्शी साहब ने अमर बना दिया गाना

विशाल ने फिर कहा था, 'असली कलाकार वही होते हैं जो जिंदगी की साधारण घटनाओं को इतना खूबसूरत बना दें कि वो हमेशा के लिए लोगों के दिल में बस जाए। एक आम इंसान शायद इस घटना को नजरअंदाज कर देता, लेकिन बख्शी साहब जैसे गीतकार ने उस मोमेंट को उन लाइन से गाने को अमर बना दिया।'यह गाना काफी सुपरहिट हुआ था और आज भी इस गाने को काफी पसंद किया जाता है।

### आरडी बर्मन ने की थी खूब मेहनत

आईएमडीबी की रिपोर्ट के मुताबिक आर डी बर्मन इस फिल्म के दौरान अपने कमरे में जाते और सुबह 9 बजे से लेकर रात के 9 बजे तक काम करते थे। वहीं, इस फिल्म का दूसरा गाना ये क्या हुआ, कैसे हुआ 1970 में आई बंगाली फिल्म राजकुमारी का पूरा कॉपी था जो था ये कि होलो। इस गाने को किशोर कुमार ने गाया था और म्यूजिक आर डी बर्मन ने दिया था।

### बंगाली डायरेक्टर ने इंग्लिश में लिखी थी स्क्रिप्ट

बंगाली राइटर और डायरेक्टर अरविंद मुखर्जी को हिंदी नहीं आती थी इसलिए उन्होंने अमर प्रेम की स्क्रिप्ट इंग्लिश में लिखी थी। इसके बाद राइटर रमेश पंद ने उसे पूरा हिंदी में ट्रांसलेट किया, सिर्फ एक लाइन को छोड़कर पुष्पा आई हेट टियर्स।

## पुलिस मुख्यालय ने बड़े पैमाने पर पदोन्नति की प्रक्रिया शुरू की

# मप्र पुलिस में पदोन्नति का रास्ता साफ: एक साथ 400 निरीक्षक बनेंगे उप पुलिस अधीक्षक, आरक्षक तक मिलेगा प्रमोशन का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में करीब एक दशक से पदोन्नति का इंतजार कर रहे पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए बड़ी राहत की खबर है। पदोन्नति पर लगी रोक हटने के बाद पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) ने बड़े पैमाने पर पदोन्नति की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके तहत एक साथ करीब 400 निरीक्षकों (इंस्पेक्टर) को उप पुलिस अधीक्षक (डीएसपी) बनाया जाएगा।

पुलिस मुख्यालय ने इस संबंध में प्रस्ताव तैयार कर गृह विभाग को भेजने की तैयारी पूरी कर ली है। विभागीय स्तर पर माना जा रहा है कि गृह विभाग की मंजूरी के बाद जल्द ही विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की बैठक होगी और इसके बाद पदोन्नति आदेश जारी किए जाएंगे।

### प्रदेश में वर्तमान में 297 कार्यवाहक डीएसपी पदस्थ

जानकारी के अनुसार प्रदेश में वर्तमान में 297 कार्यवाहक डीएसपी पदस्थ हैं। पदोन्नति पर लंबे




समय तक रोक रहने के कारण नियमित डीएसपी के लगभग 113 पद रिक्त हैं। इन रिक्त पदों को भरने और कार्यवाहक अधिकारियों को नियमित पद देने के उद्देश्य से करीब 410 निरीक्षकों को डीएसपी बनाए जाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इनमें कार्यवाहक डीएसपी के रूप में कार्य कर रहे अधिकारी भी शामिल हैं।

### पुलिस कर्मचारियों का सेवा रिकॉर्ड तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश

पुलिस मुख्यालय ने सभी पुलिस इकाइयों को पत्र जारी कर पदोन्नति नियम-2025 के तहत पात्र अधिकारियों और कर्मचारियों का सेवा रिकॉर्ड तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। इसमें उपनिरीक्षक से निरीक्षक, निरीक्षक से डीएसपी, रक्षित निरीक्षक से निरीक्षक तथा अन्य संबंधित पदों की पात्रता सूची और अभिलेख मांगे गए हैं। सभी जिलों और इकाइयों से रिकॉर्ड प्राप्त होने के बाद अंतिम प्रस्ताव गृह विभाग को भेजा जाएगा।

### एसआई को निरीक्षक और सहायक उपनिरीक्षक को एसआई बनाया जाएगा

पदोन्नति की प्रक्रिया केवल डीएसपी तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि इसका लाभ पुलिस विभाग की पूरी श्रृंखला को मिलेगा। सबसे पहले निरीक्षकों को डीएसपी पद पर पदोन्नत किया जाएगा। इसके बाद खाली होने वाले निरीक्षक पदों पर रक्षित निरीक्षकों को पदोन्नति मिलेगी। फिर उपनिरीक्षक (एसआई) को निरीक्षक और सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) को एसआई बनाया जाएगा। यह प्रक्रिया आगे बढ़ते हुए आरक्षक स्तर तक पहुंचेगी, जिससे हजारों पुलिसकर्मियों के पदोन्नति के अवसर खुलेंगे। उनको इसका लाभ मिलेगा।

### प्रस्ताव तैयार कर गृह विभाग को भेजने की तैयारी

### परिवहन विभाग में भी लंबे समय बाद पदोन्नति शुरू

उधर, परिवहन विभाग में भी लंबे समय बाद पदोन्नति की प्रक्रिया शुरू हुई है। विभाग के 27 परिवहन उपनिरीक्षकों को परिवहन निरीक्षक पद पर पदोन्नत किया गया है। हालांकि ये पदोन्नतियां सर्वोच्च न्यायालय में लंबित मामलों और भविष्य में आने वाले न्यायालय के आदेशों के अधीन रहेंगी। पदोन्नति प्रक्रिया शुरू होने से पुलिस विभाग में लंबे समय से रुका करियर ग्रोथ का रास्ता खुलने की उम्मीद है। इससे न केवल अधिकारियों का मनोबल बढ़ेगा, बल्कि प्रशासनिक व्यवस्था में सकारात्मक प्रभाव होगा।

## अपना दल (एस) ने पेश किया 100 दिन का रोडमैप

**भोपाल।** अपना दल (एस) मप्र ने संगठन विस्तार एवं सदस्यता अभियान को गति देने एक वर्चुअल बैठक का आयोजन किया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महासचिव एवं मप्र प्रदेश प्रभारी आर बी सिंह पटेल रहे, जहां रणनीतिकार डॉ अतुल मलिकराम ने एक प्रेजेंटेशन के माध्यम से आगामी 100 दिनों का रोडमैप साझा किया। बैठक के दौरान आगामी 19 जुलाई को भोपाल में एक विशेष बैठक की घोषणा भी की गई, जिसमें सभी जिलाध्यक्षों को अपने अब तक के कार्यों की प्रगति रिपोर्ट प्रदेश अध्यक्ष के समक्ष प्रस्तुत करनी होगी। इस वर्चुअल कार्यक्रम में प्रदेशभर के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान वरिष्ठ नेता देवेंद्र प्रताप सिंह ने भी संगठन विस्तार को लेकर अपने मूल मंत्र साझा किए। कार्यक्रम में प्रदेश भर के प्रमुख कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जिनमें राजेश्वर मिश्रा, एस आर नागले, मोहित गुप्ता, कैलाश गावंडे, सीता सरण सिंह, डीपी पटेल, आर के सनोडिया, रौशन पटेल और फिल्म अभिनेता गौरव प्रतीक आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे। इस बैठक में सिंगरौली जिला अध्यक्ष त्रिलोकी सिंह, इंदौर जिला अध्यक्ष टीकम चंद शर्मा, मैहर जिला अध्यक्ष मनोज पटेल, भोपाल जिलाध्यक्ष सुरेंद्र नाहर, ग्वालियर जिला अध्यक्ष राहुल सिंह, बैतूल जिला अध्यक्ष डॉ. अनूप चौरे और छतरपुर जिला अध्यक्ष प्रदीप पटेल उपस्थित रहे।

- 19 जुलाई को भोपाल में होगी अगली अहम बैठक

### कालापीपल को दी 30.86 करोड़ की सौगात, दोहराया यूसीसी लागू करने का संकल्प

# फिल्मी गाने की तरह शाजापुर हमारे लिए सोना उगलने वाली धरती: मुख्यमंत्री

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि कालापीपल अद्भुत क्षेत्र है। मां राज-राजेश्वरी की इस पर असीम कृपा है। आज यह क्षेत्र पौधरोपण में नया रिकॉर्ड बना रहा है। नेवज, लकुंदर, चिल्लर, पार्वती इन पांच नदियों की क्षेत्र को कृपा मिल रही है। परमात्मा ने शाजापुर को अद्भुत सौंदर्य दिया है। हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि हमारे प्रदेश में शाजापुर जैसा जिला है। उन्होंने कहा कि एक गाना है, 'मेरे देश की धरती सोना उगले, उगले हीरे-मोती, मेरे देश की धरती...' इसी गाने की तरह शाजापुर हमारे लिए सोना उगलने वाली धरती भी है।

डॉ. यादव शाजापुर जिले के कालापीपल को 30.86 करोड़ रुपए लागत के विभिन्न विकास कार्यों की सौगात दी। कई कामों के लोकार्पण और भूमिपूजन किए। उन्होंने आयोजित किसान समृद्धि संकल्प सम्मेलन एवं 'हरा-भरा कालापीपल' पौधरोपण अभियान का शुभारंभ किया। इससे पहले कालापीपल में उनका 'रोड शो' हुआ। कार्यक्रम के दौरान डॉ. यादव ने शाजापुर को नई सड़कें और रेलवे ओवर ब्रिज देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इसी महीने राज्य में यूसीसी लागू करने के प्रयास किए जाएंगे। देश में अलग-अलग कानून नहीं होने चाहिए।

### किसान समृद्धि संकल्प सम्मेलन एवं 'हरा-भरा कालापीपल' पौधरोपण अभियान प्रारंभ




हितग्राहियों को चेक सौंपते मुख्यंत्री डॉ. यादव व मंत्री परमार।

### किसानों के लिए सबकुछ करने को तैयार: डॉ. मोहन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जो धरती को हरियाली का उपहार देते हैं, वही आने वाले कल को आकार देते हैं। 'किसान मुस्कुराए तो मुस्कुराता जहां है, इन्हीं की मेहनत से महकता अपना हिंदुस्तां है।' आज का यह आयोजन केवल भूमिपूजन, लोकार्पण का औपचारिकता का कार्यक्रम नहीं है। उन्होंने कहा कि किसानों का 6-6 महीने के ब्याज का झंझट खत्म हो जाएगा। अब हम एक साल के लिए लोन देंगे। किसानों के लिए हमारी सरकार सब कुछ करने के लिए तैयार है।

### खेत में किसान और सीमा पर जवान का सम्मान

डॉ. यादव ने कहा कि खेत में किसान और सीमा पर जवान, दोनों का सम्मान, ये है भाजपा की पहचान। हमने पारस पत्थर तो नहीं देखा, लेकिन यह पक्की बात है कि अगर सूखे खेत को पानी मिल जाए, तो सोना उगलने लगता है।

### सीएम बोले, अलग-अलग कानूनों की जरूरत नहीं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारे यहां हिंदू का कानून अलग, मुसलमान का कानून अलग। कानून एक ही होना चाहिए। मुस्लिम बहनें भी हमारी बहनें हैं। उनके साथ जो होता है अब वो नहीं चलेगा।

### सीएम ने किया उज्जैन–जावरा ग्रीनफील्ड फोरलेन परियोजना का भूमिपूजन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मप्र के सड़क अधोसंरचना विकास में शुक्रवार 10 जुलाई को एक और ऐतिहासिक अध्याय जुड़ गया है। आज उज्जैन–जावरा ग्रीनफील्ड फोरलेन मार्ग परियोजना का भूमिपूजन हुआ। लगभग 98.73 किमी लंबी इस महत्वाकांक्षी परियोजना का निर्माण 5,017 करोड़ रुपए की लागत से मप्र सड़क विकास निगम द्वारा किया गया। यह परियोजना उज्जैन दक्षिण, घट्टिया, नागदा-खाचरौद, आलोट एवं जावरा विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजरेगी।

### दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे से मिलेगा सीधा संपर्क

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्रीनफील्ड फोरलेन मार्ग के निर्माण से उज्जैन को दिल्ली–मुंबई एक्सप्रेस-वे से सीधा एवं तेज संपर्क मिलेगा। विशेष रूप से सिंहस्थ-2028 के दौरान राजस्थान, गुजरात तथा देश के विभिन्न हिस्सों से आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों के लिए यह मार्ग अत्यंत सुगम और सुविधाजनक साबित होगा।

### व्यापारिक व कृषि विकास को मिलेगी गति

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र के औद्योगिक, व्यापारिक एवं कृषि विकास को नई गति प्रदान करेगी। किसानों को अपनी उपज विभिन्न कृषि उपज मंडियों तक शीघ्र पहुंचाने में सुविधा मिलेगी, वहीं उद्योगों, लॉजिस्टिक्स एवं निवेश गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। बेहतर सड़क संपर्क से यात्रा समय एवं ईंधन की बचत होगी।

## हरियाणा के 50 लाख से अधिक लाभार्थियों के खातों में सीधे पहुंचे 1582 करोड़ रुपये

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने शुक्रवार को विभिन्न 19 जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत 50 लाख 20 हजार 442 पात्र लाभार्थियों के बैंक खातों में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से 1582 करोड़ से अधिक की राशि जारी की। राशि में महिलाओं, बुजुर्गों, दिव्यांगजनों, गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ शामिल है। मुख्यमंत्री द्वारा जारी की राशि में 'दीन दयाल लाडो लक्ष्मी' योजना की 9वीं किस्त, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, दयालु योजना, हर घर-हर गृहिणी योजना तथा प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ शामिल है।




### इन योजनाओं में पैसे मिले

मुख्यमंत्री ने बताया कि आज 'दीन दयाल लाडो लक्ष्मी' योजना की 9वीं किस्त जारी की गई है। इसके तहत 9 लाख 98 हजार लाभार्थी बहन-बेटियों के खातों में 209 करोड़ 69 लाख रुपये की राशि जारी की गई है। इसी प्रकार 15 प्रकार की सामाजिक सुरक्षा पेंशनयोजनाओं के तहत 34 लाख 83 हजार लाभार्थियों के खातों में सीधे 1 हजार 121 करोड़ 39 लाख रुपये की राशि भेजी गई है। इनमें वृद्धावस्था सम्मान भत्ता, दिव्यांग भत्ता तथा अन्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाएं शामिल हैं।

## महिलाओं-बच्चों की डिजिटल साइबर सुरक्षा पर हुआ विमर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

डिजिटल तकनीक के तेजी से बढ़ते उपयोग के साथ महिलाओं और बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा आज देश के सामने सबसे बड़ी सामाजिक और तकनीकी चुनौतियों में शामिल हो गई है।

इसी चुनौती से प्रभावी ढंग से निपटने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश राज्य महिला आयोग, आहान फाउंडेशन और वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनी गूगल के सहयोग से भोपाल में आयोजित विशेष एनजीओ मीट में डिजिटल सुरक्षा , साइबर अपराधों की रोकथाम और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग पर व्यापक विमर्श हुआ। मध्यप्रदेश राज्य महिला आयोग परिसर में आयोजित कार्यक्रम में आयोग की सदस्य साधना स्थापक ने कहा कि सुरक्षित ऑनलाइन व्यवहार को जन-आंदोलन का स्वरूप देना होगा।

### टोना-टोटका करने वाली महिला कहकर किया बदनाम

## बुजुर्ग महिला को प्रताड़ित करने के आरोप में देवरानी, उसकी पुत्री और पुत्र गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

उरगा थाना क्षेत्र के भांटापारा कुदुरमाल में प्रताड़ना का सनसनीखेज मामला सामने आया है। 65 वर्षीय बुजुर्ग महिला को 2 साल से मानसिक और सामाजिक रूप से प्रताड़ित करने के आरोप में पुलिस ने देवरानी, उसकी पुत्री और पुत्र को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। मामले में बीएनएस और टोनही प्रताड़ना अधिनियम के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

थाना उरगा में अपराध क्रमांक 304/2026 के तहत सत्यभामा वैष्णव पति स्व. ओमप्रकाश वैष्णव उम्र 65 वर्ष निवासी कुदुरमाल वार्ड क्र. 04 ने शिकायत दर्ज कराई।




पीड़िता ने बताया कि उनकी देवरानी लक्ष्मीन वैष्णव उर्फ लक्ष्मी, उसकी पुत्री चंचल वैष्णव और पुत्र किशन वैष्णव उर्फ गोलू पिछले कई वर्षों से उन्हें परेशान कर रहे हैं। शिकायत में कहा गया है कि आरोपी रोज घर के सामने आकर गाली-गलौज करते हैं। बुजुर्गों को जादू-टोना करने का आरोप लगाकर टोना-टोटका करने वाली महिला कहकर पूरे मोहल्ले में बदनाम करते हैं।

### जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप

पीड़िता के अनुसार आरोपियों ने मिलकर धमकी दी कि घर से बाहर निकली तो जान से मार दूंगा। साथ ही यह भी कहा कि घर में कूलर जल जाए या कोई सामान खराब हो तो उसका आरोप भी मुझ पर लगा देते हैं। इस कारण पीड़िता और उसका बेटा राजेंद्र वैष्णव भयभीत हैं और घर से बाहर निकलने से डरते हैं।शिकायत के आधार पर उरगा पुलिस ने बीएनएस की धारा 296, 351(3), 3(5) और 4, 5 टोनही प्रताड़ना अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की।

### अस्पताल में उपचार के दौरान युवती ने तोड़ा दम

## नर्सिंग छात्रा की उसके कमरे में घुसकर अज्ञात युवक ने की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

वैशाली नगर थाना क्षेत्र के रामनगर में शुक्रवार को एक नर्सिंग छात्रा की उसके पीजी के कमरे में अज्ञात युवक द्वारा घुसकर हत्या की वारदात को अंजाम दिया है। घटना के समय मृतक को सहेली बाथरूम में नहाने के लिए गई हुई थी।

इसी दौरान एक युवक कमरे में पहुंचा और धारदार हथियार से छात्रा पर हमला कर फरार हो गया। गंभीर हालत में छात्रा को अस्पताल ले जाया गया।जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना को सूचना मिलने पर भिलाई नगर सीएसपी सहित वैशाली नगर थाना पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस अज्ञात आरोपी की पतासाजी में जुटी हुई है।

### मूलतः बेमेतरा की रहने वाली थी युवती

मृतका की पहचान खुशी साहू (19) के रूप में हुई है। जो मूलतः बेमेतरा जिले के बेरला ब्लाक के ग्राम कुम्ही की रहने वाली थी। करीब 15- 20 दिन पहले ही वह भिलाई आई थी। यहां एक निजी नर्सिंग कॉलेज में पढ़ाई कर रही थी।



और पढ़ाई का खर्च उठाने के लिए वह वैशाली नगर के फ्रेंड्स कैफे में काम भी कर रही थी। जानकारी के मुताबिक मृतक खुशी साहू रामनगर में किराये के कमरे में रहती थी। पांच दिन पहले उसकी एक सहेली भी गांव से भिलाई आई थी और उसी के साथ रहने लगी थी। शुक्रवार को जब मृतक की सहेली नहाने गई हुई थी।

### संदेह के आधार पर एक युवक की तलाश जारी

पुलिस मौके पर पहुंची और घायल खुशी को सुपेला अस्पताल लेकर गई। लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इस पूरे घटनाक्रम में खुशी के एक कथित ब्वॉयफ्रेंड की जानकारी भी सामने आ रही है।

## महासमुंद में करीब 17.93 करोड़ रुपये का कथित धान घोटाला उजागर

**महासमुंद** । जिले में करीब 17.93 करोड़ रुपये का कथित धान घोटाला सामने आया है। इस मामले ने प्रशासन की निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जांच में कई खरीदी केंद्रों के रिकॉर्ड में धान का स्टॉक दर्ज था। हालांकि, भौतिक सत्यापन के दौरान वहां स्टॉक नहीं मिला। वर्ष 2025-26 के धान खरीदी सत्र में 182 खरीदी केंद्रों से 1,01,95,681.20 मीट्रिक टन धान खरीदा गया था। मिलिंग के बाद रिकॉर्ड के अनुसार 57,860.47 कुंतल धान शेष होना चाहिए था। लेकिन, जांच के दौरान 54 केंद्रों पर यह स्टॉक नहीं मिला। गायब धान का मूल्य करीब 17 करोड़ 93 लाख 67 हजार 457 रुपये आंका गया है। यह समर्थन मूल्य 3,100 रुपये प्रति कुंतल के आधार पर है।


**रेलयात्री कृपया ध्यान दें!**

**महत्वपूर्ण जानकारी**

**ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों की संचालन अवधि में बढ़ोतरी**

सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि रेलवे द्वारा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों की संचालन अवधि को निम्नानुसार बढ़ाने का निर्णय लिया गया है :–

| रेलगाड़ी सं. | से | तक | फ्रीक्वेंसी | पूर्व घोषित तिथि | विस्तारित तिथि | फेरे |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 02563 | बरौनी जं. | नई दिल्ली | प्रतिदिन | 15.07.2026 | 31.07.2026 | 16 |
| 02564 | नई दिल्ली | बरौनी जं. | प्रतिदिन | 16.07.2026 | 01.08.2026 | 16 |
| 02569 | दरभंगा | नई दिल्ली | प्रतिदिन | 15.07.2026 | 31.07.2026 | 16 |
| 02570 | नई दिल्ली | दरभंगा | प्रतिदिन | 16.07.2026 | 01.08.2026 | 16 |
| 03257 | दानापुर | आनन्द विहार (ट.) | रविवार | 12.07.2026 | 26.07.2026 | 02 |
| 03258 | आनन्द विहार (ट.) | दानापुर | सोमवार | 13.07.2026 | 27.07.2026 | 02 |
| 05219 | मुजफ्फरपुर | आनन्द विहार (ट.) | शुक्रवार | 10.07.2026 | 31.07.2026 | 03 |
| 05220 | आनन्द विहार (ट.) | मुजफ्फरपुर | शनिवार | 11.07.2026 | 01.08.2026 | 03 |
| 03639 | धनबाद | शकूर बस्ती | सोम, शुक्र | 13.07.2026 | 31.07.2026 | 05 |
| 03640 | शकूर बस्ती | धनबाद | मंगल, शनि | 14.07.2026 | 01.08.2026 | 05 |
| 02397 | शेखपुरा | आनन्द विहार (ट.) | रविवार | 12.07.2026 | 26.07.2026 | 02 |
| 02398 | आनन्द विहार (ट.) | शेखपुरा | सोमवार | 13.07.2026 | 27.07.2026 | 02 |
| 03697 | शेखपुरा | आनन्द विहार (ट.) | सोम, मंग, शु, शनि | 14.07.2026 | 31.07.2026 | 09 |
| 03698 | आनन्द विहार (ट.) | शेखपुरा | मंग, बुध, शनि, रवि | 15.07.2026 | 01.08.2026 | 09 |
| 05579 | पूर्णियाँ कोर्ट | आनन्द विहार (ट.) | शुक्र, रवि | 12.07.2026 | 31.07.2026 | 03 |
| 05580 | आनन्द विहार (ट.) | पूर्णियाँ कोर्ट | रवि, मंगल | 14.07.2026 | 02.08.2026 | 03 |
| 05575 | सहरसा | आनन्द विहार (ट.) | मंगलवार | 14.07.2026 | 28.07.2026 | 01 |
| 05576 | आनन्द विहार (ट.) | सहरसा | गुरूवार | 16.07.2026 | 30.07.2026 | 01 |
| 04811 | बाड़मेर | हरिद्वार | सोम, गुरू | 16.07.2026 | 27.08.2026 | 12 |
| 04812 | हरिद्वार | बाड़मेर | मंगल, शुक्र | 17.07.2026 | 28.08.2026 | 12 |

नोट : अन्य विवरण पूर्ववत रहेंगे।

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलवे पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें ।

2366/26

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें:– www.railmadad.indianrailways.gov.in

रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे

सदैव आपकी सेवा में

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल के समक्ष ली सदस्यता, फिर सीएम से की मुलाकात

# कांग्रेस नेता राकेश सिंह यादव भाजपा में शामिल कहा-कांग्रेस में अंधभक्त, भाजपा में देशभक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस को एक बार फिर झटका मिला है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रदेश कांग्रेस महासचिव राकेश सिंह यादव गुरूवार को भाजपा में शामिल हो गए हैं। उन्होंने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के समक्ष भाजपा प्रदेश कार्यालय में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इसके बाद राकेश सिंह यादव ने मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से सौजन्य मुलाकात की।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने उनका भाजपा परिवार में स्वागत किया एवं मुंह मीठा कराया। राकेश सिंह यादव ने भाजपा की सदस्यता लेने के



खंडेलवाल की उपस्थिति में भाजपा की सदस्यता ग्रहण करते राकेश यादव।

बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में अंधभक्त लोग हैं, राहुल गांधी और जीतू पटवारी जो कहते हैं, वही करते हैं।



### राकेश सिंह अब भाजपा में प्रदेश प्रवक्ता का दायित्व संभालेंगे: खंडेलवाल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने सदस्यता दिलाने के बाद कहा कि कांग्रेस पार्टी में 30 साल तक सेवा देने वाले वरिष्ठ नेता राकेश सिंह यादव को सच बोलने के कारण कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने उनकी आवाज को दबाने का कार्य किया। कांग्रेस नेतृत्व से विश्वास समाप्त होने के बाद राकेश सिंह यादव ने कांग्रेस पार्टी छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। कांग्रेस का वर्तमान नेतृत्व बिना किसी साक्ष्य के तथ्यहीन आरोप लगाता है, जिसके कारण राकेश सिंह यादव ने कांग्रेस पार्टी छोड़ी है।

## चिंतन

# ई20 पेट्रोल से होने वाला लाभ वाहन चालकों को क्यों नहीं

सरकार ने आखिरकार वह स्वीकार कर लिया है, जिसकी चर्चा लंबे समय से वाहन उपभोक्ताओं और ऑटोमोबाइल विशेषज्ञों के बीच होती रही थी। पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रण कुछ वाहनों में ईंधन दक्षता यानी माइलेज को 3 से 5 प्रतिशत तक कम कर सकता है। सरकार का कहना है कि यह कमी बेहतर इंजन प्रदर्शन, कम प्रदूषण और आयातित कच्चे तेल पर निर्भरता घटाने जैसे दीर्घकालिक लाभों के सामने छोटी है। दरअसल ई20 को लेकर विवाद का केंद्र केवल माइलेज नहीं है, बल्कि यह सवाल भी है कि क्या ऊर्जा सुरक्षा के नाम पर उपभोक्ता पर अतिरिक्त बोझ डाला जा रहा है। पहली बार आधिकारिक तौर पर यह माना गया है कि माइलेज में कुछ कमी आ सकती है, लेकिन साथ ही यह भी स्पष्ट किया है कि ई20 का उद्देश्य पेट्रोल सस्ता करना नहीं, बल्कि भारत की ऊर्जा अर्थव्यवस्था को अधिक आत्मनिर्भर बनाना है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक है और अपनी कच्चे तेल की जरूरतों का लगभग 85 प्रतिशत आयात करता है। ऐसे में जैव-ईंधन (बायोफ्यूल) की ओर बढ़ना केवल पर्यावरणीय विकल्प नहीं, बल्कि रणनीतिक आवश्यकता भी है। इसी सोच के तहत वर्ष 2001 में एथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम की शुरुआत हुई। 2022 में भारत ने निर्धारित समय से पहले 10 प्रतिशत मिश्रण का लक्ष्य हासिल किया और 2025-26 में 20 प्रतिशत मिश्रण तक पहुंच गया। इस कार्यक्रम से अब तक लगभग 1.97 लाख करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा की बचत हुई है और लगभग 952 लाख टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन कम हुआ है। साथ ही किसानों को एथेनॉल खरीद के माध्यम से 1.66 लाख करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान हुआ है। इसने ऊर्जा सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण आय जैसे तीनों लक्ष्यों को एक साथ साधने का काम किया है। क्या इन उपलब्धियों का लाभ सीधे वाहन मालिकों तक भी पहुंच रहा है? यही सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न है। यदि किसी वाहन का माइलेज 3 से 5 प्रतिशत कम होता है, तो वाहन चालक को समान दूरी तय करने के लिए अधिक ईंधन खरीदना पड़ेगा। यदि पेट्रोल की कीमत में कोई राहत नहीं मिलती और ई20 पारंपरिक पेट्रोल से सस्ता भी नहीं है, तो उपभोक्ता के लिए वास्तविक परिचालन लागत बढ़ सकती है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में जब कच्चा तेल सस्ता होता है, तब एथेनॉल की लागत पेट्रोल से अधिक भी हो सकती है। इसका अर्थ है कि ई20 को केवल सस्ते ईंधन के रूप में प्रस्तुत करना उचित नहीं होगा। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि ई20 को लेकर वाहन सुरक्षा संबंधी आशंकाएं व्यापक परीक्षणों के बाद ही दूर की गई हैं। यदि ई20 एक राष्ट्रीय रणनीति है, जिसका लाभ पूरे देश को मिलेगा तो क्या उसका आर्थिक भार केवल वाहन उपभोक्ताओं को उठाना चाहिए? क्या सरकार को कर संरचना, मूल्य निर्धारण या अन्य प्रोत्साहनों के माध्यम से इस अतिरिक्त लागत का कुछ हिस्सा स्वयं वहन नहीं करना चाहिए? इसी प्रकार, यदि माइलेज में कमी वैज्ञानिक तथ्य है, तो इसकी स्पष्ट जानकारी वाहन खरीदते समय उपलब्ध कराई जानी चाहिए। किसी भी बड़े सुधार की सफलता केवल उसके उद्देश्य से नहीं, बल्कि उसके क्रियान्वयन और जनता की स्वीकृति से तय होती है। यदि देश ऊर्जा आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है, तो इस यात्रा में नागरिकों का विश्वास भी उतना ही आवश्यक है जितना उनका योगदान। ऊर्जा परिवर्तन तभी टिकाऊ होगा, जब उसका लाभ और उसकी लागत दोनों समाज के सभी वर्गों के बीच संतुलित रूप से साझा किए जाएं।



आर्थिकी
महेन्द्र तिवारी

# समुद्र पर बनेगा भारत का हवाई अड्डा

महाराष्ट्र सरकार ने मुंबई के निकट पालघर जिले के कोरे बीच के पास भारत का पहला ऑफशोर अर्थात समुद्र आधारित हवाई अड्डा विकसित करने की दिशा में कदम बढ़ाया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार करने के निर्देश दिए हैं। यदि यह परियोजना निर्धारित योजना के अनुसार साकार होती है तो यह केवल एक नया एयरपोर्ट नहीं होगा, बल्कि भारत की विमानन क्षमता, समुद्री इंजीनियरिंग, व्यापार, पर्यटन और औद्योगिक विकास का नया प्रतीक बनेगा। यह परियोजना देश को उन चुनिंदा देशों की श्रेणी में खड़ा कर सकती है, जिन्होंने समुद्र से भूमि तैयार कर विश्वस्तरीय हवाई अड्डों का निर्माण किया है।

भारत की आर्थिक प्रगति का सबसे बड़ा आधार उसकी आधुनिक अवसंरचना है। पिछले कुछ वर्षों में देश ने सड़क, रेल, बंदरगाह, मेट्रो, एक्सप्रेसवे और हवाई अड्डों के क्षेत्र में अभूतपूर्व विस्तार देखा है। अब इसी श्रृंखला में एक और ऐतिहासिक पहल जुड़ने जा रही है। महाराष्ट्र सरकार ने मुंबई के निकट पालघर जिले के कोरे बीच के पास भारत का पहला ऑफशोर अर्थात समुद्र आधारित हवाई अड्डा विकसित करने की दिशा में कदम बढ़ाया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार करने के निर्देश दिए हैं। यदि यह परियोजना निर्धारित योजना के अनुसार साकार होती है तो यह केवल एक नया एयरपोर्ट नहीं होगा, बल्कि भारत की विमानन क्षमता, समुद्री इंजीनियरिंग, व्यापार, पर्यटन और औद्योगिक विकास का नया प्रतीक बनेगा। यह परियोजना देश को उन चुनिंदा देशों की श्रेणी में खड़ा कर सकती है, जिन्होंने समुद्र से भूमि तैयार कर विश्वस्तरीय हवाई अड्डों का निर्माण किया है। ऑफशोर एयरपोर्ट का विचार अपने आप में अत्यंत आधुनिक और दूरदर्शी है। सामान्यतः हवाई अड्डे विशाल भूमि पर बनाए जाते हैं, लेकिन महानगरों में भूमि की उपलब्धता लगातार कम होती जा रही है।

बढ़ती आबादी, तेजी से फैलते शहर और भूमि अधिग्रहण से जुड़ी सामाजिक तथा कानूनी चुनौतियां नई परियोजनाओं को कठिन बना देती हैं। ऐसे में समुद्र के भीतर कृत्रिम भूमि तैयार कर उस पर एयरपोर्ट का निर्माण एक व्यावहारिक विकल्प बनकर उभरा है। अरब सागर में पुनः प्राप्त भूमि पर बनने वाला यह एयरपोर्ट भारतीय इंजीनियरिंग क्षमता की नई पहचान बनेगा। प्रस्तावित एयरपोर्ट की क्षमता इसे विश्व के प्रमुख हवाई अड्डों की श्रेणी में ला सकती है। योजना के अनुसार यहां प्रतिवर्ष लगभग 9 करोड़ यात्रियों के आवागमन और लगभग 30 लाख मीट्रिक टन कार्गो की आवाजाही की व्यवस्था होगी। दो समानांतर रनवे विकसित किए जाने की भी योजना है, जिससे बड़ी संख्या में विमानों का संचालन संभव हो सकेगा। यह क्षमता केवल वर्तमान आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नहीं बल्कि आने वाले कई दशकों की मांग को ध्यान में रखकर निर्धारित की गई है। भारत में हवाई यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ रही है और यह परियोजना भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार की जा रही है। मुंबई भारत की आर्थिक राजधानी है। यहां स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा देश के सबसे व्यस्त हवाई अड्डों में शामिल है। नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के निर्माण के बावजूद भविष्य में यात्रियों और माल परिवहन की बढ़ती मांग को देखते हुए अतिरिक्त क्षमता की आवश्यकता महसूस की जा रही है। प्रस्तावित ऑफशोर एयरपोर्ट इस चुनौती का दीर्घकालिक समाधान बन सकता है। इससे न केवल मुंबई क्षेत्र के हवाई यातायात का दबाव कम होगा बल्कि अंतरराष्ट्रीय उड़ानों और माल परिवहन के लिए भी नई संभावनाएं खुलेंगी। इस परियोजना की सबसे बड़ी विशेषता इसका बहुआयामी संपर्क तंत्र है। प्रस्तावित एयरपोर्ट को वधावन बंदरगाह, मुंबई अहमदाबाद हाई स्पीड रेल, मुंबई वडोदरा एक्सप्रेसवे तथा प्रस्तावित उत्तन विरार सी लिंक से जोड़ने की योजना है। इसके अतिरिक्त समर्पित माल



गलियारे और अन्य सड़क संपर्क भी विकसित किए जाएंगे। इससे हवाई, समुद्री, रेल और सड़क परिवहन का ऐसा समन्वित नेटवर्क तैयार होगा जो भारत में मल्टीमॉडल परिवहन का उत्कृष्ट उदाहरण बन सकता है। वधावन बंदरगाह स्वयं भारत की सबसे महत्वपूर्ण समुद्री परियोजनाओं में गिना जा रहा है। यदि उसके साथ विशाल कार्गो क्षमता वाला एयरपोर्ट भी विकसित हो जाता है तो पश्चिमी भारत में अंतरराष्ट्रीय व्यापार का नया केंद्र उभर सकता है। समुद्री मार्ग से आने वाला माल कम समय में हवाई मार्ग से देश और विदेश भेजा जा सकेगा। हवाई मार्ग से आने वाला उच्च मूल्य का सामान सीधे बंदरगाह तक पहुंचाया जा सकेगा। इससे निर्यात और आयात दोनों क्षेत्रों को गति मिलेगी तथा वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में भारत की भूमिका और मजबूत होगी। स्थानीय युवाओं को निर्माण, विमानन, आतिथ्य, सुरक्षा, परिवहन और तकनीकी सेवाओं में रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। इससे क्षेत्रीय आर्थिक असंतुलन भी कम हो सकता है। इतनी विशाल परियोजना के साथ कई तकनीकी और पर्यावरणीय चुनौतियां भी जुड़ी हुई हैं। समुद्र से भूमि तैयार करना अत्यंत जटिल इंजीनियरिंग कार्य है। किसी भी बड़े विकास कार्य में पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के सिद्धांतों का पालन अनिवार्य है। यदि इन पहलुओं की अनदेखी की गई तो दीर्घकाल में परियोजना को कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। आर्थिक दृष्टि से भी यह परियोजना अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। बड़े पैमाने पर निर्माण कार्य से इस्पात, सीमेंट, मशीनरी, इंजीनियरिंग, परिवहन और निर्माण उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। परियोजना पूर्ण होने के बाद विमानन, पर्यटन, व्यापार, ई कॉमर्स, लॉजिस्टिक्स और निर्यात आधारित उद्योगों में नई ऊर्जा आएगी। विदेशी निवेशकों के लिए भी यह क्षेत्र अधिक आकर्षक बन सकता है क्योंकि आधुनिक परिवहन अवसंरचना निवेश का सबसे महत्वपूर्ण आधार होती है। इससे महाराष्ट्र के साथ साथ पूरे पश्चिमी भारत की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ेगी। भारत ने पिछले दशक में विमानन क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। छोटे शहरों तक हवाई सेवाएं पहुंचाने की योजनाओं से लेकर नए अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों के निर्माण तक अनेक प्रयास किए गए हैं। आज भारत विश्व के सबसे तेजी से बढ़ते विमानन बाजारों में शामिल है। ऐसे समय में ऑफशोर एयरपोर्ट जैसी परियोजना यह संकेत देती है कि देश केवल वर्तमान आवश्यकताओं को पूरा करने तक सीमित नहीं रहना चाहता बल्कि भविष्य की मांग को ध्यान में रखकर दीर्घकालिक योजना बना रहा है। हालांकि परियोजना की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि योजना निर्माण से लेकर क्रियान्वयन तक सभी चरणों में पारदर्शिता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और जनसहभागिता सुनिश्चित की जाए। स्थानीय समुदायों की चिंताओं को समझना, पर्यावरणीय प्रभावों का निष्पक्ष मूल्यांकन करना, वित्तीय अनुशासन बनाए रखना और समयबद्ध निर्माण करना उतना ही महत्वपूर्ण होगा जितना स्वयं एयरपोर्ट का निर्माण। यदि इन सभी पहलुओं पर संतुलित ढंग से कार्य किया गया तो यह परियोजना केवल महाराष्ट्र ही नहीं बल्कि पूरे भारत के लिए विकास का नया मॉडल बन सकती है। भारत आज उस दौर में प्रवेश कर चुका है जहां अवसंरचना केवल सुविधाओं का विस्तार नहीं, बल्कि आर्थिक शक्ति, वैश्विक प्रतिस्पर्धा और राष्ट्रीय आत्मविश्वास का आधार बन चुकी है। पालघर के समुद्र में प्रस्तावित यह ऑफशोर एयरपोर्ट उसी बदलते भारत की कहानी कहता है जो सीमित संसाधनों में भी नए समाधान खोजने का साहस रखता है। यदि यह सपना साकार होता है तो यह केवल समुद्र पर बना एक हवाई अड्डा नहीं होगा, बल्कि भविष्य के भारत की दूरदृष्टि, तकनीकी क्षमता और विकास के संकल्प का जीवंत प्रतीक बनकर उभरेगा।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

## जनसंख्या दिवस

राजेश जैन




# 148 करोड़ लोग: भारत की सबसे बड़ी ताकत या चुनौती

आज के दिन 11 जुलाई को हर साल विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जाता है। यह दिन दुनिया की बढ़ती आबादी के आंकड़ों की चर्चा का अवसर बनता है, लेकिन भारत के लिए इसका महत्व इससे कहीं अधिक है। यह केवल जनसंख्या गिनने का दिन नहीं, बल्कि यह सोचने का अवसर है कि क्या देश अपनी सबसे बड़ी मानव पूंजी को विकास की ताकत बना पाएगा या यही आबादी भविष्य में सबसे बड़ी चुनौती बन जाएगी। आज भारत लगभग 148 करोड़ लोगों के साथ दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश है। एक वर्ग इसे देश की सबसे बड़ी शक्ति मानता है, जबकि दूसरा इसे बेरोजगारी, संसाधनों पर बढ़ते दबाव और सामाजिक असमानता की वजह मानता है। सच यह है कि आबादी अपने आप में न ताकत होती है और न बोझ। उसकी दिशा शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल और रोजगार तय करते हैं। किसी भी देश की वास्तविक ताकत उसके नागरिकों की गुणवत्ता से तय होती है। यदि लोग शिक्षित, स्वस्थ और कुशल हैं तो बड़ी आबादी आर्थिक विकास का इंजन बन जाती है। कमजोर शिक्षा, सीमित रोजगार और खराब स्वास्थ्य व्यवस्था उसी आबादी को विकास में बाधा बना देती है। चीन ने दशकों तक प्रशिक्षित कार्यबल के दम पर दुनिया की फैक्ट्री बनने का गौरव हासिल किया, लेकिन आज वहां तेजी से बढ़ती वृद्ध आबादी नई चुनौती बन गई है। भारत की स्थिति अलग है। यहां औसत आयु लगभग 29 वर्ष है और करीब 65 प्रतिशत आबादी कार्यशील आयु वर्ग में है। हमारे लिए यह जनसांख्यिकीय लाभांश यानी डेमोग्राफिक डिविडेंड है, लेकिन यह अवसर स्थायी नहीं है। यदि आने वाले वर्षों में शिक्षा, कौशल और रोजगार पर पर्याप्त निवेश नहीं हुआ तो यही लाभांश भविष्य में आर्थिक और सामाजिक दबाव में बदल सकता है। भारत केवल आबादी के लिहाज से बड़ा नहीं है, बल्कि दुनिया के सबसे आकर्षक उपभोक्ता बाजारों में भी शामिल है। यही वजह है कि वैश्विक कंपनियां भारत को अगले दो दशकों का सबसे महत्वपूर्ण बाजार मान रही हैं। डिजिटल इंडिया और यूपीआई जैसी पहलों ने इस क्षमता को नई गति दी है। इंटरनेट गांवों तक पहुंचा है, डिजिटल भुगतान आम हो चुका है और स्टार्टअप संस्कृति ने युवाओं के लिए नए अवसर खोले हैं। इन उपलब्धियों के बावजूद एक बड़ी चुनौती सामने है। हर साल लाखों युवा रोजगार बाजार में प्रवेश करते हैं, लेकिन उद्योगों को योग्य कर्मचारी नहीं मिलते और युवाओं को उनकी क्षमता के अनुरूप रोजगार नहीं मिलता। समस्या केवल नौकरियों की संख्या नहीं, बल्कि रोजगार योग्य कौशल की भी है। यहीं सरकार की नीतियों की असली परीक्षा शुरू होती है। पिछले एक दशक में नई शिक्षा नीति, स्किल इंडिया, मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और आयुष्मान भारत जैसी कई महत्वाकांक्षी योजनाएं शुरू की गईं। इनसे नए अवसर जरूर बने हैं, लेकिन अपेक्षित परिणाम अभी पूरी तरह सामने नहीं आए हैं।

नई शिक्षा नीति कौशल आधारित शिक्षा पर जोर देती है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षकों की कमी, डिजिटल संसाधनों का अभाव और राज्यों के बीच असमानताएं इसकी राह कठिन बनाती हैं। स्किल इंडिया ने प्रशिक्षण का दायरा बढ़ाया है, लेकिन उद्योगों और प्रशिक्षण संस्थानों के बीच बेहतर तालमेल अभी भी जरूरी है। स्टार्टअप इंडिया ने नवाचार को बढ़ावा दिया है, हालांकि इसका लाभ अभी मुख्य रूप से बड़े शहरों तक सीमित है। छोटे शहरों और ग्रामीण भारत को भी इस बदलाव से जोड़ना होगा। इतनी बड़ी आबादी वाले देश के लिए मजबूत स्वास्थ्य व्यवस्था अनिवार्य है। आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं ने लाखों परिवारों को राहत दी है, लेकिन ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाएं, डॉक्टरों की उपलब्धता, कुपोषण और मानसिक स्वास्थ्य जैसी चुनौतियां अभी भी गंभीर हैं। इसी तरह महिलाओं की आर्थिक भागीदारी बढ़ाए बिना भारत अपनी पूरी क्षमता हासिल नहीं कर सकता। भारत के लिए अगले 20 से 25 वर्ष निर्णायक हैं। 148 करोड़ लोगों का देश होना न उपलब्धि है और न समस्या। असली सवाल यह है कि इन लोगों में कितने शिक्षित, स्वस्थ, कुशल और उत्पादक हैं। यदि भारत अपनी मानव पूंजी में सही निवेश करता है तो यही आबादी उसकी सबसे बड़ी ताकत बनेगी। यदि यह अवसर चूक गया, तो यही संख्या भविष्य की सबसे बड़ी चुनौती भी साबित हो सकती है। विश्व जनसंख्या दिवस हमें यही याद दिलाता है कि किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी संपत्ति उसके नागरिक होते हैं। भारत के पास दुनिया की सबसे बड़ी युवा मानव पूंजी है। अब यह देश पर निर्भर है कि वह इसे विकास की सबसे बड़ी शक्ति बनाता है या एक चूके हुए अवसर में बदल देता है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## मुंह के मौन से ज़्यादा ज़रूरी 'मन का मौन'



संकलित
दर्शन

हम सभी मनुष्य जन्मते ही अपना मुख चलाना शुरू कर देते हैं, जिसका प्रमाण है जन्म लेते ही शिशु का रोना। बोलना हमारी स्वाभाविक क्रिया है, जो हमें करनी ही पड़ती है। यह बात और है कि कभी-कभी बाहर के शोर में हम इतने खो जाते हैं कि ईश्वर का स्वर हमें सुनाई ही नहीं पड़ता। इसीलिए ही महापुरुषों से हमें एक उत्तम राय मिलती है कि सप्ताह में या माह में एक दिन अवश्य मौन रहें, परंतु हम मुख को तो बंद कर लेते हैं, परंतु हमारे मन का बोलना बंद नहीं हो पाता। इसलिए ही तो अधिकतर डाक्टर सभी मरीजों को कहते हैं कि 'अपने मन को ज्यादा नहीं चलाओ।' अर्थात 'मन का मौन' करो। कहते हैं कि बिना हड्डी की जीभ जब बोलने लगती है, तो कइयों की हड्डियां तोड़ देती है। इसीलिए तो हमें यह बचपन से सिखाया जाता है कि पहले सोचो फिर बोलो, क्योंकि जैसे कमान से निकला हुआ तीर वापस नहीं आता, ठीक उसी तरह मुख से निकला हुआ वचन भी वापस नहीं लिया जा सकता। इसका सबसे श्रेष्ठ उदहारण है महाभारत की कथा, जिससे हमें यह सीख मिलती है कि कैसे एक जुबान के फिसलने से संकटकाल का निर्माण हो गया। इसीलिए 'कम बोलें-धीरे बोलें-मीठा बोलें।' हम जब भी कुछ बोलें तो हमारे वचन दूसरों के लिए सुखदायी हों, न कि कांटा चुभाने वाले दुखदायी। संसार में ऐसे अनेक लोग हैं जिन्होंने कटु वचन बोलने के संस्कार के कारण अपने संबंधों में खटास पैदा कर ली है। इसलिए हमें सदैव सही समय और सही जगह पर सही शब्द का प्रयोग करना चाहिए।

## एक दिन का पुण्य ही क्यूँ?



संकलित
प्रेरणा

निर्जला एकादशी से अगले दिन एक भिखारी एक सज्जन की दुकान पर भीख मांगने पहुंचा। सज्जन व्यक्ति ने 1 रुपए का सिक्का निकाल कर उसे दे दिया। भिखारी को प्यास भी लगी थी, वो बोला बाबूजी एक गिलास पानी भी पिलवा दो, गला सूखा जा रहा है। सज्जन व्यक्ति ने गुस्से में कहाः तुम्हारे बाप के नौकर बैठे हैं क्या हम यहां, पहले पैसे, अब पानी, थोड़ी देर में रोटी मांगेगा, चल भाग यहाँ से। भिखारी बोलाः बाबूजी गुस्सा मत कीजिये मैं आगे कहीं पानी पी लूंगा। पर जहां तक मुझे याद है, कल आपने निर्जला एकादशी व्रत कथा का पाठ किया था, तथा कल इसी दुकान के बाहर मीठे पानी की छबील लगी थी और आप स्वयं लोगों को रोक रोक कर जबरदस्ती अपने हाथों से गिलास पकड़ा रहे थे, मुझे भी कल आपके हाथों से दो गिलास शर्बत पीने को मिला था। मैंने तो यही सोचा था, आप बड़े धर्मात्मा आदमी है, पर आज मेरा भरम टूट गया। कल की छबील तो शायद आपने लोगों को दिखाने के लिये लगाई होगी? मुझे आज आपने कड़वे वचन बोलकर अपना कल का सारा पुण्य खो दिया। मुझे छमा करना अगर मैं कुछ ज्यादा बोल गया हूँ तो। सज्जन व्यक्ति को बात दिल पर लगी, उसकी नजरों के सामने बीते दिन का प्रत्येक दृश्य घूम गया। उसे अपनी गलती का अहसास हो रहा था। वह स्वयं अपनी गद्दी से उठा और अपने हाथों से गिलास में पानी भरकर उस बाबा को देते हुए उसे क्षमा प्रार्थना करने लगा। भिखारीः बाबूजी मुझे आपसे कोई शिकायत नही, परन्तु अगर मानवता को अपने मन की गहराइयों में नही बसा सकते तो एक-दो दिन किये हुए पुण्य कार्य व्यर्थ ही हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### स्वदेशी हाइड्रोजन ट्रेन से होगा हरित रेल क्रांति का आगाज

भारतीय रेल केवल देश का सबसे बड़ा सार्वजनिक परिवहन तंत्र नहीं, बल्कि भारत की आर्थिक, सामाजिक और औद्योगिक प्रगति की जीवनरेखा भी है। लगभग डेढ़ शताब्दी पहले भाप के इंजनों से शुरू हुई इसकी यात्रा आज अत्याधुनिक तकनीकों के नए युग में प्रवेश कर चुकी है। वंदे भारत, अमृत भारत, समर्पित माल गलियारे 'कवच' जैसी स्वदेशी सुरक्षा प्रणाली और व्यापक विद्युतीकरण के बाद अब भारतीय रेल हाइड्रोजन फ्यूल-सेल तकनीक के साथ एक और ऐतिहासिक उपलब्धि की दहलीज पर खड़ी है। विगत दिनों दिल्ली-जींद रेलखंड पर स्वदेशी हाइड्रोजन ट्रेन का सफल परीक्षण इस बात का संकेत है कि भारत हरित, आत्मनिर्भर और भविष्य उन्मुख रेल व्यवस्था की दिशा में निर्णायक कदम बढ़ा चुका है। -**विनोद यादव**, बिलासपुर

## करंट अफेयर


### 10 लाख महिलाओं को मदद मिलनी बंद हो गई : संरा



महिलाओं के लिए काम करने वाली संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी ने शुक्रवार को कहा कि पिछले 18 महीनों में बजट में कटौती के कारण कम से कम 10 लाख महिलाओं को मानवीय और अन्य जरूरी मदद नहीं मिल पा रही है। एजेंसी 'यूएन वीमेन' का कहना है कि सर्वेक्षण में शामिल 84 प्रतिशत महिला संगठनों ने बताया है कि जनवरी 2025 से उनकी जरूरतें बढ़ गई हैं। इसी समय अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप ने सत्ता संभाली थी और विदेशी मदद में कटौती शुरू की थी। अमेरिका संयुक्त राष्ट्र को सबसे ज्यादा वित्तीय सहायता देने वाला देश है। एजेंसी की शीर्ष अधिकारी सोफिया कॉलटॉर्प ने कहा, ''महिलाओं के संगठनों से वापस लिया गया हर डॉलर, यौन हिंसा की शिकार महिलाओं, विस्थापित माताओं, स्कूल छोड़ने पर मजबूर लड़कियों और जीवित रहने के लिए संघर्ष कर रहे समुदायों से वापस लिया गया डॉलर है।'' सर्वेक्षण में शामिल लगभग 90 प्रतिशत महिला समूहों ने कहा कि वे अब जरूरत के मौजूदा स्तर को पूरा नहीं कर सकते, और हर पांच में से एक समूह ने कहा कि उन्हें आशंका है कि वे अगले साल कुछ समय के लिए या हमेशा के लिए कामकाज बंद कर देंगे।

## ऑफ बीट

### युवाओं में बढ़ रहा कम उम्र में जुए की लत का खतरा



विशेषज्ञों का कहना है कि युवाओं में कम उम्र में जुए की लत लगने का खतरा बढ़ रहा है और इस समस्या से निपटने के लिए सरकार को जुए के विज्ञापनों और उद्योग पर कड़े नियंत्रण लगाने के साथ-साथ परिवारों को भी बच्चों को इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना होगा। अध्ययन के अनुसार आठ प्रतिशत से अधिक वयस्क किसी न किसी रूप में जुए के दुष्प्रभावों से प्रभावित हैं, जबकि लगभग एक प्रतिशत वयस्क अत्यधिक जोखिम वाले स्तर पर जुआ खेलते हैं। शोधकर्ताओं ने कहा कि 18 से 34 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं पर विशेष रूप से जुए की लत का जोखिम है। नियमित रूप से 'पोकी' (पोकर मशीन) और ऑनलाइन सट्टेबाजी करने वाले इस आयु वर्ग के लगभग 90 प्रतिशत लोगों को आर्थिक नुकसान, रिश्ते टूटने और अन्य गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ता है। विशेषज्ञों के अनुसार, पोकर मशीन और ऑनलाइन सट्टेबाजी जैसे जुए के कुछ स्वरूप अन्य की तुलना में अधिक नुकसानदेह हैं और इनसे लत लगने की आशंका अधिक रहती है। उन्होंने कहा कि जुए से होने वाला सबसे आम नुकसान आर्थिक होता है। इसमें खर्च के लिए कम धन बचने से लेकर जीवनभर की बचत या मकान तक गंवाने जैसी गंभीर स्थितियां शामिल हैं।

## ट्रेंड

### भारत-न्यूज़ीलैंड की दोस्ती



नाद वोकल एन्सेम्बल की शानदार प्रस्तुति देखकर बहुत खुशी हुई। संगीत में लोगों को एक साथ लाने की अनोखी क्षमता होती है और आज की प्रस्तुति ने भारत-न्यूज़ीलैंड की दोस्ती की गर्मजोशी और गहराई को खूबसूरती से दर्शाया।
- **नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

### रेड्डी का गणित कमजोर



मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी का गणित कमजोर है। वे बार-बार कहते हैं कि केंद्र ने कुछ नहीं दिया। कांग्रेस के ये लोग बस एक ही बात दोहराते हैं: वे खुद कुछ कमा नहीं सकते और दूसरों का सहारा लेना बंद नहीं करेंगे! हिमाचल प्रदेश में भी वे यही करते हैं।
- **जगत प्रकाश नड्डा**, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

### 16 पार्षद भाजपा में शामिल



आज दिल्ली की प्रगति और जनसेवा के संकल्प को नई मजबूती मिली है। इंद्रप्रस्थ डेवलपमेंट पार्टी के सोलह पार्षद भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए हैं। पार्षदों का यह निर्णय राजधानी के विकास कार्यों को नई गति देगा।
- **रेखा गुप्ता**, सीएम, नई दिल्ली

### अप्रेंटिसशिप जरूरी



अब भारत में अप्रेंटिसशिप की बड़े पैमाने पर वापसी के लिए सही समय आ गया है। मैन्युफैक्चरिंग हमारे लिए बहुत ज़रूरी है। और एआई व नई टेक्नोलॉजी के आने के साथ, 'काम करते हुए सीखना' ही आगे बढ़ने का सही रास्ता है।
- **अनिल अग्रवाल**, उद्यमी

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

उत्तराखंड के यमुनोत्री धाम क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के चलते परेशानी

# यमुनोत्री हाईवे का 100 मीटर हिस्सा बहा, 500 से ज्यादा तीर्थ यात्री फंसे पूर्वोत्तर में भी लाखों लोग बेघर हो गए, 6 लाख लोग अब भी प्रभावित

## तीर्थ यात्रियों को सुरक्षित स्थानों पर रोका

एजेंसी ▶▶ यमुनोत्री

उत्तराखंड के यमुनोत्री धाम क्षेत्र में गुरुवार को लगातार हो रही बारिश के चलते हाईवे का करीब 100 मीटर हिस्सा बह गया। जिला प्रशासन और पुलिस ने तीर्थ यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए एहतियातन पांच सौ से ऊपर तीर्थ यात्रियों को सुरक्षित स्थानों पर रोक दिया है। अगले आदेश तक यमुनोत्री धाम की ओर जाने वाले श्रद्धालुओं को बड़कोट, खरादी समेत अन्य सुरक्षित स्थानों पर रोका गया है। वहीं, हरिद्वार में भी भारी बारिश से हालात खराब हो गई। लगातार वर्षा के कारण यमुनोत्री हाईवे पर कई स्थानों पर भूस्खलन हो रहा है। भूस्खलन के कारण स्यानाचट्टी और हनुमानचट्टी के पास मलबा और बोल्डर आने से हाईवे बाधित है, जिससे आगे आवाजाही सुरक्षित नहीं मानी जा रही है।



यमुनोत्री हाइवे में फंसी बस

गुरुवार शाम स्यानाचट्टी के समीप यमुनोत्री हाईवे का करीब 100 मीटर हिस्सा तेज बारिश के कारण वॉशआउट हो गया, जिससे मार्ग को हुए नुकसान ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। बड़कोट प्रभारी थानाध्यक्ष रणबीर सिंह चौहान ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए यमुनोत्री धाम की यात्रा पर जाने वाले तीर्थ यात्रियों को सुरक्षित स्थानों पर रोक दिया गया है।

हिमाचल में भारी तबाही

### सिरमौर में नदियां-नाले उफान पर नाहन में 36 घंटे से भारी बारिश

**नाहन।** पिछले 36 घंटों से जारी मूसलाधार मानसूनी बारिश ने मिाचल प्रदेश के सिरमौर जिले के काला अंब औद्योगिक क्षेत्र सहित कई हिस्सों में भारी तबाही मचाई है जहां जलभराव के कारण जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है और स्कूल बंद करने पड़े हैं। नाहन में पिछले 36 घंटों से जारी मूसलाधार मानसूनी बारिश ने जिले के कई हिस्सों में भारी तबाही मचाई है।



असम में बाढ़ का कहर

### 3 लाख लोगों को किया बेघर अब तक 60 लोगों की मौत



पूर्वोत्तर मौसम की मार से कराह रहा है। असम और अरुणाचल में लोग अस्थायी कैंपों में रह रहे हैं। असम में करीब 3 लाख से अधिक लोग प्रभावित हैं और अब तक 60 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है।

### खतरे के निशान से ऊपर बह रही अलकनंदा

बदरीनाथ धाम में अलकनंदा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। सोमवार दोपहर नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया है। पुलिस प्रशासन ने तप्तकुंड खाली करा दिया है। यहां से नदी का जलस्तर मात्र छह फीट नीचे रह गया है।

---

## खबर संक्षेप

### आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन की समीक्षा



**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन की तीसरी मिशन संचालन समूह बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में इसकी प्रगति की समीक्षा की। इसे और मजबूत बनाने की रणनीति पर चर्चा की। यह स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर, आसान और सुलभ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

### पतंग को पाइप से उतारने में दादा की मौत



**खुर्जा।** कोतवाली क्षेत्र के बुर्ज उस्मान मोहल्ले में शुक्रवार सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां 12 वर्षीय पोते को बिजली के करंट से बचाने के प्रयास में दादा की जान चली गई। करंट की चपेट में आए पोते की हालत गंभीर बनी हुई है और उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। वीडियो सामने आया है।

### 51 साल के एक्टर संजीब की हार्ट अटैक से मौत



**नई दिल्ली।** टीवी इंडस्ट्री से एक दुखद खबर सामने आ रही है। खबर है कि टीवी के पॉपुलर सीरियल 'डॉ. आरंभी' में नजर आ रहे एक्टर संजीब सिंह की अचानक मौत हो गई है। शूटिंग करने के बाद घर लौट रहे एक्टर संजीब सिंह के निधन की घटना ने इंडस्ट्री में हड़कंप मचा दी है। वे घर लौट रहे थे तभी हार्ट अटैक आया था।

### हिमाचल में 17 आईएएस, 22 एचएएस इधर-उधर



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने सिविल सेवा बोर्ड की सिफारिशों पर 17 आईएएस और 22 एचएएस अधिकारियों के तबादला व तैनाती आदेश जारी किए हैं। मुख्य सचिव कमलेश पंत ने आदेश दिए। अतिरिक्त मुख्य सचिव ओंकार चंद अतिरिक्त मुख्य सचिव परिवहन का अतिरिक्त कार्यभार भी देखेंगे।

---

शाह ने सीमावर्ती जिलों के एसपी के साथ अहम सम्मेलन को संबोधित किया

# भारत को घुसपैठ मुक्त बनाएंगे, 3 साल में नारकोटिक्स की समस्या भी हो जाएगी हल

## 'सीमांत जिला पुलिस अधीक्षक सम्मेलन-2026' में की कॉन्फ्रेंस

*पाकिस्तान, बांग्लादेश और चीन समेत पड़ोसी मुल्कों से लगते जिलों पर बात की*


*हम एक ऐसा मजबूत सुरक्षा तंत्र बना रहे, जिससे कहीं भी घुसपैठ ही नहीं हो सकेगी*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पाकिस्तान, बांग्लादेश और चीन समेत तमाम पड़ोसी मुल्कों से लगते जिलों के एसपी के साथ एक अहम सम्मेलन को संबोधित किया। सीमांत जिला पुलिस अधीक्षक सम्मेलन-2026 नाम की इस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि हम एक ऐसा मजबूत सुरक्षा तंत्र बना रहे हैं। जिससे देश को घुसपैठिया मुक्त करने के साथ ही घुसपैठ ही नहीं हो सकेगी। उन्होंने कहा कि जिस तरह से देश को जम्मू कश्मीर और नॉर्थ-ईस्ट में आतंकवाद और नक्सलवाद से निजात मिली है। घुसपैठ को रोकने के साथ ही आने वाले 3 सालों में सरकार नारकोटिक्स की समस्या पर भी विजय प्राप्त करेगी। सम्मेलन में बॉर्डर से लगते 119 जिलों के एसपी और अन्य अधिकारी शामिल हुए। इनके सात गृहमंत्री शाह ने कई सुरक्षात्मक मुद्दों पर चर्चा की। इसके साथ ही उनके परामर्श को भी ध्यान से सुना और समस्याओं के निराकरण के लिए विस्तार से ब ात भी की।

**गृहमंत्री शाह ने 3 बड़े ऐलान किए**

**119** जिलों के एसपी और अन्य अधिकारी बैठक में रहे शामिल





### केंद्र सरकार मजबूत चतुष्कोणीय सुरक्षा ग्रिड बना रही


शाह ने कहा कि मोदी सरकार, संबद्ध सीमा रक्षक बल, राज्य और जिला प्रशासन, भारत सरकार के संबंधित हितधारक तथा स्थानीय नागरिकों के साथ मिलकर एक मजबूत चतुष्कोणीय सुरक्षा ग्रिड का निर्माण कर रही है। बॉर्डर इन्फ्रास्ट्रक्चर में 400 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है।

**घुसपैठ से जनसांख्यिकी में हो रहे बदलाव**
गृह मंत्री ने कहा कि सीमांत क्षेत्रों में हो रहे जनसांख्यिकी परिवर्तन का मूल कारण घुसपैठ है। मोदी सरकार आइसोलेटेड सीमा चौकी की व्यवस्था से एकीकृत सुरक्षा ग्रिड का निर्माण करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। सीमांत क्षेत्रों में जनसांख्यिकी में हो रहे बदलाव की सूचना मिली है।

### म्यांमार बॉर्डर पर 610 किलोमीटर लंबी सीमा पर बाड़बंदी हो रही

गृहमंत्री शाह ने कहा कि मोदी सरकार 31 हजार करोड़ से 1610 किलोमीटर लंबे म्यांमार बॉर्डर पर बाड़बंदी कर रही है। प्रॉक्सी वार, घुसपैठ, कट्टरपंथ का प्रसार, नारकोटिक्स, तस्करी, ड्रोन, साइबर अपराध, संगठित अपराध और जनसांख्यिकीय परिवर्तन रोकना, सीमा को रहने लायक बनाना और वहां से पलायन रोकना और सुरक्षा सुनिश्चित करना हमारे उद्देश्य हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में तटीय सीमा सुरक्षा को सुनिश्चित करने की दिशा में भी हम समग्रता से आगे बढ़ेंगे। स्मार्ट बॉर्डर की कल्पना पर आधारित भारत की बॉर्डर सुरक्षा व्यवस्था आने वाले समय में विश्व में सबसे आधुनिक सुरक्षा व्यवस्था होगी।

### रेलवे सुरक्षा और पटरियों की तोड़फोड़ को रोकने व्यापक योजना बना रहे



केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने रेलवे सुरक्षा और पटरियों की तोड़फोड़ को रोकने के लिए कई सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर एक व्यापक योजना बनाने की बात कही है। इस योजना में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी), सीबीआई (सीबीआई) और राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) जैसी एजेंसियां शामिल हैं।रेलवे सुरक्षा और समन्वय योजनागृह मंत्रालय और रेल नेटवर्क की सुरक्षा के लिए संयुक्त रणनीति।रेल पटरियों पर किसी भी तरह की तोड़फोड़ या साजिश को नाकाम करने के उपाय।खुफिया एजेंसियों और रेलवे पुलिस के बीच बेहतर तालमेल स्थापित किया जाएगा।

---

दलित छात्रा की हत्या

# खरगे का प्रहार, डबल इंजन सरकार का चेहरा 'बेनकाब'

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

मेरठ की दलित छात्रा ललिता गौतम की हत्या के मामले को लेकर कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के बजाय न्याय की मांग उठाने वालों की आवाज दबाने का प्रयास कर रही है। खरगे ने कहा कि ललिता गौतम की निर्मम हत्या ने भाजपा की 'डबल इंजन सरकार' का महिला और दलित विरोधी चेहरा फिर उजागर कर दिया है। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार न्याय की गुहार लगा रहा है, लेकिन सरकार उनकी बात सुनने के बजाय विपक्षी नेताओं और न्याय की मांग करने वालों पर पुलिस कार्रवाई कर रही है।

**एनसीआरबी के आंकड़ों का हवाला**
खरगे ने दावा किया राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के अनुसार 2013 से 2024 के बीच महिलाओं के खिलाफ दर्ज अपराधों में लगभग 42.6 प्रतिशत और एससी के खिलाफ अपराधों में करीब 41 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। देश में औसतन हर 2 घंटे 3 मिनट में एससी की एक महिला के साथ दुष्कर्म का मामला दर्ज होता है, यानी प्रतिदिन लगभग 12 दलित महिलाओं के साथ दुष्कर्म के मामले सामने आते हैं। ये आंकड़े महिलाओं और दलितों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता पैदा करते हैं।

### कांग्रेस नेताओं को रोकने का आरोप

खरगे ने आरोप लगाया कि जब कांग्रेस के नेता पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे तो उन्हें गिरफ्तार किया गया, नजरबंद किया गया और पुलिस बल का इस्तेमाल कर रोका गया। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर उत्तर प्रदेश सरकार विपक्षी नेताओं को पीड़ित परिवार से मिलने से क्यों रोक रही है और परिवार की बात सुनने के बजाय पुलिस कार्रवाई क्यों की जा रही है।

### हाथरस और उन्नाव का किया जिक्र

कांग्रेस अध्यक्ष ने अपने बयान में हाथरस और उन्नाव की घटनाओं का भी उल्लेख करते हुए कहा कि उन मामलों में भी भाजपा सरकार पर पीड़ितों की आवाज दबाने और सत्ता से जुड़े लोगों को बचाने के आरोप लगे थे। उन्होंने कहा कि मेरठ में भी सरकार का रवैया वैसा ही दिखाई दे रहा है।

### दोषियों को कड़ी सजा की मांग

खरगे ने मांग की कि ललिता गौतम हत्याकांड के सभी दोषियों को कठोरतम सजा दी जाए, पीड़ित परिवार को सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित किया जाए तथा विपक्षी नेताओं और परिवार की आवाज को दबाने की कार्रवाई तत्काल बंद की जाए।

### राजनीतिक विवाद तेज

मेरठ की इस घटना को लेकर उत्तर प्रदेश की राजनीति गरमा गई है। कांग्रेस इसे कानून-व्यवस्था, महिला सुरक्षा और दलित अधिकारों से जुड़ा गंभीर मामला बता रही है, जबकि राज्य सरकार का कहना है कि मामले की जांच जारी है और दोषियों के खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई की जा रही है। आने वाले दिनों में इस मुद्दे पर राजनीतिक टकराव और तेज होने की संभावना है।

---

मुंबई और कोच्चि स्थित कई ठिकानों पर छापेमारी की

# स्टेट बैंक को 133.52 करोड़ रुपए की चपत, सीबीआई ने 5 को दबोचा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सीबीआई ने भारतीय स्टेट बैंक के साथ 133.52 करोड़ रुपए की कथित बैंक धोखाधड़ी के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए मुंबई और कोच्चि स्थित कई ठिकानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई मुंबई स्थित निजी कंपनी फर्नेस फैब्रिका (इंडिया) लिमिटेड के निदेशकों से जुड़े परिसरों पर की गई। सीबीआई ने यह मामला 9 जुलाई को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की स्ट्रेस्ड एसेट मैनेजमेंट शाखा, मुंबई की शिकायत पर दर्ज किया। मामले में कंपनी के निदेशकों के अलावा अज्ञात लोक सेवकों और अज्ञात निजी व्यक्तियों को भी आरोपी बनाया गया है।

### आरोप क्या हैं?

कंपनी के निदेशकों ने आपराधिक साजिश रचकर बैंक से ज्यादा क्रेडिट फैसिलिटी हासिल करने के लिए कथित रूप से गलत और भ्रामक वित्तीय जानकारी प्रस्तुत की। इसके बाद बैंक से प्राप्त ऋण राशि का उपयोग उस उद्देश्य के लिए नहीं किया गया, जिसके लिए ऋण स्वीकृत हुआ था। जांच एजेंसी का आरोप है कि धनराशि को अन्य कार्यों में डायवर्ट या साइफन कर दिया गया, जिससे बैंक को लगभग 133.52 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ।

### मुंबई और कोच्चि में कार्रवाई की

मामला दर्ज होने के अगले ही दिन, 10 जुलाई, शुक्रवार को सीबीआई की टीमों ने महाराष्ट्र के मुंबई और केरल के कोच्चि में आरोपियों से जुड़े कई परिसरों पर एक साथ तलाशी अभियान चलाया। तलाशी के दौरान जांच से जुड़े कई महत्वपूर्ण दस्तावेज, डिजिटल रिकॉर्ड और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद हुई है, जो कथित बैंक धोखाधड़ी और धन के दुरुपयोग की जांच में महत्वपूर्ण साक्ष्य साबित हो सकती है।

### जांच का दायरा बढ़ेगा

सीबीआई ने कहा कि जांच अभी जारी है। एजेंसी यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि कथित साजिश में किन-किन लोगों की भूमिका रही, क्या इसमें किसी सरकारी अधिकारी की मिलीभगत थी, बैंक से प्राप्त ऋण राशि का अंतिम उपयोग कहां हुआ तथा धन के डायवर्जन का पूरा नेटवर्क क्या था?

### डायरेक्टर जिनको पकड़ा

ए. आर. बशीरुद्दीन, बद्री प्रसाद, नेज़ी बशीरुद्दीन, रईज़ बशीरुद्दीन, सनम बशीर।

---

# 70 मेडिकल कॉलेज सीसीटीवी निगरानी से जुड़े नियमों का सख्ती से पालन करें

## 'स्नातक चिकित्सा शिक्षा मानक विनियमन' का उल्लंघन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) ने देश भर के 70 स्नातक और स्नातकोत्तर चिकित्सा महाविद्यालयों को निर्देश दिया है कि वे सीसीटीवी निगरानी से जुड़े अनिवार्य नियमों का तुरंत पालन करें। ये अपने नेटवर्क वीडियो रिकॉर्डर को आयोग से जोड़ने में विफल रहे। इन संस्थानों ने नियमों का पालन नहीं किया है जिनके तहत सीसीटीवी प्रणाली, एनवीआर स्थापित करना था।

■ राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ने निर्देश जारी किए

### राजस्थान में 13 और महाराष्ट्र में 11 सर्वाधिक



एनएमसी की आईटी टीम की लगातार कोशिशों के बावजूद इन चिकित्सा महाविद्यालयों ने अभी तक अपने एनवीआर को एनएमसी से 'कनेक्ट' नहीं किया है। यह अनिवार्यता 'स्नातक चिकित्सा शिक्षा मानक विनियमन' के तहत आती है। नियम न मानने वाले संस्थानों में राजस्थान में 13 चिकित्सा महाविद्यालय हैं। महाराष्ट्र में 11 , दिल्ली में 8 हैं। दिल्ली के अटल बिहारी वाजपेयी आयुर्विज्ञान संस्थान एवं डॉ. आरएमएल अस्पताल, सेंट्रल हेल्थ एजुकेशन ब्यूरो, चाचा नेहरू बाल चिकित्सालय आदि हैं।

---

पंजाब में बगावत की आग अभी भी दहक रही है...

# चन्नी खेमा आज बघेल से मिलेगा, वडिंग बोले- जल्द ही हम सब एक साथ दिखेंगे

## भूपेश संबंधित नेताओं से अलग-अलग बात करेंगे

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़



पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के करीबी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शनिवार को पार्टी के प्रदेश प्रभारी महासचिव भूपेश बघेल के साथ बैठक करेंगे। बघेल राज्य में पार्टी नेतृत्व में किसी भी तरह के बदलाव की संभावना को खारिज कर चुके हैं। कांग्रेस की पंजाब इकाई के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग ने यहां संवाददाताओं के सवाल पर कहा कि बघेल ने उन्हें बताया है कि शनिवार को एक बैठक तय की गई है। उन्होंने कहा कि बघेल संबंधित नेताओं से अलग-अलग बात करेंगे।

### मुझे सभी स्वीकार कर रहेः वडिंग

चन्नी, सुखजिंदर रंधावा और राणा गुरजीत उन नेताओं में शामिल हो सकते हैं, जो बघेल से मुलाकात करेंगे। क्या चन्नी खेमे ने इस बात पर ज़ोर दिया था कि वडिंग बैठक का हिस्सा न हों, प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि उन्हें कोई जानकारी नहीं है। चन्नी कब साथ में नज़र आएंगे, वडिंग ने कहा कि एक-दो दिन में आप हम सभी को एक साथ देखेंगे। वे किसी से कोई नाराजगी नहीं रखते और कांग्रेस एकजुट है।चन्नी खेमा उन्हें स्वीकार नहीं कर रहा है, वडिंग ने कहा कि ऐसी कोई बात नहीं है। मुझे सभी स्वीकार कर रहे।

---

कांग्रेस महासचिव वेणुगोपाल का दावा, टकराव बढ़ता जा रहा

# एफसीआरए नियमों पर कैथोलिक बिशप ऑफ इंडिया से शाह ने बोला झूठ

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) के नए नियमों को लेकर कांग्रेस और केंद्र सरकार के बीच टकराव और तेज हो गया है। कांग्रेस महासचिव एवं सांसद के. सी. वेणुगोपाल ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर झूठ बोलने का आरोप चस्पां किया। उन्होंने कहा, अमित शाह ने कैथोलिक बिशप ऑफ इंडिया को एफसीआरए के मुद्दे पर गुमराह किया है और अपनी सरकार की जिम्मेदारी से बचने के लिए झूठे दावे किए हैं।

वेणुगोपाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि मोदी सरकार वर्षों से एफसीआरए कानून का इस्तेमाल मुखर सामाजिक संगठनों और अल्पसंख्यक संस्थाओं को परेशान करने तथा उनकी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार का उद्देश्य सिविल सोसाइटीज की स्वतंत्रता को कमजोर करना है।

### 2020 से नियम लगातार सख्त होने का आरोप

कांग्रेस नेता ने कहा कि वर्ष 2020 में केंद्र सरकार ने एफसीआरए कानून में कई कड़े संशोधन किए थे। इनमें संगठनों के लाइसेंस निलंबन की अवधि बढ़ाना, केंद्र सरकार को अधिक जांच अधिकार देना तथा प्रशासनिक खर्चों पर सीमा तय करना शामिल था। उनके अनुसार इन बदलावों से कई गैर-सरकारी संगठनों की सामान्य गतिविधियां प्रभावित हुईं।

### 2026 के संशोधनों पर नया विवाद

वेणुगोपाल ने आरोप लगाया कि 2026 में सरकार ने संसद में ऐसा संशोधन लाने का प्रयास किया था जिससे एफसीआरए लाइसेंस समाप्त होने पर संस्थाओं की संपत्तियों पर सरकारी नियंत्रण का रास्ता खुल जाता। विपक्ष के विरोध के बाद सरकार ने विधेयक को आगे नहीं बढ़ाया, लेकिन बाद में वही प्रावधान नियमों के जरिए लागू करने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि नए नियमों में संगठनों के कार्यक्षेत्र और भौगोलिक दायरे को सीमित किया गया है। किसी नए राज्य में काम करने के लिए अतिरिक्त अनुमति और शुल्क का प्रावधान किया गया है। साथ ही सोशल मीडिया खातों और प्रकाशनों के विस्तृत खुलासे की अनिवार्यता तथा कुछ मामलों में वैचारिक आधार पर जांच की व्यवस्था भी की गई है। कांग्रेस का दावा है कि इससे स्वतंत्र संस्थाओं पर सरकारी नियंत्रण बढ़ेगा।

### 2010 के कानून में ऐसे प्रावधान नहीं थे

वेणुगोपाल ने गृह मंत्री को चुनौती देते हुए कहा कि यदि 2010 में यूपीए सरकार द्वारा बनाए गए मूल एफसीआरए कानून में ऐसे प्रावधान थे तो सरकार उन्हें सार्वजनिक करे। उनका आरोप है कि ये सभी कठोर प्रावधान बाद में मोदी सरकार ने जोड़े हैं और इनका उद्देश्य नागरिक समाज को नियंत्रित करना है।

**सरकार का पक्ष :** केंद्र सरकार का कहना है कि एफसीआरए में किए गए बदलावों का उद्देश्य विदेशी चंदे की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, तकनीक आधारित और जवाबदेह बनाना है। गृह मंत्रालय के अनुसार हाल ही में शुरू किया गया एफसीआरए 2.0 पोर्टल आवेदन प्रक्रिया को सरल बनाएगा, कागजी कार्यवाही कम करेगा और विदेशी अंशदान की रियल-टाइम निगरानी सुनिश्चित करेगा। सरकार का यह भी कहना है कि ये कदम राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेशी फंड के दुरुपयोग को रोकने के लिए आवश्यक हैं।

**खबर संक्षेप**

## इंडियन बैंक के लाभ में 10 प्रतिशता का इजाफा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन बैंक का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही अप्रैल-जून में 10 प्रतिशत बढ़कर 3,273 करोड़ रुपये रहा। बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। चेन्नई के इस बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 की इसी तिमाही में 2,973 करोड़ रुपये शुद्ध लाभ अर्जित किया था।

## एचएफसीएल को डेटा सेंटर कंपनी से मिला निर्यात ठेका




**नई दिल्ली।** घरेलू दूरसंचार उपकरण विनिर्माता एचएफसीएल को एक अंतरराष्ट्रीय डेटा सेंटर कंपनी से ऑप्टिकल फाइबर केबल आधारित डेटा सेंटर संपर्क समाधान की आपूर्ति के लिए 495.80 करोड़ रुपये का निर्यात ठेका मिला है। कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि इस ठेके को दिसंबर, 2026 तक पूरा किया जाना है।

## रुपया 14 पैसे मजबूत होकर 95.33 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को रुपया 14 पैसे चढ़कर 95.33 प्रति डॉलर पर रहा। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच कमजोर होते डॉलर और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से रुपये को समर्थन मिला। पूंजी निकासी और पश्चिम एशिया में नए सिरे से तनाव को लेकर अनिश्चितता बढ़ने का स्थानीय मुद्रा पर दबाव रहा।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### कोई भी मोबाइल ऐप इस सीरीज को ब्लाक नहीं कर सकता

# अब नहीं रुकेगी 1600 सीरीज की कॉल, ट्राई ने जारी किए नए नियम

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दूरसंचार नियामक ट्राई ने शुक्रवार को कहा कि 1600 नंबर श्रृंखला से आने वाली कॉल को कोई भी मोबाइल ऐप ब्लॉक नहीं कर सकता, क्योंकि ये कॉल सरकार एवं विनियमित संस्थाओं की तरफ से आम लोगों के साथ संवाद के लिए निर्धारित हैं। इसके साथ ही ट्राई ने कहा कि 140 नंबर श्रृंखला से आने वाली कॉल को केवल 'डू नॉट डिस्टर्ब' (डीएनडी) पंजीकरण के जरिए ही ब्लॉक किया जा सकता है। भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने स्पष्ट किया कि दूरसंचार वाणिज्यिक संचार ग्राहक वरीयता विनियम के तहत 1600 श्रृंखला से आने वाली कॉल को टैग, ब्लॉक या फिल्टर करने की अनुमति नहीं है।

- 140 नंबर श्रृंखला वाली काल को ब्लाक किया जा सकता है

### आरबीआई, सेबी, इरडा आदि करती है 1600 सीरीज का उपयोग

ट्राई के मुताबिक, 1600 नंबर श्रृंखला का उपयोग भारतीय रिजर्व बैंक, सेबी, बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) और पेंशन कोष विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) जैसे नियामकों के अधीन आने वाली बैंकिंग, वित्तीय सेवा और बीमा कंपनियां अपने ग्राहकों से सेवा और लेनदेन संबंधी कॉल के लिए करती हैं।




### 140 की सीरीज टेलीमार्केटिंग कंपनियां उपयोग करती है

*इसके साथ ही ट्राई ने कहा कि 140 नंबर श्रृंखला का उपयोग पंजीकृत टेलीमार्केटिंग कंपनियों द्वारा प्रचार संबंधी कॉल के लिए किया जाता है। इन कॉल को किसी ऐप के माध्यम से टैग या फिल्टर नहीं किया जा सकता और इन्हें केवल 'डू नॉट डिस्टर्ब' (डीएनडी) पंजीकरण के जरिए ही ब्लॉक किया जा सकता है।*

### 140 सीरीज में डीएनडी का पंजीकरण हो सकता है

*प्राधिकरण ने कहा, /"ट्राई डीएनडी ऐप सहित विभिन्न माध्यमों से 'डू नॉट डिस्टर्ब' (डीएनडी) पंजीकरण कराया जा सकता है। जहां तक 140 श्रृंखला की कॉल का सवाल है तो उसे टैग या फिल्टर नहीं किया जा सकता है, क्योंकि इससे उन उपभोक्ताओं को भ्रम हो सकता है जिन्होंने किसी क्षेत्र से कॉल की अनुमति दी हुई है।*

### प्रचार कॉल को अनुमति दे सकते हैं या ब्लॉक कर सकते हैं

*नियामक के अनुसार, उपभोक्ता डीएनडी रजिस्ट्री पर अपनी पसंद दर्ज कर किसी एक या सभी क्षेत्रों से आने वाली प्रचार कॉल को अनुमति दे सकते हैं या उन्हें ब्लॉक कर सकते हैं। यदि किसी उपभोक्ता ने किसी क्षेत्र की कॉल ब्लॉक कर दी है, तो उसे उस क्षेत्र से 140 श्रृंखला की कोई भी कॉल नहीं आएगी।*

### इस सीरीज की फर्जी कॉल में काफी वृद्धि हुई

ट्राई के इस स्पष्टीकरण का मतलब है कि उपभोक्ता 1600 और 140 नंबर श्रृंखला से आने वाली कॉल को 'स्पैम' या 'फ्रॉड' के रूप में चिह्नित नहीं कर पाएंगे। इस बीच, कॉलर की पहचान करने वाले ऐप 'ट्रूकॉलर' के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ऋषित झुनझुनवाला ने कहा कि 140 और 1600 श्रृंखला से आने वाली फर्जी (स्पैम) कॉल में काफी वृद्धि हुई है।

### 5.1 करोड़ से अधिक कॉल लोग उठाते नहीं

इन दोनों श्रृंखलाओं से प्रतिदिन आने वाली 5.1 करोड़ से अधिक कॉल को लोग उठाते भी नहीं है। उन्होंने बताया कि 1600 श्रृंखला से आने वाली कॉल को ब्लॉक करने की कार्रवाई में अक्टूबर 2025 से 208 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है और पिछले आठ महीनों में इस श्रृंखला के खिलाफ 7.4 करोड़ से अधिक मैनुअल ब्लॉकिंग की गई है।

## देश का विदेशी मुद्रा भंडार 7.26 अरब डॉलर बढ़ा



**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार तीन जुलाई को समाप्त सप्ताह में 7.26 अरब डॉलर बढ़कर 674.19 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले समीक्षाधीन सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 5.65 अरब डॉलर घटकर 666.93 अरब डॉलर रह गया था। इस साल 27 फरवरी को समाप्त सप्ताह में पश्चिम एशिया संघर्ष शुरू होने से पहले देश का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 728.49 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था। हालांकि, संघर्ष के कारण रुपये पर दबाव बढ़ा और आरबीआई को विदेशी मुद्रा बाजार में डॉलर बेचकर हस्तक्षेप करना पड़ा, जिससे इसके बाद कई सप्ताह तक भंडार में गिरावट दर्ज की गई।

## एआईसी को इम्पैक्ट लीडरशिप अवॉर्ड से सम्मानित किया गया




**नई दिल्ली।** एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड (एआईसी), भारत की अग्रणी विशिष्ट कृषि बीमा कंपनी, को समावेशी, प्रौद्योगिकी-संचालित एवं किसान-केंद्रित बीमा समाधानों के माध्यम से भारतीय कृषि क्षेत्र को सुदृढ़ करने और किसानों को व्यापक जोखिम संरक्षण प्रदान करने में उसके उत्कृष्ट योगदान के लिए 17वें एग्रीकल्चर लीडरशिप अवॉर्ड्स 2026 में प्रतिष्ठित 'इम्पैक्ट लीडरशिप अवॉर्ड' सेसम्मानित किया गया है। भारत सरकार के माननीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने एआईसी की अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (सीएमडी) डॉ. लावण्या आर. मुंडायूर को यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किया। यह सम्मान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के प्रभावी कार्यान्वयन के माध्यम से लाखों किसानों को वित्तीय सुरक्षा एवं जोखिम संरक्षण उपलब्ध कराने में एआईसी के उल्लेखनीय और परिवर्तनकारी योगदान का प्रमाण है। फसल बीमा से आगे बढ़ते हुए, एआईसी ने पशुधन, जलीय कृषि, पोल्ट्री, झींगा पालन तथा अन्य संबद्ध कृषि क्षेत्रों के लिए अभिनव बीमा समाधानों के माध्यम से अपने जोखिम संरक्षण के दायरे का विस्तार किया है।

## शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी, सेंसेक्स 828 अंक उछला

एजेंसी ⏭ मुंबई

प्रमुख कंपनियों रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक एवं एचडीएफसी बैंक में लिवाली और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 828 अंक और निफ्टी 244 अंक के लाभ में रहा।

टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के जून तिमाही के बेहतर नतीजों के बाद आईटी शेयरों में आई तेजी से भी बाजार को मजबूती मिली। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 827.57 अंक उछलकर 77,569.39 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 900.41 अंक चढ़कर 77,642.23 अंक तक पहुंच गया था। निफ्टी 244.10 अंक की बढ़त के साथ 24,206.90 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, टेक महिंद्रा, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, एक्सिस बैंक, टाटा स्टील और इन्फोसिस के शेयर प्रमुख रूप से बढ़त के साथ बंद हुए। देश की सबसे बड़ी आईटी सेवा कंपनी टीसीएस का शेयर करीब एक प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ। दूसरी तरफ, इटर्नल (जोमैटो और ब्लिंकिट का संचालन करने वाली), भारती एयरटेल, सन फार्मा और ट्रेंट के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए।




- कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से बाजार को मिली मजबूती
- रिलायंस, आईसीआईसीआई व एचडीएफसी में रही खरीदारी

### क्रूड गिरकर 76 डॉलर पर

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, /"बाजार में सकारात्मक रुख तिमाही नतीजों के सत्र की स्थिर शुरुआत से प्रेरित रहा। कच्चे तेल की कीमतों में लगातार नरमी और रुपये में स्थिरता ने भी निवेशकों के भरोसे को समर्थन दिया।/"वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.30 प्रतिशत गिरकर 76.07 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

## सोने में 400 की तेजी तो चांदी 5,000 रुपये मजबूत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत 400 रुपये बढ़कर 1,48,500 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। वहीं चांदी की कीमत में 5,000 रुपये का उछाल आया। तेजी का कारण कारोबारियों के नीचे मूल्य पर लिवाली और अमेरिकी डॉलर में कमजोरी रुख के बाद कीमती धातुओं की मांग में आई तेजी थी। इससे पहले के सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,48,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी ने भी लगातार तीन सत्रों से जारी गिरावट का सिलसिला तोड़ा और बृहस्पतिवार के 2,32,000 रुपये प्रति किलोग्राम के बंद स्तर से 5,000 रुपये बढ़कर 2,37,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) पर पहुंच गई।यह सुधार डॉलर सूचकांक के लगातार तीसरे सत्र में कमजोर होने की वजह से आई, जिससे कीमती धातुओं की मांग बढ़ी। साथ ही, इस हफ्ते की शुरुआत में सोने की कीमत एक हफ्ते के निचले स्तर पर पहुंचने के बाद निवेशकों ने कम कीमतों का फायदा उठाते हुए लिवाली की।

## एनसीडीईएक्स ने काली मिर्च वायदा कारोबार फिर किया शुरू

- भारत को मसाले के वैश्विक मूल्य निर्धारण का प्रमुख केंद्र बनाना



**मुंबई (एजेंसी)।** जिंस बाजार एनसीडीईएक्स ने काली मिर्च (ब्लैक पेपर) के वायदा कारोबार को फिर शुरू करने की घोषणा की है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि इस कदम का उद्देश्य भारत को इस मसाले के वैश्विक मूल्य निर्धारण का प्रमुख केंद्र बनाना है। एनसीडीईएक्स ने कहा कि एक दशक से अधिक समय बाद काली मिर्च वायदा अनुबंध की वापसी से इस जिंस के लिए भारत में फिर से पारदर्शी मूल्य निर्धारण व्यवस्था उपलब्ध होगी। भारत दुनिया के सबसे बड़े काली मिर्च उत्पादकों, उपभोक्ताओं और प्रसंस्करण केंद्रों में शामिल है, लेकिन वर्तमान में इस जिंस के लिए दुनिया में कोई सक्रिय वायदा मानक उपलब्ध नहीं है। एनसीडीईएक्स ने बताया कि इस वायदा अनुबंध का डिलीवरी केंद्र केरल का कोच्चि होगा, जो देश में मसालों के प्रमुख व्यापार एवं प्रसंस्करण केंद्रों में शामिल है। नई व्यवस्था के तहत कारोबार की एक इकाई एक टन (1,000 किलोग्राम) होगी। एनसीडीईएक्स ने कहा कि पहले जब काली मिर्च वायदा अनुबंध का कारोबार होता था, तब किसानों, व्यापारियों, निर्यातकों और प्रसंस्करण इकाइयों की इसमें अच्छी भागीदारी रहती थी। अनुबंध की समाप्ति पर डिलीवरी का अनुपात लगभग 100 प्रतिशत रहता था। एनसीडीईएक्स के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अरुण आर ने कहा कि काली मिर्च वायदा अनुबंध की दोबारा शुरुआत का उद्देश्य व्यापार के लिए भारत आधारित, विश्वसनीय और पारदर्शी मूल्य संकेतक उपलब्ध कराना है।

## अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित जैसलमेर रेलवे स्टेशन तैयार

नई दिल्ली। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत लगभग 140 करोड़ रुपये की लागत से पुनर्विकसित जैसलमेर रेलवे स्टेशन पूरी तरह तैयार है। हेरिटेज वास्तुकला और अत्याधुनिक यात्री सुविधाओं से सुसज्जित यह स्टेशन पश्चिमी राजस्थान की नई पहचान बनने जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार जैसलमेर रेलवे स्टेशन का नया मुख्य स्टेशन भवन जी प्लस टू संरचना में लगभग 8,327 वर्गमीटर क्षेत्र में निर्मित किया गया है। भवन के बाहरी भाग में जैसलमेर के प्रसिद्ध स्वर्णिम पीले पत्थर का उपयोग किया गया है, जिससे स्टेशन को शहर की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत के अनुरूप भव्य हेरिटेज स्वरूप मिला है। विशाल प्रवेश एवं निकास द्वार इसकी आकर्षक पहचान को और सशक्त बनाते हैं। स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए 10 लिफ्ट, 10 एस्केलेटर, प्लेटफॉर्मों को जोड़ने वाले 6 मीटर चौड़ाई के दो फुट ओवरब्रिज, विशाल एयर कॉनकोर्स, आधुनिक प्रतीक्षालय, विस्तृत सर्कुलेटिंग एरिया, सुव्यवस्थित पार्किंग, दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाएं तथा 480 वर्गमीटर वाणिज्यिक क्षेत्र विकसित किया गया है। तीनों प्लेटफॉर्मों पर 10 हजार वर्गमीटर से अधिक क्षेत्र में आधुनिक शेड लगाए गए हैं। जैसलमेर क्षेत्र में पर्यटन सीजन के दौरान होने वाले उच्च यात्री आवागमन की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप स्टेशन की सभी प्रमुख वाणिज्यिकी परिसंपत्तियों के आवंटन का सफलतापूर्वक आउटसोर्स किया जा चुका है।

**COURT NOTICE**
**(U/o 5 Rule 20 CPC)**
IN THE COURT OF Sh. Aditya Saini
Civil Judge (Junior Division), Rewari
SHANTI DEVI
Vs.
GOKAL YADAV
CNR No. HRRE02-001927-2021
Next Date:- 07-08-2026
PUBLICATION ISSUED TO:
1- AJIT SINGH, 2- RAN SINGH Ss/O GOKAL YADAV, 3-AJAY YADAV, 4-VIJAY Ss/O LATE SH. BALBIR SINGH S/O GOKAL YADAV, 5- JAIVEER YADAV S/O BABU LAL S/O GOKAL YADAV, 6- ARUN KUMAR, 7- SUNIL YADAV Ss/O HARI PARKASH S/O GOKAL YADAV, R/O VILL. BADSHAHPUR, TEHSIL AND DISTT. GURUGRAM.
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/ respondent(s) should appear in person or through counsel on 07-08-2026 at 10:00 a.m.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Rewari
Sd/- Aditya Saini
Civil Judge (Junior Division), Rewari
Dated, this day of 08-07-2026

**PUBLIC NOTICE**
I, OM PARKASH SETHI S/o LATE LAL CHAND R/o C-58, ASHOK VIHAR PHASE-I, DELHI-110052 do hereby solemnly affirm and inform That Mr. VARINDER SETHI is my son, he has married to Mrs. GITA SETHI, he has two child i.e. daughter-Vedika Sethi, & Son-Shivam Sethi. I do hereby disowned my son Mr. VARINDER SETHI and his wife Mrs. GITA SETHI and their childrens daughter-Vedika Sethi & Son-Shivam Sethi, from all my moveable and immoveable properties and have reserved all our relations with them as he is disobedient, disrespectful, and out of control and misbehaviour and other some unavoidable circumstances arises by them. Anyone dealing with them will do so at his own risk and cost, we will not be responsible for their any act or deeds as we have no relation with them.
Om Parkash Sethi

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृष** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में सुधार होगा, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा।आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी।

**मिथुन** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार का साथ मिलेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। मन अशान्त रहेगा।

**कर्क** — परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाइयों के सहयोग से कारोबार को गति मिल सकती है।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें।वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं। आय की स्थिति में सुधार होगा। सेहत का ध्यान रखें। सन्तान सुख में वृद्धि होगी।

**कन्या** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार में शान्ति एवं सद्भाव बनाये रखने के लिए प्रयास करें। नौकरी में उच्च पद की प्राप्ति होगी।

**तुला** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सम्पत्ति में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। मानसिक शान्ति बनाये रखें। माता का सानिध्य मिलेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**धनु** — मित्रों के साथ धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य होंगे। भवन की साज-सज्जा पर खर्च अधिक रहेंगे।

**मकर** — आलस्य में वृद्धि हो सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, लेकनि परिणाम संदिग्ध हैं। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं।

**कुंभ** — खर्च बढ़ेंगे। आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में इच्छा-विरुद्ध कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**मीन** — कारोबार में सुधार के लिए भाई-बहनों का सहयोग मिल सकता है। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। रहन-सहन कष्टदायी होगा। तनाव से बचें।

## ट्रंप को बेटे ने बर्बाद किया, जिद ने डुबोए 5700 करोड़ रुपये

नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बेटे एरिक ट्रंप की क्रिप्टोकरेंसी कंपनी अमेरिकन बिटकॉइन कॉर्प इस समय गहरे संकट में है। बिटकॉइन के मंदी के दौर में जाने और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मांग बढ़ने के कारण निवेशकों ने उन कंपनियों को प्राथमिकता दी जो अपने इंफ्रास्ट्रक्चर को एआई डेटा सेंटरों में बदल सकती थीं। इसके विपरीत, अमेरिकन बिटकॉइन कॉर्प अपनी पुरानी क्रिप्टो रणनीति पर ही टिकी रही। इसके परिणामस्वरूप कंपनी के शेयरों में उसके उच्चतम स्तर से 95 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई है। ब्लूमबर्ग के अनुसार, पिछले 10 महीनों में एरिक ट्रंप की हिस्सेदारी के बाजार मूल्य में 600 मिलियन डॉलर (करीब 5700 करोड़ रुपए) से अधिक की कमी आई है। नैस्डैक पर अपनी लिस्टिंग बनाए रखने के लिए कंपनी को 1 के मुकाबले 15 रिवर्स स्टॉक स्प्लिट का सहारा लेना पड़ा है और बुधवार को इसके शेयर की कीमत सर्वकालिक निचले स्तर पर पहुंच गई थी। जहां अन्य अमेरिकी माइनिंग कंपनियों (जैसे रिओट प्लेटफॉर्म, चिफर डिजिटल) ने एआई के लिए अपने इंफ्रास्ट्रक्चर को लीज पर देकर इस साल अपने शेयरों में औसतन 60 प्रतिशत से अधिक की बढ़त दर्ज की, वहीं अमेरिकन बिटकॉइन कॉर्प के शेयर 77 प्रतिशत तक गिर गए।

- कंपनी के शेयरों में 95 फीसदी से अधिक की गिरावट दर्ज

## एक पेड़ मां के नाम अभियान : महज 5 दिनों में ही हासिल किया 30% से अधिक लक्ष्य

**नई दिल्ली।** पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास एवं जनभागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दिल्ली सरकार द्वारा संचालित 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान को दिल्ली जल बोर्ड पूरे उत्साह एवं प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत दिल्ली सरकार द्वारा दिल्ली जल बोर्ड को 20,600 पौधे लगाने का लक्ष्य सौंपा गया था। पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को और अधिक सशक्त बनाते हुए दिल्ली जल बोर्ड ने स्वतः ही इस लक्ष्य को बढ़ाकर 32,400 पौधे लगाने का संकल्प लिया, जो संगठन की हरित एवं सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। 7 जुलाई 2026 से प्रारंभ हुए इस मेगा अभियान को दिल्ली जल बोर्ड के सीईओ श्री सज्जन सिंह यादव, आईएएस के कुशल नेतृत्व एवं सतत मार्गदर्शन में मिशन मोड पर संचालित किया जा रहा है। अभियान के प्रारंभिक चरण में ही दिल्ली जल बोर्ड ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। अभियान के उद्घाटन दिवस (7 जुलाई 2026) पर ही दिल्ली जल बोर्ड ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए प्रथम चरण के लिए निर्धारित 10 प्रतिशत लक्ष्य की तुलना में 27.25 प्रतिशत प्रगति दर्ज की, जो निर्धारित लक्ष्य से लगभग तीन गुना अधिक है और अभियान के प्रति संगठन की प्रतिबद्धता, प्रभावी कार्ययोजना तथा त्वरित एवं समयबद्ध क्रियान्वयन का प्रमाण है। इस अभियान के अंतर्गत दिल्ली जल बोर्ड के सीईओ, श्री सज्जन सिंह यादव, आईएएस द्वारा दिनांक 10.07.2026 को दिल्ली जल बोर्ड के कोरोनेशन पिलर सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट परिसर में पौधारोपण किया गया जिसमें उन्होंने पीपल एवं बेल के पौधे रोपित किए। अब तक दिल्ली जल बोर्ड द्वारा कुल 6,198 पौधों का सफलतापूर्वक रोपण किया जा चुका है, जिनमें 334 वृक्ष एवं 5,864 झाड़ियाँ शामिल हैं। मात्र पाँच दिनों में दिल्ली जल बोर्ड ने वन विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य का 30% हासिल कर लिया है। यह उपलब्धि इस अभियान की निरंतर प्रगति एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति दिल्ली जल बोर्ड की सक्रिय प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**


**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रोहित शर्मा पुत्र विनोद शर्मा निवासी खसरा नं. 652, बदरपुर स्टॉक, शास्त्री मार्केट, जंगपुरा, नई दिल्ली और गांव राघपुर, थाना जुरावपुर, जिला वैशाली, बिहार** ने **FIR No. 03/2019 U/S 307/34 IPC, अन्तर्गत थाना हजरत निजामुद्दीन, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रोहित शर्मा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रोहित शर्मा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये खुद को छिपा रहा है)।
अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 03/2019 U/S 307/34 IPC, अन्तर्गत थाना हजरत निजामुद्दीन, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **रोहित शर्मा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.08.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
श्री हनी
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीशधविशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस)
कोर्ट नंबर 312, दक्षिण-पूर्व जिला
साकेत न्यायालय, नई दिल्ली

DP/9467/SE/2026(Court Matter)

## शब्द पहेली - 6283




**बाएँ से दाएँ**
1.महीन व कीमती कपड़ा-4
3.गिरवी रखी वस्तु-3
5.चहा,पेय पदार्थ-2
6.ऐयार,गुप्तचर-3
7.संध्या,सांझ-2
9.रसद,किराणा सामग्री-3
11.करामात,करतब-5
14.विक्रय स्थल-3
16.कलाकार-4
17.चाहत,लगन-2
18.सद्,अच्छा-2
19.लंबा कोट-4
23.पानी की बूंद-3
24.कमर में पहना जाने वाला आभूषण-5
27.लोभ,लालसा-3
28.दौड़ना(अंग्रेजी-2)
30.रेखा,लाइन-3
31.अकुवा,आकड़ा-2
32.अव्यवस्थित भीड़-3
33.अचानक,सहसा-4

**ऊपर से नीचे**
1.शराब-2
2.सम्राट,शहंशाह-4
3.सांभर जैसा खाद्य-3
4.सरुर, मद-2
5.चापलूस-4
6.प्राण, जीवन तत्व-2
8.चिंतन-3
10.भद्र, कुलीन-3
12.अपराध-3
13.पिता का भाई-2
15.यात्री दल-3
17.प्रेम लगन-3
18.भ्रमर,जलावर्त-3
20.चमड़ी,त्वचा-2
21.अनुकृति-3
22.आर्द्रक-4
23.कटि,मध्यांग-3
25.हठ करना, जिद करना,रोना-4
26.साजन,सनम-3
27.थूक,लेस-2
29.भीगा हुआ-2
31.उम्मीद,आशा-2

### शब्द पहेली- 6282 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | स | ह | का | रि | ता | ■ | अ | चा | न | क |
| हा | र | ■ | य | ■ | ना | वि | क | ■ | त | र |
| थ | ■ | त | र | जु | मा | ■ | ल | ता | ■ | दा |
| मा | कू | ल | ■ | ■ | र | थ | ■ | क | वि | ता |
| र | ■ | घ | ■ | फ | ना | ■ | खा | ■ | र | ■ |
| ना | म | र | ख | ना | ■ | रा | ज | म | ह | ल |
| ■ | थ | ■ | त | ■ | मो | ह | ■ | ह | ■ | प |
| क | ना | त | ■ | रा | ह | ■ | ■ | क | पा | ल |
| र | ■ | ना | प | ■ | त | म | क | ना | ■ | पा |
| ता | ना | ■ | ली | ड | र | ■ | थ | ■ | का | ना |
| र | च | यि | ता | ■ | मा | ख | न | चो | र | ■ |



## फ्रांस ने क्वार्टर फाइनल में मोरक्को को 2-0 से हराया

# एमबाप्पे का मैजिक, फ्रांस ने लगातार तीसरी बार सेमीफाइनल में मारी एंट्री




एजेंसी ▶▶| फॉक्सबोरो

काइलियन एमबाप्पे ने पहले हाफ में पेनल्टी किक चूकने के बाद शानदार वापसी करके एक गोल किया और एक गोल करने में मदद की, जिससे फ्रांस ने विश्व कप फुटबॉल के पहले क्वार्टर फाइनल में मोरक्को को 2-0 से हराकर लगातार तीसरी बार सेमीफाइनल में जगह बनाई। फ्रांस की तरफ से ओस्मान डेम्बेले ने दूसरा गोल किया। अब सेमीफाइनल में उसका मुकाबला मंगलवार को डलास में स्पेन या बेल्जियम में से किसी एक से होगा।

### जीत नहीं जाते, तब तक चैन से नहीं बैठेंगे : एमबाप्पे

एमबाप्पे ने कहा, 'आराम करने का सिर्फ एक ही तरीका है और वो है जीत हासिल करना। जब तक हम जीत नहीं जाते, हम चैन से नहीं बैठेंगे। हम सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं और बहुत खुश हैं, लेकिन अभी लंबा सफर तय करना बाकी है।' एमबाप्पे ने कहा, 'मेरे टखने में चोट लगी थी, लेकिन मैं ठीक हूं।'



### एमबाप्पे का मनोबल अविश्वसनीय : डेम्बेले

डेम्बेले ने कहा, 'एमबाप्पे हमारे कप्तान हैं और उनका मनोबल अविश्वसनीय है। हम उनसे और भी अधिक गोल की उम्मीद कर रहे हैं।'

### एमबाप्पे के विश्व कप में 20 गोल पूरे

एमबाप्पे का 60वें मिनट में किया गया गोल उनके विश्व कप करियर का 20वां गोल था, जिससे वह अर्जेंटीना के कप्तान लियोनेल मेस्सी से सिर्फ एक गोल पीछे रह गए। डेम्बेले ने 66वें मिनट में टूर्नामेंट का अपना पांचवां गोल किया। कतर में 2022 में खेले गए सेमीफाइनल में फ्रांस ने मोरक्को को इसी स्कोर से हराया था। फ्रांस अब लगातार तीन विश्व कप के फाइनल में खेलने वाला तीसरा देश बनने की राह पर है। एमबाप्पे ने इस साल के विश्व कप में अपना आठवां गोल करने के बाद अपनी बाहें फैलाकर चारों ओर चक्कर लगाया।

### 'गोल्डन बूट' की दौड़ मेस्सी की बराबरी पर एमबाप्पे

**फॉक्सबोरो।** काइलियन एमबाप्पे फ्रांस की विश्व कप क्वार्टर फाइनल में मोरक्को पर 2-0 की जीत से 'गोल्डन बूट' की दौड़ में अर्जेंटीना के कप्तान लियोनेल मेस्सी की बराबरी पर पहुंच गए हैं।इन दोनों खिलाड़ियों ने मौजूदा टूर्नामेंट में अभी तक 8- 8 गोल किए हैं। वह टूर्नामेंट में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी को मिलने वाले 'गोल्डन बूट' की दौड़ में सबसे आगे हैं। एमबाप्पे ने हालांकि तीन गोल करने में मदद की है, जबकि मेस्सी ने एक बार ही ऐसा किया है। 'गोल्डन बूट' हासिल करने की दौड़ में इन दोनों को नॉर्वे के स्टार स्ट्राइकर एर्लिंग हालैंड (सात गोल), इंग्लैंड के हेरी केन (छह) और फ्रांस के ओस्मान डेम्बले (पांच) से कड़ी चुनौती मिल रही है।

### मोरक्को के डिफेंडर ने एमबाप्पे को गिराया

मैच का पहला शॉट भी एमबाप्पे ने ही चौथे मिनट में लगाया था, जो गोल के दाहिनी ओर से थोड़ा बाहर चला गया। फिर 25वें मिनट में जब वह बाई ओर से आगे बढ़ रहे थे तो बॉक्स के अंदर मोरक्को के डिफेंडर नौसेर मजराउई ने उन्हें गिरा दिया। इससे फ्रांस को पेनल्टी मिल गई। लेकिन एमबाप्पे का दाहिने कोने की ओर मारा गया शॉट गोलकीपर यासीन बोनू ने सही दिशा का अनुमान लगाकर रोक लिया। मोरक्को को गोल करने का सबसे अच्छा मौका हाफ टाइम की सीटी बजने से ठीक पहले मिला जब अशरफ हकीमी ने बॉक्स के बाहर से एक फ्री किक मारी जो दाहिने पोस्ट के पास से निकल गई। फ्रांस के पास अब ब्राजील और पश्चिम जर्मनी की तरह लगातार तीन विश्व कप फाइनल में पहुंचने का मौका है।



## फ्रेंच ओपनः विम्बलडन फाइनल में सिनर का मुकाबला ज्वेरेव से होगा

एजेंसी ▶▶| लंदन

फ्रेंच ओपन में पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने के महज एक महीने बाद जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव अब विम्बलडन के फाइनल में पहुंच गए हैं। ऑल इंग्लैंड क्लब में शुक्रवार को खेले गए पुरुष एकल सेमीफाइनल में उन्होंने ब्रिटेन के वाइल्ड कार्ड खिलाड़ी आर्थर फेरी के शानदार अभियान का अंत किया। दूसरी वरीयता प्राप्त 29 साल के इस खिलाड़ी ने विश्व रैंकिंग में 114वें स्थान पर काबिज फेरी पर 7-6, 6-2, 6-4 से जीत दर्ज की। इस जीत के बाद ज्वेरेव ने कहा, ''विम्बलडन हमेशा मेरे लिए सबसे कठिन ग्रैंड स्लैम रहा है और अब मैं इसके फाइनल में हूं। रविवार को अभी एक मुकाबला और बाकी है, फिलहाल पूरा ध्यान उसी पर है।'' ज्वेरेव अब पेशेवर युग (1968 के बाद) में ऐसा करने वाले पहले खिलाड़ी बनने की कोशिश में हैं, जो अपना पहला ग्रैंड स्लैम जीतने के तुरंत बाद अगले ही ग्रैंड स्लैम का खिताब भी अपने नाम करे। रविवार को होने वाले फाइनल में उनका मुकाबला मौजूदा चैंपियन यानिक सिनर और सात बार के विम्बलडन विजेता नोवाक जोकोविच के

**सात बार के विजेता नोवाक जोकोविच विंबलडन 2026 से बाहर**





बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। फेरी का घर ऑल इंग्लैंड क्लब से थोडी ही दूरी पर है। घरेलू दर्शकों का पूरा समर्थन फेरी को मिल रहा था, लेकिन ज्वेरेव ने शुरुआत से ही मुकाबले पर नियंत्रण बनाए रखा। पहले सेट के टाईब्रेक में फेरी की शुरुआती डबल फॉल्ट ने जर्मनी के खिलाड़ी को निर्णायक बढ़त दिला दी। लगभग छह फुट छह इंच लंबे ज्वेरेव ने अपनी दमदार सर्विस से भी दबदबा बनाए रखा। उनकी सर्विस की रफ्तार 224 किमी प्रति घंटा तक पहुंची, फेरी की सर्विस करीब 193 किमी प्रति घंटा रही। ज्वेरेव इससे पहले कभी विम्बलडन के चौथे दौर से आगे नहीं बढ़ पाए थे। अब वह 1995 के बाद विम्बलडन फाइनल में पहुंचने वाले जर्मनी के पहले पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं। 1995 में बोरिस बेकर फाइनल में पीट सैम्प्रास से हार गए थे। विम्बलडन का पुरुष एकल खिताब जीतने वाले जर्मनी के पिछले खिलाड़ी माइकल स्टिच थे, जिन्होंने 1991 के फाइनल में बोरिस बेकर को हराया था।

### ओस्टापेंको-अरेवालो ने जीता मिक्स्ड डबल्स का खिताब

**लंदन।** जेलेना ओस्टापेंको और मार्सेलो अरेवालो की जोड़ी ने शानदार वापसी करते हुए विंबलडन का मिक्स्ड डबल्स खिताब अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की स्टॉर्म हंटर और मार्क पोलमैन्स की जोड़ी को 4-6, 7-5, 6-2 से हराया। फाइनल की शुरुआत ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी ने शानदार अंदाज में की। हंटर और पोलमैन्स ने पहला सेट 6-4 से जीत लिया। दूसरे सेट में भी उन्होंने जल्दी सर्विस ब्रेक हासिल कर 3-1 की बढ़त बना ली थी। ऐसा लग रहा था कि मुकाबला सीधे सेटों में खत्म हो जाएगा, लेकिन ओस्टापेंको और अरेवालो ने इसके बाद शानदार वापसी की। दोनों खिलाड़ियों ने बेहतरीन तालमेल दिखाया और अगले आठ में से छह गेम जीतकर दूसरा सेट 7-5 से अपने नाम कर लिया। इसके साथ ही मैच निर्णायक तीसरे सेट में पहुंच गया। तीसरे सेट से पहले सेंटर कोर्ट की छत बंद कर दी गई। इसके बाद ओस्टापेंको और अरेवालो ने अपनी लय बरकरार रखी। उन्होंने चौथे और आठवें गेम में विरोधी टीम की सर्विस तोड़ी और तीसरा सेट 6-2 से जीतकर 1 घंटा 56 मिनट में मैच और खिताब को अपने नाम कर लिया।

## खबर संक्षेप



### अमुंडी एवियन चैंपियनशिप अदिति संयुक्त 35वें स्थान पर

**एवियन-लेस-बैंस।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने अमुंडी एवियन चैंपियनशिप के पहले दौर में एक अंडर 70 का स्कोर बनाया, जिससे वह संयुक्त 35वें स्थान पर चल रही हैं। लेडीज यूरोपियन टूर में पांच बार की विजेता और 2016 में हीरो महिला इंडियन ओपन की चैंपियन अदिति नौवीं बार इस टूर्नामेंट में खेल रही हैं, लेकिन वह केवल एक बार ही शीर्ष 25 में जगह बना पाई। वह शीर्ष पर काबिज जापान की अकी इवाई से सात शॉट पीछे हैं। अदिति ने पहले नौ होल में दो बर्डी लगाई लेकिन इस बीच वह दो बोगी भी कर गई। इसके बाद उन्होंने एक बोगी करने के बाद 14वें और 15वें होल पर लगातार दो बर्डी हासिल की।

### नगारवा जिम्बाब्वे वनडे और टेस्ट टीम के कप्तान



**हरारे।** जिम्बाब्वे क्रिकेट ने अपनी पुरुष और महिला राष्ट्रीय टीमों के कप्तानों की आधिकारिक घोषणा कर दी है। बोर्ड ने बताया कि तेज गेंदबाज रिचर्ड नगारवा पुरुषों की टेस्ट और वनडे टीम के कप्तान बने रहेंगे, जबकि अनुभवी ऑलराउंडर सिकंदर रजा टी20 फॉर्मेट में कप्तानी करते रहेंगे। महिला टीम की कमान अनुभवी ऑलराउंडर जोसेफिन नकोमो को दी गई है। नगारवा ने हाल ही में हरारे स्पोर्ट्स क्लब में बांग्लादेश के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच में कप्तानी की शुरुआत की थी और वनडे टीम का भी नेतृत्व कर रहे हैं। टेस्ट टीम में युवा बल्लेबाज ब्रायन बेनेट को उपकप्तान बनाया गया है। वनडे प्रारुप में सिकंदर रजा उपकप्तान रहेंगे। महिला टीम में लेफ्ट-आर्म तेज गेंदबाज नोमवेलो सिबांडा को उपकप्तान नियुक्त किया गया है।

# साउथम्प्टन में आज साख बचाने उतरेगी इंडिया

### भारत को 'क्लीन स्वीप' से बचने के लिए करना होगा अच्छा प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶| साउथम्प्टन

ब्रिटेन के दौरे में अब तक निराशाजनक प्रदर्शन करने वाली भारतीय टीम को अगर इंग्लैंड के खिलाफ 'क्लीन स्वीप' से बचना है तो उसे शनिवार 11 जुलाई को होने वाले पांचवें टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

दक्षिणी शहर साउथम्प्टन में पांच मैचों की श्रृंखला का आखिरी मैच खेलेगी। इस श्रृंखला का पहला मैच बारिश के कारण रद्द कर दिया गया था। कप्तान बनने के बाद उन्हें अब भी अपनी पहली जीत की तलाश है। भारतीय टीम के 2006 में पहली बार टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के बाद से यह सबसे लंबा अंतराल है जबकि वह कोई मैच नहीं जीत पाई।



### नॉटिंघम में भारत ने की सबसे खराब बल्लेबाजी

ओल्ड ट्रैफर्ड में खेले गए दूसरे मैच को छोड़कर भारतीय टीम ने खेल के हर विभाग में लचर प्रदर्शन किया। दूसरे मैच में भारत अच्छी स्थिति में दिख रहा था लेकिन रवि बिश्नोई के 17वें ओवर ने भारत को जीत से दूर कर दिया। नॉटिंघम में भारत ने अब तक का सबसे खराब बल्लेबाजी प्रदर्शन किया और टीम 76 रन पर आउट हो गई। ब्रिस्टल में खेले गए चौथे मैच में टीम प्रत्येक विभाग में नाकाम रही। अब भारतीय टीम प्रतिष्ठा बचाने के लिए मैदान पर उतरेगी। अय्यर का कट्टर प्रशंसक उनकी कप्तानी के शुरुआती दिनों में 0-4 की शर्मनाक हार से बेहतर 1-3 की हार को ही स्वीकार कर लेगा।

## महिला विंबलडन : ऑल इंग्लैंड क्लब में चेक गणराज्य की बनेंगी चैंपियन

एजेंसी ▶▶| लंदन

लिंडा नोस्कोवा ने बचपन में टेनिस पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया था, जब तक कि उन्होंने 2011 में चेक गणराज्य की अपनी हमवतन पेट्रा क्वितोवा को विंबलडन फाइनल जीतते हुए नहीं देखा।





ऑल इंग्लैंड क्लब के सेंटर कोर्ट पर पहली बार खेलने वाली 21 वर्षीय नोस्कोवा ने कहा, 'शायद यही वह पहला क्षण था जब मुझे अहसास हुआ कि टेनिस जैसा कोई खेल भी होता है।' लेकिन अब वह विंबलडन के महिला एकल फाइनल में हैं, जहां उनका सामना चेक गणराज्य की एक अन्य खिलाड़ी कैरोलिना मुचोवा से होगा। विंबलडन महिला एकल का फाइनल शनिवार को खेला जाएगा। नोस्कोवा ने सेमीफाइनल में मार्टा कोस्त्युक को सीधे सेटों में 6-4, 6-4 से हराया जबकि मुचोवा ने कोको गॉफ को 6-2 1-6 7-6(10) से पराजित किया। इसका मतलब यह है कि 2023 में मार्केटा वोंद्रोसोवा और 2024 में बारबोरा क्रेज्सिकोवा के बाद चार साल में ऑल इंग्लैंड क्लब में तीसरी चेक महिला चैंपियन होगी।

**19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक होगा टूर्नामेंट**

## एशियाई खेल : महिला हॉकी टीम का ऐलान, सलीमा संभालेंगी कप्तानी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अनुभवी मिडफील्डर सलीमा टेटे 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक होने वाले एशियाई खेलों के दौरान भारत की 20 सदस्यीय महिला हॉकी टीम की कमान संभालेंगी।

सलीमा की कप्तानी में ही भारत ने पिछले महीने न्यूजीलैंड में एफआईएच नेशंस कप में अपराजेय रहकर खिताब जीतने के साथ प्रो लीग में वापसी की थी। भारत के मुख्य कोच शोर्ड मारिन ने कहा,' हमारे पास ऐसी टीम में, जिसमें जूनियर, अनुभवी



खिलाड़ियों और सीनियर खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है, जो लगातार एक दूसरे के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रयास करते हैं।'

### सविता, बिछू देवी होंगी गोलकीपर

सविता और बिछू देवी खारीबम टीम में दो गोलकीपर होंगी। वहीं डिफेंस में सुशीला चाजू, इशिका चौधरी और ज्योति के साथ लालथांटलुआंगी और शिल्पी डबास को मौका दिया गया है। मिडफील्ड का जिम्मा सलीमा के साथ निक्की प्रधान, साक्षी राणा, सुनेलिटा टोप्पो, नेहा और दीपिका सोरेंग पर रहेगी। फॉरवर्ड पंक्ति में लालरेम्सियामी, रूतुजा पिसाल, नवनीत कौर, बलजीत कौर और नेशंस कप में सर्वाधिक छह गोल करने वाली दीपिका हैं। मारिन ने कहा,' इस समूह ने साबित कर दिया है कि वे फॉर्म में हैं और फिट भी। हमें यकीन है कि यह टीम एशियाई खेलों की चुनौती के लिए तैयार है।'

## राष्ट्रमंडल खेलों से हटी तैराक मैककेओन

*सिडनी। पांच बार की ओलंपिक तैराकी स्वर्ण पदक विजेता केली मैककेओन बीमार होने के कारण राष्ट्रमंडल खेलों और उसके बाद होने वाली पैन पैसिफिक चैंपियनशिप से हट हो गई हैं। इस बैकस्ट्रोक तैराक ने तोक्यो ओलंपिक में 100 और 200 मीटर दोनों स्पर्धाओं में जीत हासिल की और 2024 में पेरिस खेलों में भी इस उपलब्धि को दोहराया। उन्होंने पिछले साल सिंगापुर में आयोजित विश्व चैंपियनशिप में भी दोनों स्पर्धाओं में जीत दर्ज की थी। मैककेओन ने कहा, 'अस्वस्थ होने के कारण नाम वापस लेने से मैं बेहद दुखी हूं। कुछ दिन पहले मुझे जुकाम हो गया था लेकिन बाद में पता चला कि असल में मुझे 'ग्लैंडुलर फीवर' हो गया था।' उन्होंने कहा, 'ट्रायल्स से पहले मैं बीमार थी और मेरी तबीयत में कोई सुधार नहीं हुआ है।*



## 'क्लीन स्वीप' की तैयारी में इंग्लैंड, खतरे में भारत की बादशाहत

एजेंसी ▶▶| ब्रिस्टल

भारत के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला में 3-0 की अजेय बढ़त हासिल करने के बाद इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक ने स्वीकार किया कि उन्हें इस टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के इतने एकतरफा होने की उम्मीद नहीं थी, ऐसे में उसका लक्ष्य अंतिम मुकाबला जीतकर 'क्लीन स्वीप' करने के साथ मौजूदा विश्व चैंपियन को इस प्रारुप की रैंकिंग के शीर्ष स्थान से हटाना है। इंग्लैंड अगर इसमें भी जीत दर्ज करता है तो वह भारत को पछाड़कर आईसीसी टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल कर लेगा। ब्रूक ने कहा, ' अगर हम दुनिया की नंबर एक टीम बन जाते हैं और इंग्लैंड (फुटबॉल



विश्व कप में) सेमीफाइनल तक पहुंचता है, तो यह हमारे लिए बेहद शानदार उपलब्धि होगी।' उन्होंने कहा, ' हमें बताया गया है कि अगला मैच जीतते ही हम शीर्ष रैंकिंग पर पहुंच जाएंगे और यह निश्चित रूप से हमारा बड़ा लक्ष्य है।' ब्रुक ने कहा, 'भारत बेहद मजबूत टीम है।

### कुल 183 अंक अर्जित किए, महाराष्ट्र की टीम 160 अंकों के साथ दूसरे और राजस्थान की टीम 113 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही

# हरियाणा की बेटियों का दबदबा, ओवर ऑल पहला स्थान हासिल किया

### अंडर-23 नेशनल कुश्ती चैंपियनशिप का आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के खेल परिसर में शुक्रवार से अंडर-23 नेशनल कुश्ती चैंपियनशिप का भव्य शुभारंभ किया गया। इस राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष संजय सिंह और पूर्व अध्यक्ष व पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। चैंपियनशिप के पहले ही दिन नेशनल फ्रीस्टाइल महिला कुश्ती में हरियाणा की महिला पहलवानों ने मैट पर शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम





**रोहतक।** दीप प्रज्वलित करते भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष संजय सिंह, पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह और हरियाणा कुश्ती संघ के अध्यक्ष रमेश बोहर व प्रतियोगिता में दांव पेंच लगाते खिलाड़ी। *फोटो : हरिभूमि*

रैंकिंग में पहला स्थान हासिल कर राज्य का नाम रोशन किया। हरियाणा की टीम ने कुल 183 अंक अर्जित कर प्रतियोगिता में एकतरफा दबदबा कायम किया, जबकि महाराष्ट्र की टीम 160 अंकों के साथ दूसरे और राजस्थान की टीम 113 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही। चैंपियनशिप के पहले दिन के परिणामों की बात करें तो 50 किलो भार वर्ग में मप्र की प्रियंशी प्रजापत ने गोल्ड, राजस्थान की कोमल वर्मा ने सिल्वर और महाराष्ट्र की स्नेहा ने ब्रांज मेडल जीता। 53 किलो वर्ग में हरियाणा की कीर्ति ने गोल्ड, पंजाब की सोनल ने सिल्वर और उप्र की डोली ने ब्रांज मेडल हासिल किया। 55 किलो वर्ग में हरियाणा की ज्योति ने गोल्ड, कर्नाटक की शालिनी सायर सिद्धि ने सिल्वर और उप्र की स्वाति ने ब्रांज पर कब्जा जमाया। 57 किलो वर्ग में हरियाणा की रीना ने गोल्ड, महाराष्ट्र की तान्वी ने सिल्वर और पंजाब की मुस्कान ने ब्रांज मेडल जीता। 59 किलो वर्ग में हरियाणा की सिमरन ने गोल्ड, हिमाचल की प्रेरणा मेहता ने सिल्वर और उप्र की लिजा तोमर ने ब्रांज मेडल जीता। 62 किलो वर्ग में एसएससीबी की अंजलि ने गोल्ड, हरियाणा की जानवी ने सिल्वर व महाराष्ट्र की वैश्णवी ने ब्रांज मेडल जीता। 65 किलो वर्ग में चंडीगढ़ की खुशी रानी ने गोल्ड, हरियाणा की तन्नू ने सिल्वर और पंजाब की विशाखा ने ब्रांज मेडल जीता। 68 किलो वर्ग में राजस्थान की अश्विनी विष्णोई ने गोल्ड, पंजाब की रजनी ने सिल्वर और उप्र की भूमि सिंह ने ब्रांज मेडल झटका। 72 किलो वर्ग में महाराष्ट्र की अमृता ने गोल्ड, हरियाणा की मंजू ने सिल्वर और राजस्थान की माया माली ने ब्रांज मेडल जीता। वहीं 76 किलो वर्ग में महाराष्ट्र की वेदिका ने गोल्ड, हिमाचल की नैन्सी ठाकुर ने सिल्वर और केरल की फिदाफातिमा ने ब्रांज मेडल जीता है। चैंपियनशिप के दूसरे दिन पुरुष फ्रीस्टाइल और तीसरे दिन ग्रीको-रोमन वर्ग के कड़े मुकाबले देखने को मिलेंगे।

### अखिलेश के बयान पर बृजभूषण का पलटवार

कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने अपने पुराने बयान पर स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि पहले जो उन्होंने कहा था, वह केवल व्यंग्य के तौर पर था। सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव द्वारा लगाए गए आरोपों को लेकर कहा कि वह इस पर टिप्पणी नहीं करना चाहते, वह विपक्ष में हैं तो आरोप लगाएंगे ही। उन्होंने कहा कि आरोप सही हैं, इसीलिए तो इस मामले की जांच हो रही है, वरना जांच किस बात की होती। इतना ही नहीं, इस मामले में जांच, एफआईआर और गिरफ्तारी भी हो रही है और अगर आगे किसी भी दोषी को बचाने का प्रयास किया जाएगा, तो उसके बारे में वह खुलकर बोलेंगे।

1996 श्रीनगर हिंसा केस में बड़ा एक्शन

# एनआईए ने शब्बीर शाह समेत 6 हुर्रियत नेताओं के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की

एनआईए की जांच में सामने आया कि हुर्रियत नेताओं ने भारत विरोधी, पाकिस्तान समर्थक और अलगाववादी नारे लगाए। उन्होंने भड़काऊ भाषण देकर सशस्त्र संघर्ष की वकालत की

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर


राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने अलगाववादी संगठन हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के 6 वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। यह मामला 1996 में श्रीनगर में भीड़ द्वारा हिंसा और पुलिस पर फायरिंग से जुड़ा है। एनआईए ने शुक्रवार को जम्मू की एनआईए स्पेशल कोर्ट में यह चार्जशीट दाखिल की। चार्जशीट में जिन 6 कश्मीरी अलगाववादी नेताओं के नाम हैं, उनमें शब्बीर अहमद शाह, सैयद अली शाह गिलानी, अब्दुल गनी लोन, मोहम्मद याकूब वकील उर्फ मोहम्मद याकूब वकील, जाविद अहमद मीर और शकील अहमद बख्शी शामिल हैं। सभी 6 नेताओं पर रणबीर दंड संहिता, 1989 के तहत आपराधिक साजिश, हत्या की कोशिश, दंगा और सरकारी कर्मचारी पर हमले के आरोप लगाए गए हैं। साथ ही गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम, 1967 की धारा 13 भी लगाई गई है।

## सभी पर आपराधिक साजिश और पुलिस पर हमले के आरोप


शब्बीर अहमद शाह


जाविद अहमद मीर

## एनआईए ने अप्रैल 2026 में जांच अपने हाथ में ली थी


शकील अहमद बख्शी

### 3 नेताओं की मौत

*अधिकारियों के मुताबिक, सैयद अली शाह गिलानी, अब्दुल गनी लोन और मोहम्मद याकूब वकील का निधन हो चुका है। इसलिए उनके खिलाफ आरोप खत्म माने जाएंगे। लेकिन चार्जशीट में एनआईए ने सबूतों के साथ बताया है कि ये तीनों भी आपराधिक साजिश और गैरकानूनी भीड़ का हिस्सा थे।*

### हिंसा फैलाने पहले से रची थी साजिश

एनआईए की जांच में सामने आया कि हुर्रियत नेताओं ने भारत विरोधी, पाकिस्तान समर्थक और अलगाववादी नारे लगाए। उन्होंने भड़काऊ भाषण देकर सशस्त्र संघर्ष की वकालत की। एनआईए ने कहा कि बारीक जांच से साफ हुआ कि यह हिंसा पहले से रची गई बड़ी साजिश का हिस्सा थी। हुर्रियत नेतृत्व ने अंतिम यात्रा को अलगाववादी सोच फैलाने, भारत सरकार के खिलाफ जनता को भड़काने, अशांति फैलाने और पुलिस पर हमला करवाने के लिए मंच बनाया था।

### यह है 1996 का पूरा मामला

एनआईए के अनुसार, 17 जुलाई 1996 को श्रीनगर के नाज़ क्रॉसिंग पर मारे गए आतंकी हिलाल अहमद बेग की अंतिम यात्रा निकाली गई थी। आरोप है कि इस जुलूस की अगुवाई हुर्रियत नेताओं ने की थी। जुलूस में हथियारबंद आतंकी भीड़ में घुल-मिल गए थे। उन्होंने पुलिस पर अंधाधुंध फायरिंग की। भारी पत्थरबाजी में कई पुलिसकर्मी घायल हुए और सरकारी गाड़ियों को नुकसान पहुंचा। हिंसा के दिन ही श्रीनगर के शेरगढ़ी थाने में एफआईआर दर्ज हुई थी। गृह मंत्रालय के आदेश पर एनआईए ने अप्रैल 2026 में मामले की जांच अपने हाथ में ली थी और आगे की जांच जारी है।

## खबर संक्षेप

### नीरव शाह अमेरिकी सीनेट चुनाव लड़ेंगे

**वॉशिंगटन।** भारतीय मूल के महामारी विशेषज्ञ नीरव डी. शाह ने अमेरिकी सीनेट का चुनाव लड़ने का ऐलान किया। डेमोक्रेटिक उम्मीदवार ग्राहम प्लैटनर ने यौन उत्पीड़न के आरोपों के बीच अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली जिसके बाद नीरव ने यह घोषणा की। विस्कॉन्सिन में भारतीय प्रवासी माता-पिता के घर जन्मे नीरव शाह कोविड-19 महामारी के दौरान मेन के रोग नियंत्रण केंद्र के निदेशक रहे थे। इसके अलावा, वह मेन के गवर्नर पद के लिए हुए डेमोक्रेटिक प्राइमरी चुनाव के अंतिम चरण में दूसरे स्थान पर रहे थे।



### स्पेन के जंगल में लगी आग, 11 लोगों की मौत

**मैड्रिड।** स्पेन के अधिकांश हिस्सों में तापमान बढ़ने के बीच जंगल में आग लगने से 11 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। जंगल में लगी आग के कई पीड़ितों के शव जले हुए वाहनों के अंदर मिले। आग पर काबू पाने के अभियान में 150 दमकलकर्मी और स्पेन की सैन्य आपातकालीन इकाई के 220 जवान जुटे हुए हैं। यह आग सिएरा दे लॉस फिलाब्रेस पहाड़ियों के पास एक छोटे से गांव में लगी। आग लगने के कारण की पुष्टि नहीं की लेकिन स्थानीय लोगों ने बताया कि आग बिजली के जमीन पर गिरे तार से भड़की थी।



### रूस में दो रोबोट ने किया प्रतीकात्मक विवाह

**मॉस्को।** रूस की राजधानी मॉस्को में दो ह्यूमनॉइड रोबोट ने आपस में प्रतीकात्मक विवाह कर लिया। दो एआई ह्यूमनॉइड रोबोट ( रॉबर्ट और मटिल्डा) को आधिकारिक रूप से जीवनसाथी घोषित किया गया। एक रोबोडॉग ने वेडिंग रिंग पहुंचाई। ह्यूमनॉइड रोबोट रॉबर्ट को ऑफिस कर्मचारी और ब्लॉगिंग के लिए डिजाइन किया गया है। जबकि मटिल्डा को एक बैलेरिना के रूप में बनाया गया है। दोनों ह्यूमन रोबोट्स एआई की मदद से बातें कर सकते हैं। मॉस्को की पुश्किन लाइब्रेरी में यह विवाह आयोजित किया गया।



न्यायमूर्ति वी. रामासुब्रमणियन ने श्रमिकों की सहायता हेतु एक हेल्पलाइन की जरूरत पर बल दिया

# एनएचआरसी ने हरियाणा के ईंट भट्ठों में कथित बंधुआ मजदूरी के 86 मामलों की सुनवाई की

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने हरियाणा के विभिन्न जिलों में ईंट भट्ठों में कथित बंधुआ मजदूरी के 86 मामलों की ऑनलाइन सुनवाई की। एनएचआरसी अध्यक्ष न्यायमूर्ति वी. रामासुब्रमणियन ने संयुक्त सचिव समीर कुमार, संयुक्त रजिस्ट्रार (कानून) इंद्रजीत कुमार और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में सुनवाई की अध्यक्षता की। सुनवाई में हरियाणा सरकार के वरिष्ठ पदाधिकारी भी उपस्थित थे, जिनमें मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, श्रम आयुक्त विजयकुमार भाविकट्टी और सभी जिलों के जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) शामिल थे।

न्यायमूर्ति रामासुब्रमणियन ने कहा कि अधिकतर मामलों में संबंधित सरकारी अधिकारियों ने अभिलेखों की ठीक से जांच नहीं की थी। इसलिए, उनके पास श्रमिकों को बंधुआ मजदूर घोषित करने के लिए विश्वसनीय साक्ष्य नहीं थे। उन्होंने अधिकारियों से बंधुआ मजदूरी के मामलों से निपटते समय सतर्क रहने की बात कही।

उन्होंने यह भी कहा कि शिकायत की जांच के लिए टीम का गठन करते समय श्रम और रोजगार मंत्रालय द्वारा दिनांक 14 मई 2026 को जारी बंधुआ मजदूरों की पहचान और बचाव तथा अपराधियों पर मुकदमा चलाने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया में निर्धारित आवश्यकताओं का पालन किया जाए। उन्होंने बंधुआ मजदूरी की घटनाओं पर नज़र रखने में मदद के लिए एक हेल्पलाइन शुरू करने की जरूरत पर भी बल दिया ताकि श्रमिक जरूरत पड़ने पर सहायता प्राप्त कर सकें।

एनएचआरसी के संयुक्त सचिव समीर कुमार ने एनएचआरसी के निर्देशों का पालन करने और 'बंधुआ मजदूरों की पहचान, रिहाई और पुनर्वास हेतु जारी सलाह 2.0' के अनुसार कार्रवाई करने की आवश्यकता पर बल दिया। सुनवाई के दौरान हरियाणा के मुख्य सचिव, श्रम आयुक्त और जिला प्रशासकों ने बंधुआ मजदूरी के मामले प्रस्तुत किए। आयोग ने अपने समक्ष विचाराधीन शिकायतों पर जिला प्रशासकों की जमा की गई कार्रवाई रिपोर्टों (एटीआर) की समीक्षा की।

मुख्य सचिव और श्रम आयुक्त ने मानवाधिकार आयोग को आश्वासन दिया कि सभी 86 मामलों की समीक्षा की जाएगी और उसके बाद आवश्यक जानकारी और रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी। उन्होंने एनएचआरसी को यह भी आश्वासन दिया कि बंधुआ मजदूरी से संबंधित मामलों में तत्काल उपचारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों और लागू कानूनों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।

कहा, युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ बंद करे हरियाणा सरकार

## एचटेट परीक्षा की अव्यवस्था ने हरियाणा की भर्ती प्रणाली पर खड़े किए गंभीर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सिरसा से सांसद कुमारी सैलजा ने हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा (एचटेट) में व्यापक आपत्तियों और परीक्षा संचालन में गंभीर खामियों का आरोप लगाते हुए कहा है कि यह केवल एक परीक्षा की त्रुटि नहीं, बल्कि प्रदेश की भर्ती व्यवस्था पर जनता के भरोसे को कमजोर करने वाला मामला है। कुमारी सैलजा ने शुक्रवार को मीडिया रिपोर्टों का हवाला देते हुए कहा कि एचटेट के तीनों स्तरों की परीक्षा में लगभग 17 हजार आपत्तियां दर्ज हुई हैं। अनेक अभ्यर्थियों ने प्रश्नों के गलत विकल्प, प्रश्न संख्या में त्रुटियां तथा अन्य तकनीकी कमियों की शिकायत की है। यदि इतनी बड़ी संख्या में आपत्तियां सामने आती हैं तो यह परीक्षा प्रणाली की गुणवत्ता और पारदर्शिता पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश का युवा वर्षों तक तैयारी करता है, आर्थिक बोझ उठाता है और मानसिक तनाव झेलता है। ऐसे में परीक्षा आयोजित करने वाली एजेंसियों और सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि प्रश्नपत्र, मूल्यांकन और पूरी प्रक्रिया त्रुटिरहित हो। यदि गलतियां प्रशासन की हैं तो उनकी सजा युवाओं को नहीं मिलनी चाहिए।
कुमारी सैलजा ने कहा कि कांग्रेस की स्पष्ट नीति है कि योग्य अभ्यर्थियों के साथ किसी प्रकार का अन्याय नहीं होना चाहिए। सरकार को स्वतंत्र विषय विशेषज्ञों से निष्पक्ष जांच करानी चाहिए और जिन प्रश्नों में त्रुटियां सिद्ध हों, वहां ऐसा निर्णय लिया जाए जिससे किसी भी अभ्यर्थी का नुकसान न हो। साथ ही भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए परीक्षा प्रणाली में व्यापक सुधार किए जाएं तथा जवाबदेही भी तय की जाए।

### *पहली बारिश में डूब गई मिलेनियम सिटी, स्मार्ट सिटी का दावा फिर हुआ बेनकाब : सैलजा*

*कुमारी सैलजा ने कहा कि हर साल मानसून आता है और हर साल गुरुग्राम जलभराव, ट्रैफिक जाम और बदइंतजामी की तस्वीरों से सुर्खियों में आ जाता है। इस बार भी मात्र एक घंटे की बारिश ने तथाकथित स्मार्ट सिटी मॉडल की पूरी हकीकत जनता के सामने ला दी। सांसद ने कहा कि दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर जलभराव और सड़क धंसने जैसी घटनाएं, कई किलोमीटर लंबे जाम, हजारों लोगों का घंटों फंसे रहना तथा बच्चों को स्कूल से गोद में उठाकर घर ले जाने की नौबत यह साबित करती है कि करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद शहरी आधारभूत ढांचा बेहद कमजोर है।*

देश की मिट्टी में मरने की चाहत

## दिसंबर में बांग्लादेश लौटेंगी पूर्व पीएम शेख हसीना, कोर्ट में करेंगी 'सरेंडर'


पूर्व पीएम शेख हसीना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना ने कहा है कि वह दिसंबर में भारत से बांग्लादेश देश लौटेंगी और कोर्ट में सरेंडर करेंगी। उन्होंने कहा कि उनके साथ अवामी लीग के कई सीनियर नेता भी बांग्लादेश लौटकर आत्मसमर्पण करेंगे। उन्होंने कहा कि अवामी लीग के नेताओं और कार्यकर्ताओं पर लगातार कार्रवाई हो रही है।

लगभग सभी बड़े नेताओं और कार्यकर्ताओं पर मुकदमे दर्ज किए गए हैं और कई लोग छिपकर रहने को मजबूर हैं। बता दें, हसीना 2024 में सरकार विरोधी आंदोलन के बाद बांग्लादेश छोड़कर भारत आ गई थीं। इसके बाद उन्हें छात्र आंदोलन पर कार्रवाई से जुड़े मामले में मौत की सजा सुनाई गई। वह इन आरोपों से इनकार करती रही हैं।

### सरकार से वापसी पर कोई बातचीत नहीं

*शेख हसीना ने कहा कि उन्होंने बांग्लादेश लौटने को लेकर सरकार से कोई बातचीत नहीं की है। उनका कहना है कि लोकतंत्र, चुनाव, अवामी लीग के राजनीतिक अधिकार और न्याय जैसे मुद्दों पर पर्दे के पीछे बातचीत नहीं हो सकती। उन्होंने दावा किया कि बांग्लादेश सरकार उन्हें वापस भेजने के लिए भारत को लगातार पत्र लिख रही है। मुझे वापस लाने की जरूरत नहीं पड़ेगी, मैं खुद ही लौटूंगी। हालांकि, हसीना के इस दावे पर बांग्लादेश सरकार की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। वहीं भारत ने भी फिलहाल कोई टिप्पणी नहीं की। इससे पहले अप्रैल में भारत ने कहा था कि वह बांग्लादेश के प्रत्यर्पण अनुरोध पर विचार कर रहा है और नई सरकार के साथ संबंध मजबूत करने की दिशा में काम कर रहा है।*

### गलती की है तो फैसला जनता करे

शेख हसीना ने कहा कि उन्हें जेल जाने का डर नहीं है, क्योंकि वह पहले भी कई बार गिरफ्तार हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि सत्ता में लंबे समय तक रहने वाली किसी भी सरकार से गलतियां हो सकती हैं, लेकिन उसका फैसला अदालत नहीं, जनता को करना चाहिए। अगर हमारी सरकार से गलतियां हुई हैं, तो जनता फैसला करेगी। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में 2024 के छात्र आंदोलन पर कार्रवाई में करीब 1,400 लोगों की मौत होने की बात कही गई है। इसी मामले में शेख हसीना को अनुपस्थिति में मौत की सजा सुनाई गई थी। हसीना ने कहा कि उन्हें भरोसा है कि अदालत की सुनवाई शुरू होने पर सच्चाई सामने आ जाएगी।

यूएन में संघर्ष संबंधी यौन हिंसा की निंदा

## भारत बोला- यह एक जघन्य कृत्य राजनीतिक दमन का बड़ा हथियार

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

भारत ने संघर्ष-संबंधी यौन हिंसा (सीआरएसवी) की कड़ी निंदा करते हुए इसे युद्ध, आतंकवाद, यातना और राजनीतिक दमन का एक हथियार बताया है, जिसका प्रयोग समुदायों को अधीन करने, असहमति को दबाने और मानवीय पीड़ा पहुंचाने के लिए किया जाता है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में संघर्ष-संबंधी यौन हिंसा पर खुली बहस में बोलते हुए, संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि, राजदूत पी. हरीश ने कहा कि इस तरह की हिंसा दण्ड मुक्ति की प्रचलित संस्कृति के बीच




जारी है। उन्होंने कहा कि भारत ऐसे जघन्य कृत्यों की कड़ी निंदा करता है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव की रिपोर्ट का संदर्भ देते हुए उन्होंने कहा कि 2025 में सत्यापित मामलों में हुई तीव्र वृद्धि सामूहिक कार्रवाई की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित करती है। संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षा में भारत के महत्वपूर्ण योगदानों पर प्रकाश डाला।

राष्ट्रपति महमूद अब्बास का बड़ा फैसला

## 20 साल बाद फिलिस्तीन में 26 नवंबर को होंगे चुनाव, अध्यादेश जारी

एजेंसी ▶▶ यरूशलम

फिलिस्तीनी के राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने घोषणा की है कि चुनाव इस साल के नवंबर के अंत में आयोजित किए जाएंगे, जो 2006 के बाद पहली बार होंगे। राष्ट्रपति अब्बास ने एक अध्यादेश जारी कर शनिवार, 28 नवंबर, 2026 को यरुशलम, वेस्ट बैंक और गाजा पट्टी सहित सभी फिलिस्तीनी क्षेत्रों में चुनाव कराने की तारीख निर्धारित की है। मीडिया को दी जानकारी के अनुसार राष्ट्रपति ने एक फरमान के माध्यम से फिलिस्तीनी लोगों से तय तिथि पर फिलिस्तीनी विधान परिषद



के सदस्यों का चुनाव करने के लिए स्वतंत्र और प्रत्यक्ष चुनावों में भाग लेने का आह्वान किया है। प्रस्तावित चुनाव आगे बढ़ने से पहले कई बाधाओं को दूर करना होगा। एक प्रमुख चिंता कब्जे वाले पूर्वी यरुशलम में फिलिस्तीनियों की भागीदारी है, इजराइल ने अभी तक इस घोषणा पर सार्वजनिक रूप से कोई टिप्पणी नहीं की है।

नेतन्याहू की ईरान को चेतावनी, युद्ध अभी खत्म नहीं हुआ

## समझौता हो या न हो, तेहरान के पास नहीं होंगे परमाणु हथियार

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव/वॉशिंगटन

अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम के टूटने के बाद पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ गया है। इस बीच इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान को धमकी देते हुए कहा है कि युद्ध अभी खत्म नहीं हुआ है और इजराइल हर स्थिति से निपटने की तैयारी कर रहा है। नेतन्याहू ने कहा कि देश की हवाई श्रेष्ठता बनाए रखना उसकी राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति का आधार है। उन्होंने कहा कि हमारी नीति साफ है कि ईरान के पास परमाणु हथियार नहीं होंगे, चाहे कोई समझौता हो या न हो। अगर हमने कार्रवाई नहीं की होती तो ईरान परमाणु हथियार हासिल कर चुका होता। युद्ध अभी खत्म नहीं हुआ है और हमारे सामने नई चुनौतियां उभर रही हैं।



### ईरानी विदेश मंत्री ने भी की बातचीत

*ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने के विदेश मंत्री सैय्यद बद्र बिन हमद अल बुसैदी और तुर्किए के विदेश मंत्री हकन फिदान के साथ फोन पर बातचीत की।*

### राष्ट्रपति ट्रंप से फोन पर की बात

*पीएम नेतन्याहू ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से फोन पर बातचीत की। दोनों नेताओं ने अपने देशों के बीच विभिन्न मोर्चों पर समन्वय और तालमेल बनाए रखने पर सहमति जताई। ट्रंप ने नेतन्याहू को खाड़ी क्षेत्र में अमेरिका की हालिया गतिविधियों और कार्रवाइयों की विस्तृत जानकारी दी। पीएम नेतन्याहू ने तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन और उनके सहयोगियों की इजराइल-विरोधी टिप्पणियों की गंभीरता का मुद्दा उठाया।*

8 माह तक चिकित्सा से जुड़े कई वैज्ञानिक प्रयोग करेंगे

## भारतीय मूल के नासा अंतरिक्ष यात्री अनिल मेनन 14 जुलाई को स्पेस के लिए होंगे रवाना

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के भारतीय मूल के अंतरिक्ष यात्री अनिल मेनन 14 जुलाई को कजाखस्तान स्थित बैकानूर कॉस्मोड्रोम (अंतरिक्ष प्रक्षेपण स्थल) से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए आठ महीने के मिशन पर रवाना होंगे। मिनिया पोलिस में यूक्रेनी और भारतीय प्रवासी माता-पिता के घर जन्मे मेनन आपातकालीन चिकित्सा के चिकित्सक और अमेरिकी अंतरिक्ष बल में कर्नल हैं।


अनिल मेनन

### सेमीकंडक्टर के शोध को आगे बढ़ाएंगे

*मेनन कई वैज्ञानिक प्रयोग करेंगे। इनमें लंबे समय तक अंतरिक्ष में रहने का मानव शरीर पर पड़ने वाले शारीरिक प्रभावों का अध्ययन तथा यह जांच शामिल होगी कि सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण अंतरिक्ष यात्रियों के रक्त प्रवाह, नसों की संरचना और रक्त की संरचना को किस प्रकार प्रभावित करता है। अंतरिक्ष स्टेशन की पेयजल प्रणाली का उपयोग करके अंतःशिरा द्रव तैयार करने की तकनीक का भी परीक्षण करेंगे। सेमीकंडक्टर क्रिस्टल के उत्पादन को बेहतर बनाने से जुड़े शोध को भी आगे बढ़ाएंगे, ताकि उच्च प्रदर्शन वाले कंप्यूटरों, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और उन्नत चिकित्सा उपकरणों के लिए आवश्यक पुर्जों का बड़े पैमाने पर निर्माण संभव हो सके।*

### पत्नी भी अंतरिक्ष यात्री

*अमेरिकी वायुसेना में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने 'ऑपरेशन एंड्यूरिंग फ्रीडम' के तहत अफगानिस्तान में अग्रिम मोर्चे पर सेवा दी। 'हिमालयन रेस्क्यू एसोसिएशन' के साथ भी काम किया, जहां वह माउंट एवरेस्ट पर पर्वतारोहियों का इलाज करते थे। 49 वर्षीय मेनन वह रूस की अंतरिक्ष एजेंसी रोस्कोस्मोस के सोयुज एमएस-29 अंतरिक्ष यान से अंतरिक्ष की यात्रा करेंगे।*

चीन के सबसे बड़े बांध पर भूवैज्ञानिकों की चेतावनी

## ब्रह्मपुत्र पर बांध से आ सकती है तबाही, भूस्खलन और भूकंप का खतरा

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

चीन तिब्बत में यारलुंग त्सांगपो नदी पर दुनिया की सबसे बड़ी जलविद्युत परियोजना बनाने में जुटा है। वहीं, चीनी भूवैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि यह विशाल बांध एक सक्रिय फॉल्ट लाइन के ऊपर स्थित है और इससे भूस्खलन और भूकंप का खतरा उत्पन्न हो सकता है। चीन की सरकारी पत्रिका 'सेडिमेंट्री जियोलॉजी एंड टेथियन जियोलॉजी' में प्रकाशित शोध पत्र के अनुसार, पैझेन फॉल्ट सीधे उस क्षेत्र से होकर गुजरता है जहां जलविद्युत परियोजना का निर्माण किया जा रहा है। चेंगदू प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय और चीन भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के शोधकर्ताओं ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यह फॉल्ट लाइन बांध, सड़कों और पुलों जैसी बुनियादी संरचनाओं की स्थिरता के लिए बड़ा खतरा है।

यह विशाल बांध एक सक्रिय फॉल्ट लाइन के ऊपर स्थित


तिब्बत में यारलुंग त्सांगपो नदी पर चीन बना रहा बांध

### चट्टानें कमजोर होने से लैंडस्लाइड का बड़ा खतरा

रिसर्च के अनुसार, इस क्षेत्र की चट्टानें अत्यधिक कमजोर हैं और यहां की ढीली मिट्टी के कारण बड़े पैमाने पर लैंडस्लाइड की आशंका बनी रहती है। यह बांध थ्री गोरजेस बांध की तुलना में तीन गुना अधिक बिजली उत्पादन के लिए डिजाइन किया गया है, लेकिन इसकी नींव की भार वहन क्षमता फॉल्ट गतिविधि के कारण असुरक्षित है। इससे कभी भी तबाही मच सकती है। यह फॉल्ट लाइन बांध हिमालय की उन सक्रिय टेक्टोनिक प्लेटों के बीच स्थित है जहां भारतीय और यूरेशियन प्लेटों का टकराव होता रहता है, जिससे भूकंप का खतरा हमेशा बना रहता है।

### भारत पर होगा असर

*बता दें, यारलुंग त्सांगपो नदी भारत में प्रवेश करने के बाद सियांग और आगे चलकर ब्रह्मपुत्र नदी के नाम से जानी जाती है। विशेषज्ञों का मानना है कि चीन के इतने बड़े बांध से नदी के प्राकृतिक जल प्रवाह में बदलाव आ सकता है, जिससे अरुणाचल प्रदेश और असम में कृषि, पर्यावरण और जैव विविधता प्रभावित हो सकती है। अचानक पानी छोड़े जाने की स्थिति में विनाशकारी बाढ़ का खतरा भी बढ़ सकता है।*

### राजनीतिक तनाव

*चीन की विशाल बांध परियोजना पहले ही भू-राजनीतिक तनाव का केंद्र बन चुकी है। भारत ने ब्रह्मपुत्र नदी पर चीन की गतिविधियों को लेकर बार-बार चिंता व्यक्त की है, जल सुरक्षा, पारिस्थितिकी निचले इलाकों में रहने वाले समुदायों के लिए संभावित खतरों का हवाला दिया गया है।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109